डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹79200 10 ग्राम
₹99000 01 किलो
सेंसेक्स 77,860.19 -197.97
डॉलर 87.560 -0.023

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 08 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-115, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 दूसरे वनडे मैच में कोहली की होगी..

## एक नजर

### दिल्ली विस चुनाव की मतगणना आज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनावों की मतगणना शनिवार को सुबह आठ बजे कड़ी सुरक्षा के बीच 19 केंद्रों पर शुरू होगी। सुचारू और निष्पक्ष मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके साथ ही दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर लड़ने वाले 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला हो जाएगा। उधर, आम आदमी पार्टी की ओर से लगाए गए आरोपों को दिल्ली की मुख्य चुनाव अधिकारी ने खारिज कर दिया है। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने कहा कि मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों, माइक्रो ऑब्जर्वर, सांख्यिकी कर्मचारियों और अन्य सहायक कर्मियों सहित लगभग 5,000 कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया के लिए तैनात और प्रशिक्षित किया गया है।

### गिरिडीह में 5 साइबर ठग किए गए गिरफ्तार

**गिरिडीह।** पुलिस ने साइबर ठगी करते पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि पोर्टल पर प्राप्त सूचना के आधार पर जिले के गांडेय थाना क्षेत्र के केवी सहाय हॉल्ट के फुलजोरी और जमुआ थाना क्षेत्र के छोटकी खरगडीहा के देवाटाड़ के पास सभी पांचों अपराधी साइबर ठगी कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम) आविद खां के नेतृत्व में छापेमारी कर मौके से पांचों को गिरफ्तार किया। एसपी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए ठग गुलाम रसूल, उपेंद्र कुमार, अजय मंडल, अमित राणा और मनीष शर्मा गिरिडीह जिले के गांडेय एवं नवडीहा के रहने वाले हैं।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज | कल




---

दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री और कोयला मंत्री से मिले राधाकृष्ण किशोर

## झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ की मांग की

» राज्य के वित्त मंत्री ने स्मार पत्र दे बकाया राशि के भुगतान का किया आग्रह



**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**
**रांची/नई दिल्ली।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कोयला मंत्री किशन रेड्डी से मुलाकात की। उन्होंने झारखंड के कोयला खनन क्षेत्र में 1.36 लाख करोड़ बकाए राशि के लिए केंद्र से की गई मांग को लेकर एक लिखित स्मार पत्र उन्हें दिया और बकाया राशि का भुगतान करने का आग्रह किया। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने उन्हें बताया कि झारखंड की आय के अपने आंतरिक स्रोतों में वृद्धि कर सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए प्रयासरत हैं। शेष पेज 11 पर

---

समाज सेवा के लिए 10,000 करोड़ रुपए किए दान

## अपने बेटे की शादी पर गौतम अदाणी ने लिया सेवा का संकल्प

● जीत अदाणी की शादी हीरा कारोबारी जैमिन शाह की बेटी दिवा से हुई संपन्न

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**
**रांची।** महाकुंभ मेले की यात्रा के दौरान गौतम अदाणी ने कहा था कि उनके बेटे की शादी 'सादगी और पारंपरिक तरीके' से होगी। गौतम अदाणी ने न केवल शादी को साधारण रखा, बल्कि समाज सेवा के लिए 10,000 करोड़ रुपए भी दान किए। बेटे की शादी के अवसर पर यह अनोखा उपहार उन्होंने समाज के कल्याण के लिए दिया है।
गौतम अदाणी का यह दान उनके परमार्थ के विचार 'सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है' पर आधारित है। उनके दान का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर



खर्च किया जाएगा। इस पहल से समाज के सभी वर्गों को किफायती विश्व स्तरीय अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, शीर्ष स्तरीय के-12 स्कूलों और सुनिश्चित रोजगार क्षमता के साथ ग्लोबल स्किल एकेडमी के नेटवर्क तक पहुंच प्रदान होगी।
अपने छोटे बेटे जीत अदाणी की शादी के अवसर पर गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) के संदेश में अपनी बहू को 'बेटी दिवा' कहकर संबोधित किया। उन्होंने लिखा, परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद से जीत और दिवा आज विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए। यह विवाह आज अहमदाबाद में प्रियजनों के बीच पारंपरिक रीति रिवाजों और शुभ मंगल भाव के साथ संपन्न हुआ। यह एक छोटा और अत्यंत निजी समारोह था, इसलिए हम चाह कर भी सभी शुभचिंतकों को आमंत्रित नहीं कर सके, जिसके लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूं। मैं आप सभी से बेटी दिवा और जीत के लिए स्नेह और आशीष का हृदय से आकांक्षी हूं। शादी शुक्रवार की शेष पेज 11 पर

---

आरबीआई ने की रेपो रेट में 0.25 फीसदी कटौती की घोषणा

## लोन होगा सस्ता, ईएमआई में आएगी कमी

» तेज होगी विकास की रफ्तार

» आयकर सीमा 12 लाख करने के बाद मध्यम वर्ग को मिला और लाभ

» रेपो रेट 6.5 फीसदी से घटकर 6.25 फीसदी हो गया

» रिजर्व बैंक ने पांच साल के बाद की है रेपो रेट में कटौती



### मौद्रिक नीति की खास बातें

- रेपो रेट 0.25 फीसदी घटाकर 6.50 से 6.25 फीसदी की गई।
- 'तटस्थ' मौद्रिक नीति रुख जारी रहेगा।
- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान।
- वित्त वर्ष 2025-26 में मुद्रास्फीति (महंगाई दर) घटकर 4.2 फीसदी पर आने का अनुमान। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी 4.8 फीसदी रहने की संभावना।
- खाद्य मुद्रास्फीति के दबाव में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद।
- मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि की उम्मीद, लेकिन यह मध्यम रहेगी।
- बैंकों का विशेष इंटरनेट डोमेन 'बैंक डॉट इन' होगा।
- बैंकिंग इकाइयों के लिए इंटरनेट डोमेन 'फिन डॉट इन' होगा।
- आरबीआई ने वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि को चुनौतीपूर्ण बताया।
- भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत व जुझारू बनी हुई है।
- चालू खाते के घाटे के टिकाऊ स्तर के भीतर बने रहने की उम्मीद।

### डिजीटल भुगतान होगा सुरक्षित, 'बैंक डॉट इन' व 'फिन डॉट इन' बनेगा

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बैंकों और गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन - 'बैंक डॉट इन' और 'फिन डॉट इन' - शुरू किए जाने की घोषणा की है। आरबीआई के गवर्नर ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी के बढ़ते मामले गंभीर चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए आरबीआई इस साल अप्रैल से बैंकों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन 'बैंक डॉट इन' शेष पेज 11 पर

### वर्ष 2025-26 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था


**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। साथ ही, 31 मार्च को समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.4 फीसदी अनुमानित है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को बताया कि रबी फसल की अच्छी संभावनाओं तथा औद्योगिक गतिविधियों में अपेक्षित सुधार से अगामी वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा। उन्होंने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में कर राहत से घरेलू खपत मजबूत शेष पेज 11 पर

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के बाद रेपो रेट 6.5 फीसदी से घटकर 6.25 फीसदी हो गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। रेपो रेट में इस कटौती से होम लोन, ऑटो लोन, पर्सनल लोन आदि पर ब्याज दर कम होगा। साथ ही, ईएमआई भी घटेगी। लोन पर ब्याज दर कम होने से देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और देश के शेष पेज 11 पर

---

## नहीं रहे श्रीराम मंदिर की पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल





» प्रधानमंत्री ने जताया शोक, अनन्य रामभक्त बताया

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखने वाले राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर चौपाल का गुरुवार की रात यहां निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। वनवासी कल्याण केंद्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे राष्ट्रवादी संगठनों के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले चौपाल ने यहां सर गंगाराम अस्पताल में आखिरी सांस ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कामेश्वर चौपाल को एक समर्पित रामभक्त बताया, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने कामेश्वर चौपाल के साथ अपनी मुलाकात की एक पुरानी तस्वीर ह्यएक्सह्ण पर साझा करते हुए लिखा, भाजपा के वरिष्ठ नेता और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपालजी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे एक अनन्य रामभक्त थे, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में बहुमूल्य योगदान दिया। दलित पृष्ठभूमि से आने वाले कामेश्वरजी समाज के वंचित समुदायों के कल्याण के कार्यों के लिए भी हमेशा याद किए जाएंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और समर्थकों के साथ हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल के निधन पर शोक जताते कहा कि आज हमने एक शेष पेज 11 पर

### कामेश्वर चौपाल का जन्म बिहार के सुपौल में हुआ था

कामेश्वर चौपाल का जन्म 24 अप्रैल, 1956 को बिहार के तत्कालीन सहरसा जिले (वर्तमान में सुपौल जिला) के कमरैल गांव में हुआ था। उन्होंने अपना जीवन सामाजिक और धार्मिक कार्यों में लगाया। चौपाल ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत वर्ष 1991 में भारतीय जनता पार्टी से की। वर्ष 1991 में वह रोसड़ा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े। वर्ष 1995 और 2000 में बखरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। हालांकि, उन्हें चुनावी सफलता नहीं मिली और 7 मई, 2002 को कामेश्वर चौपाल ने बिहार विधान परिषद की सदस्यता ग्रहण की। वे वर्ष 2014 तक बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे। कामेश्वर चौपाल ने 9 नवंबर 1989 को अयोध्या में राम मंदिर की नींव के लिए पहली ईंट रखकर इतिहास रच दिया था। दलित प्रतिनिधि के रूप में उनका चयन एक बड़ा कदम था, जिसने मंदिर आंदोलन की समावेशी प्रकृति पर जोर दिया। उनके योगदान ने उन्हें हिंदुत्व और सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बना दिया।

---

## कौशल भारत कार्यक्रम को वर्ष 2026 तक जारी रखने को मंजूरी

### केंद्रीय कैबिनेट के फैसले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए 8,800 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ केंद्रीय क्षेत्र योजना 'कौशल भारत कार्यक्रम' (एसआईपी) को वर्ष 2026 तक जारी रखने और पुनर्गठन को मंजूरी दे दी।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कार्यबल विकास को मजबूत करने और कौशल को देश की आर्थिक वृद्धि की रीढ़ बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकार वार्ता कर इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम के तहत कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की तीन प्रमुख योजनाएं आती हैं। इनमें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 (पीएमकेवीवाई 4.0),



प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (पीएम-एनएपीएस) और जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना शामिल हैं।
वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (एनसीएसके) के कार्यकाल को 31 मार्च से आगे तीन वर्षों के लिए (अर्थात 31 मार्च 2028 तक) बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। एनसीएसके के तीन वर्षों के विस्तार के लिए कुल वित्तीय खर्च लगभग 50.91 करोड़ रुपये होगा। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे सफाई कर्मचारियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को सुविधाजनक बनाने, सफाई क्षेत्र में काम करने की स्थिति में सुधार लाने और खतरनाक सफाई करते समय शून्य मृत्यु दर हासिल करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। साथ ही, कैबिनेट ने विशाखापत्तनम में प्रस्तावित साउथ कोस्ट रेलवे जोन के तहत वाल्टेयर डिवीजन को बरकरार रखते हुए डिवीजनल अधिकार क्षेत्र में संशोधन को मंजूरी दी।

### 15 वर्षों से लापता व्यक्ति घर पहुंचा

**कोडरमा।** जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के ग्राम कादोडीह से पंद्रह वर्ष पूर्व प्रकाश महतो लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चला तो परिजन प्रकाश महतो की आस छोड़ चुके थे। लेकिन, एकाएक मरकच्चो पुलिस ने शुक्रवार को जब प्रकाश महतो को उनके परिजनों से मिलाया तो वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें खुशी से नम हो आईं। उनकी पत्नी गीता देवी के साथ पुत्र शूजल और पुत्री रानी की आंखें भर गईं। जानकारी अनुसार प्रकाश महतो कोलकाता में कारपोरेशन में काम करता था। वर्ष 2010 में कोलकाता जाने के क्रम में वो लापता हो गया था।

---

## पुलिस पर हमला और हथियार लूटने की कोशिश, तीन गिरफ्तार



● सरस्वती पूजा विसर्जन के बाद हिंसा, पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार

**नवीन मेल संवाददाता**
**पाटन।** सरस्वती पूजा प्रतिमा विसर्जन के बाद पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर में ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला कर दिया। ओपी प्रभारी नीलेश कुमार के साथ दुर्व्यवहार किया गया, उनकी मूंछें उखाड़ने और हथियार लूटने की कोशिश की गई। इस मामले में पांच नामजद और 25 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने बबलू मांझी, पिंटू पासवान और राकेश चौधरी उर्फ फंटूस चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना बुधवार रात 10:30 बजे की है, जब ओपी प्रभारी को सूचना मिली कि मिडिल स्कूल मैदान में मूर्ति विसर्जन के बाद कुछ युवक अश्लील गानों पर नाच रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और युवाओं से डीजे बंद करने को कहा, लेकिन विवाद शुरू हो गया। कुछ युवकों ने पुलिस वाहन पर चढ़कर गालियां दीं और मारपीट करने लगे। उन्होंने पुलिस से हथियार छीनने का भी प्रयास किया और धमकी दी कि अगर पुलिस ने हस्तक्षेप किया तो वर्दी उतरवा देंगे। इसके बाद आरोपी किशुनपुर चौक पहुंचे, जहां एक बार फिर पुलिस से झड़प हुई। इस दौरान संजय पासवान, विशाल कश्यप, राजू पासवान, गुड्डू लाल उर्फ रोशन कश्यप, उदय पासवान ने ओपी प्रभारी के साथ दुर्व्यवहार किया। हालात बिगड़ते देख पाटन थाना प्रभारी लालजी सशस्त्र बल के साथ पहुंचे, जिसके बाद आरोपी भागने लगे। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

---

## इंडिया: जब मां या सेना का जवान देश के अंदर हथियार उठा ले

जब एक ममता से भरी घरेलू महिला या शिक्षित युवती या सेना के प्रसिद्ध अनुशासन में सधा जवान यदि अपनी जानमाल की सुरक्षा के लिए हथियार उठा ले तो समाज के हर अंग को इसे एक गंभीर संकेत मानना चाहिए क्योंकि इन्हें सहनशीलता और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। इसीलिए दोनों को समाज में बहुत ही सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। बीते दिन नगड़ी में दोहरे हत्याकांड में एक सेना के जवान को मुख्य साजिशकर्ता बताया गया और रांची एसएसपी के सामने जब यह सवाल पूछा गया कि जिसकी हत्या का आरोप आप पर है उसने पैसे लेकर जब आपको जमीन नहीं दी तो आप पुलिस के पास क्यों नहीं गए तो जवान का कहना था कि पुलिस क्या करती मामले को टाल देती! उल्लेखनीय है कि



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कुछ दिनों पूर्व पुलिस के वरीय अधिकारियों ने थानों को निर्देश दिया था कि वे भूमि विवादों से दूर रहें। 1932 के बाद झारखंड के अधिकांश भूभाग में भूमि सर्वेक्षण का काम पूरा नहीं हुआ और 90 के दशक में सर्वेक्षण हुआ भी उसकी रिपोर्ट अभी तक जारी नहीं हुई।इसी प्रकार ऑनलाइन को समाधान माना गया पर अधिकांश लोगों की जमीन का रिकॉर्ड जब ऑनलाइन किया गया तब उसमें बड़ा खेल हुआ या लापरवाही हुई ।इस ऑनलाइन रिकॉर्ड में खाता नंबर है पर प्लॉट नंबर के स्थान में शून्य कर दिया गया ।इन रैयतों की रसीद नहीं कट रही और न तो वे अपनी भूमि बेच सकते हैं और न उसपर ऋण ले सकते हैं।लाखों करोड़ों लोग उस गलती का खामियाजा भुगत रहे हैं जो उन्होंने की ही नहीं और जिन्होंने जानबूझकर या लापरवाही से ऐसा किया है वे ऑनलाइन एंट्री के नाम पर प्रति डिसमिल 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहे हैं।ये अलग बात है कि रांची जिला प्रशासन ने इस पर काम शुरू किया है और कैंप लगाए हैं पर अभी भू राजस्व के लोगों को टालने का और बहाना मिल गया है कि अभी कैंप में व्यस्त हैं।राष्ट्रीय अपराध



रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार 2022 में झारखंड में 1,550 हत्याएं दर्ज की गईं।झारखंड में सबसे अधिक हत्याएं लाभ और राजनीतिक कारणों से हुईं।
अधिकांश पीड़ित 18 से 30 वर्ष की आयु के थे।झारखंड में हत्या के कारणों में व्यक्तिगत दुश्मनी, भूमि विवाद, प्रेम संबंध, दहेज और अवैध संबंध शामिल हैं।2022 में, झारखंड में भारत में सबसे अधिक हत्या दर थी, जहां प्रति 100,000 लोगों पर 4 हत्याएं होती थीं । यह प्रति 100,000 लोगों पर 2.1 हत्याओं के राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुना था। गत वर्ष झारखंड में दिसंबर माह में 121 हत्याएं हुईं जिनमें 117 सामान्य हत्या श्रेणी में दर्ज हैं। झारखंड के युवा और ऊर्जावान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुत सक्रियता से काम कर रहे हैं और एक बार उन्होंने बोला भी था कि अंचल कार्यालय से बिचौलियों को भगाना है उनसे लोगों को उम्मीद है कि जान लेने या देने पर उतारू झारखंड के लोगों को न्याय दिलाने के लिए ऑनलाइन रिकॉर्ड में भू राजस्व विभाग की गलती को उन्हें ही सुधारने का आदेश देंगे और 2011से लागू सेवा का अधिकार कानून को शीघ्रातिशीघ्र प्रभावी बनाएंगे ताकि भविष्य में भ्रष्टाचार पर भी रोक लग सके और निदोर्षों की हत्या पर भी।

---

## पत्रकारों को निजी डाटा रिलीज करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट

● कोर्ट ने कहा, एसआईटी ने पत्रकारों से निजी सवाल कर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाने का काम किया है

**- ब्यूरो**
**नई दिल्ली।** मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जीके लाल्थिरायन ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए दो टूक कहा है कि पत्रकारों को निजी डाटा रिलीज करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। यह पूरी तरह फ्रीडम ऑफ स्पीच के विरुद्ध है। जस्टिस जीके लाल्थिरायन ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि उनका मानना है कि यदि कोई इस तरह से पत्रकारों पर दबाव बना रहा है, तो यह उत्पीड़न है। मालूम हो कि अन्ना यूनिवर्सिटी से जुड़े एक मामले में एसआईटी यौन उत्पीड़न केस में जांच कर रही थी। उस जांच के दौरान ही एजेंसी ने कई पत्रकारों से 50 से भी ज्यादा सवाल पूछे थे। उनसे सवाल किया गया था कि वे विदेश में कहां-कहां गए थे, उनके पास कितना पैसा है। इसके अलावा भी कई निजी सवाल उनसे पूछे गए थे। अब जब कोर्ट को इस बात की जानकारी मिली, उनकी तरफ से पत्रकारों के पक्ष में कहा गया। जस्टिस जीके लाल्थिरायन ने कहा कि यदि पत्रकारों से निजी डाटा मांगा जा रहा है, उनसे निजी जानकारी हासिल करने की कोशिश हो रही है, ये बस प्रेस को उत्पीड़न करने का एक तरीका है। प्रेस फ्रीडम और निजता दोनों ही एक साथ जुड़े हुए हैं। जस्टिस जीके लाल्थिरायन ने इस बात पर भी जोर दिया कि जो सवाल पूछे गए, उन्हें देख लगता है कि वे प्राइवेट ज्यादा थे और यह सीधे-सीधे निजता के अधिकार का हनन दिखाई पड़ता है। कोर्ट ने इस बात को भी माना है कि एसआईटी ने पत्रकारों से निजी सवाल कर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाने का काम किया है। एक एफआईआर लीक हुई थी, उसके बाद ही पत्रकारों से सवाल-जवाब शुरू हुए। इस मामले में भी कोर्ट ने जांच एजेंसी शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### बिजली खंभा बना परेशानी का सबब



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बोहिता पंचायत स्थित लोहड़ी गांव के पास, 11 केवी एचटी लाइन सतबरवा को नीलांबर पीतांबरपुर से जोड़नेवाली सड़क के ऊपर से गुजरी, जिसका खंभा झुक गया है। इससे सड़क से गुजरने वाले वाहनों और राहगीरों के साथ दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। बिजली विभाग को कई बार सूचना देने के बाद भी केवल आश्वासन मिले हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों ने एसडीओ को सूचना दी थी, पर अब तक खंभा ठीक नहीं हुआ है। यह सड़क सतबरवा ट्रेनिंग कॉलेज से होकर दर्जनों गांवों को जोड़ती है।

# सड़क हादसा में 4 लोग घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र एन एच 39, रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ, बकोरिया पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को अहले सुबह, ट्रक में खड़े खड़े उर्स लेस्लीगंज से आ रही सवारी गाड़ी ने टक्कर मारी। सवारी गाड़ी में सवार मजहर हुसैन (38 वर्ष) समेत 4 लोग घायल हो गए। सतबरवा पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर, ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल नवजीवन में भर्ती कर दिया। डॉक्टर द्वारा गंभीर रूप से घायल मजहर हुसैन (38 वर्ष), पिता अख्तर हुसैन, मनिका निवासी की स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। रांची जाते-जातें रास्ते में मजहर हुसैन की मौत हो गई। मृतक परिवार के घायल तीन सदस्य को एमआरएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायल का इलाज नवजीवन हॉस्पिटल में चल रहा है। टक्कर इतनी जोरदार रही कि सवारी गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एसआई विश्वनाथ राणा ने बताया कि लेस्लीगंज से कव्वाली सुनकर, महिलाओं समेत कई लोग सवारी गाड़ी से मनिका अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में बकोरिया पेट्रोल पंप पर खड़े कंटेनर ट्रक (यूपी70ईटी 7045) में, लेस्लीगंज उर्स कव्वाली सुनकर आप रही सवारी गाड़ी (जे एच 03 आर 8913) अनियंत्रित होकर जा भिड़ा। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

## फेरी दुकानदार के घर सात लाख की चोरी, पुलिस जांच में जुटी



**कैसे हुई चोरी?**

उपेंद्र सोनी ने बताया कि उनकी चचेरी बहन की शादी थी, जिसके चलते पूरा परिवार गुरुवार रात 9 बजे रामगढ़ में पुराने घर, मुसरमो गया था। यह घर उनके वर्तमान घर से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जब वे रात ढाई बजे लौटे, तो देखा कि घर का दरवाजा खुला था और अलमारी, बक्से व अन्य जगहों से नकदी व आभूषण गायब थे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के हाई स्कूल रामगढ़ के सामने स्थित फेरी व्यवसायी उपेंद्र सोनी के घर में बीती रात चोरों ने सात लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर की चाबी ढूंढकर प्रथम तल के कमरों से नकदी और जेवरात चुरा लिए।

क्या-क्या हुआ चोरी?

**4 लाख नगद, 20 ग्राम सोना 1.5 किलो चांदी, पासबुक, फिक्स्ड डिपॉजिट पेपर और अन्य दस्तावेज**

**कैसे दिया वारदात को अंजाम?**

चोरों ने नीचे की खिड़की से घर में घुसकर किचन में रखे डिब्बे से चाबी निकाली और सभी कमरों की तलाशी ली। इसके बाद अलमारी, बक्से आदि खोलकर सारा कीमती सामान समेट लिया।

**साजिश की आशंका**

उपेंद्र सोनी ने पुलिस को बताया कि चोरों को घर की पूरी जानकारी थी, जिससे शक है कि किसी जानकार की मिलीभगत से वारदात को अंजाम दिया गया। इस घटना की एफआईआर दर्ज कर ली गई है, और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है

## विद्यालय निर्माण में अनियमितता, कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री अपग्रेडेड प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रयोगशाला भवन के निर्माण कार्य की जांच बीडीओ सह सीओ रणबीर कुमार ने की। जांच में घटिया किस्म के ईंट, सरिया और अन्य कमजोर मैटेरियल्स का उपयोग सामने आया। यह जांच पंचायत समिति सदस्य ममता देवी और मुखिया प्रतिनिधि रोशन कुमार की शिकायत पर की गई, जिनके साथ मौके पर संवेदक और मजदूर भी मौजूद थे। वरिष्ठ नागरिक रामजन्म राम सहित अन्य अभिभावकों ने दोषी संवेदक को ब्लैकलिस्ट करने एवं निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक, कई निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में एसडीओ गौरांग महतो की अध्यक्षता में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में विधायक संजय कुमार सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश कुमार मेहता, सचिव सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक में अस्पताल के रख-रखाव, साफ-सफाई, रिपेयरिंग, रेनोवेशन, टूटे बॉउंड्री वॉल की मरम्मत, मरीजों के लिए एयर कंडीशन की व्यवस्था, काउंटर घेराव, लैंडस्केपिंग, फूलों के गमलों, मिट्टी की भराई, अस्पताल सौंदर्यीकरण, आवश्यक उपकरण, डिलेवरी रूम में एंटी स्किड टाइल्स और कुपोषण उपचार केंद्र को सुसज्जित करने समेत कई निर्णय लिए गए। अस्पताल प्रबंधन की ओर से महिला चिकित्सक की पदस्थापना की मांग भी उठी, जिस पर विधायक ने स्वास्थ्य विभाग से समन्वय करने का आश्वासन दिया। एसडीओ गौरांग महतो ने स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर सेवा प्रदान करने का निर्देश दिया। अंचलाधिकारी पंकज कुमार, डॉ. शशि भूषण मेहता, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेम मणि सुधांशु और प्रखंड डाटा प्रबंधक रंजीत कुमार मेहता भी बैठक में उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**हैदरनगर।** स्थानीय पुलिस ने हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिंदु बिगहा गांव में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि जिला न्यायालय के निर्देश पर फरार आरोपी आकाश सिंह के घर, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर इश्तेहार चिपकाया गया है। आरोपी पर थाना कांड संख्या 96/2022 के तहत धारा 307, 387, 34 आईपीसी व 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। इस मामले के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक विवेक कुमार ने बताया कि यदि आरोपी शीघ्र ही न्यायालय में हाजिर नहीं होता है, तो कोर्ट के आदेशानुसार आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस लगातार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है, लेकिन वह अब तक फरार है।

### बेहतर प्रतिष्ठान खुलने से शहर का सौंदर्यीकरण होता है: विधायक

**हुसैनाबाद।** शहर के गांधी चौक के पास शुक्रवार को श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल ज्वेलर्स का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने संचालक संतोष कुमार अग्रवाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ज्वेलरी शोरूम खुलने से स्थानीय लोगों को सोने-चांदी के आभूषण खरीदने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि एक बेहतर प्रतिष्ठान से न केवल व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है, बल्कि शहर का सौंदर्यीकरण भी होता है। संचालक संतोष अग्रवाल ने बताया कि उनकी दुकान में हॉलमार्क प्रमाणित आभूषण उपलब्ध हैं, जो गुणवत्ता और शुद्धता की गारंटी देते हैं। फिलहाल, दुकान में सोने और चांदी के आभूषणों के अलावा कई अन्य प्रकार के गहने भी उपलब्ध हैं। इस मौके पर पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, अजय प्रसाद गुप्ता, भगवान प्रसाद, सत्यम कुमार अग्रवाल, पूर्व पार्षद नजीर अहमद, शिवम कुमार, रविंद्र कुमार, सुंदरम अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### झामुमो के सदस्यता अभियान में 487 नए सदस्य जुड़े




**छतरपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, रविंद्र राम और शनि कुमार के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें 487 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। चंदन प्रकाश सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर लोग स्वतः पार्टी से जुड़ रहे हैं। झारखंड सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है, जिससे जनता का झामुमो के प्रति विश्वास बढ़ा है। सदस्यता अभियान के साथ ही छह पंचायतों की कमेटियों का पुनर्गठन किया गया, जिसमें विभिन्न पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन हुआ। इस मौके पर फिरदौस आलम, अखिलेश प्रजापति, रंजीत कुमार, शिवनाथ राम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चिकित्सा व्यवस्था में सुधार की मांग



**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के दरुआ (नौकाडिह) निवासी बृजमोहन चौधरी (50 वर्ष) के साथ पेड़ से गिरने का हादसा हुआ, जिससे उनकी ब्रेन इंजरी और छाती की हड्डी टूटी। डाल्टनगंज में डॉक्टर राहुल अग्रवाल के पास इलाज के बाद कोई सुधार नहीं हुआ, जबकि परिवार ने लगभग 2.20 लाख रुपये खर्च किए। पूर्व प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी ने तत्काल रांची रिम्स रेफर करवाने की व्यवस्था की। रिम्स पहुँचने के पश्चात मरीज को भर्ती कराने की सभी औपचारिकताएं पूरी करवाई गई।

## राहगीरों और पशुपालकों की आस्था का केंद्र: मुड़कटवा बाबा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज-महुडंड पथ में लकड़ही पहाड़ी के पास स्थित मुड़कटवा बाबा इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। बताया जाता है कि प्राचीन काल से ही राहगीरों, पशुपालकों और कृषकों की इनके प्रति गहरी आस्था रही है। बुजुर्ग रामजन्म राम ने मुड़कटवा बाबा को लेकर प्रचलित किंवदंतियों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्राचीन समय में जब यह क्षेत्र घनघोर जंगल से घिरा था, तब कोल आदिम जनजाति के एक बलशाली व्यक्ति, जिनका जन्म सीताचुआं के पास हुआ था, इस पूरे जंगल पर अपना प्रभाव रखते थे। वे किसी भी अनैतिक कार्य के विरोध में खड़े हो जाते थे, जिसके कारण आपसी संघर्ष के दौरान उनका सिर धड़ से अलग कर दिया गया था। कालांतर में एक बैगा को स्वप्न में सिर कटे हुए योद्धा के दर्शन हुए, जिसके बाद लकड़ही पहाड़ी के समीप एक पत्थर रखकर उनकी पूजा-अर्चना शुरू कर दी गई। यही स्थान कालांतर में मुड़कटवा बाबा के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

**ताड़ बगान बनने के बाद चबूतरे का निर्माण**

मुड़कटवा बाबा का स्थल पहले एक साधारण स्थान था, लेकिन ताड़ बगान विकसित होने के बाद भजनियां गांव के स्व. मानिकचंद पासी ने यहां एक चबूतरे का निर्माण करवाया। मान्यता है कि मुड़कटवा बाबा उनके स्वप्न में प्रकट हुए थे, जिसके बाद उन्होंने यह निर्णय लिया। तब से यह परंपरा चली आ रही है कि हर सीजन में ताड़ी की पहली धार मुड़कटवा बाबा को अर्पित की जाती है। राहगीर और पशुपालक यहां आकर अपनी मन्नतें मांगते हैं। खासतौर पर जब पशु या कोई वस्तु खो जाती है, तो लोग बाबा से मिन्नतें करते हैं और जब उनकी मुराद पूरी होती है, तो वे मुर्गे को दाना खिलाकर और मदिरा अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। बाबा को खैनी चढ़ाने की विशेष परंपरा है, जिसे हर राहगीर निभाता है। इस तरह, यह स्थल क्षेत्र के अन्य धार्मिक स्थलों में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

## महाकुंभ के लिए श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र देकर किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** प्रयागराज में 144 साल बाद आयोजित महाकुंभ को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। छतरपुर से भी फुटपाथ विक्रेता संघ के एक दर्जन श्रद्धालु कुम्भ दर्शन के लिए रवाना हुए। रवानगी से पहले ठाकुरबाड़ी में दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं को छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष और फुटपाथ दुकानदार संघ के संरक्षक सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ सनातन संस्कृति का एक अनूठा आयोजन है, जो हमारी परंपराओं को सहेजने का अवसर प्रदान करता है। फुटपाथ विक्रेता संघ के अध्यक्ष गौतम सागर ने कहा कि वे महाकुंभ में छतरपुर की समृद्धि और प्रगति की कामना करेंगे। जत्थे में गोकुल प्रसाद, अवधेश प्रसाद, विनोद प्रसाद, विजय, नरेश, जितेंद्र सहित आधा दर्जन महिला श्रद्धालु भी शामिल थीं।

## स्कूल सुविधाओं में कमी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत स्तरोन्नत + 2 उच्च विद्यालय को पीएमश्री का ओहदा मिला, परंतु सुविधाओं में सुधार नहीं हो पाया है। स्कूल की बाउंड्री की जर्जर स्थिति एवं कम ऊंचाई (4-6 फीट) के कारण स्कूल असुरक्षित बन गया है। बाउंड्री का निर्माण मिडिल स्कूल के समय किया गया था, जबकि अब स्कूल में पहली कक्षा से 12वीं तक 2000 से अधिक छात्र अध्ययन कर रहे हैं। छात्र संख्या में वृद्धि और जमीन की भरावट के कारण बाउंड्री की ऊंचाई कम हो गई है, जिससे मैट्रिक परीक्षा के दौरान चौकसी बरतनी पड़ती है। शरारती तत्व बाउंड्री फांदकर शौच करते हैं और कुछ महीनों पूर्व एमडीएम के चावल की भारी चोरी भी हुई थी। अभिभावकों का कहना है कि बरसात में जलजमाव की समस्या को देखते हुए, नाले के साथ बाउंड्री की ऊंचाई बढ़ाकर पुनर्निर्माण किया जाना चाहिए।

## विशाखपट्टणम-बनारस एक्सप्रेस का नया नंबर, 2-3 मार्च से होगा परिचालन

**मोहम्मदगंज।** डीडीयू-सासाराम-डेहरी ऑन सोन-जपला-गढ़वा रोड-डालटनगंज-बरकाकाना के रास्ते बनारस और विशाखपट्टणम के बीच चलने वाली 18311/18312 विशाखपट्टणम-बनारस-विशाखपट्टणम एक्सप्रेस का परिचालन अब नए नंबर 18523/18524 से होगा। रेल सूत्रों के अनुसार, यह परिवर्तन मार्च से प्रभावी होगा। ट्रेन का परिचालन विशाखपट्टणम से 2 मार्च और बनारस से 3 मार्च से शुरू किया जाएगा। रेलवे प्रशासन का मानना है कि इस परिवर्तन से यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी और ट्रेन का संचालन सुचारू रूप से जारी रहेगा।

### एसबीएस कॉलेज में विधायक ने की समीक्षा बैठक

## बायोमेट्रिक हाजिरी, सीसीटीवी और शौचालय सुधार के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने एसबीएस कॉलेज में प्रबंधन कमेटी के साथ बैठक की। बैठक में कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, खेलकूद सुविधाओं और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं की समीक्षा की गई। विधायक ने कॉलेज प्रशासन को विभिन्न सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

**छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर**

विधायक ने प्राचार्य को निर्देश दिया कि कॉलेज में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने शिक्षकों को भी निर्देशित किया कि वे बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली से अपने आने और जाने दोनों समय की उपस्थिति दर्ज करें। बैठक में प्राचार्य प्रेमनाथ सिंह, प्रधान लेखापाल अरुण कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह, कंचन सिंह, अनिल सिंह, अरविंद सिंह, राकेश सिंह, अंशुल सिन्हा, आकाश कुमार सिंह, मुकसीद खान, संजीव कुमार सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**कॉलेज में व्यवस्थाओं में सुधार के आदेश**

विधायक ने प्रभारी प्राचार्य से कॉलेज के हर पहलू की अद्यतन जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कॉलेज में बायोमेट्रिक हाजिरी सिस्टम जल्द से जल्द लागू करने को कहा, जिससे शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, सीसीटीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री और शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि कॉलेज का पैसा छात्रों का पैसा है, इसलिए इसे अनावश्यक रूप से खर्च न किया जाए, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि पैसों की हेराफेरी हुई तो संबंधित व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## भूमि पूजन

## भगवान विश्वकर्मा मंदिर निर्माण का आयोजन

### पांडू प्रखंड, मुसीखाप : भूमि पूजन व सहयोग के साथ मंदिर निर्माण की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** पांडू प्रखंड के मुसीखाप में शुक्रवार के दिन भगवान विश्वकर्मा मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विश्वकर्मा पूजा समिति के अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया गया। भूमि दानकर्ता के परिवार ललन शर्मा द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा जी के मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न किया गया। पुजा समिति के अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा ने बताया कि मंदिर निर्माण हेतु स्व. रामप्यारी शर्मा के वंशज द्वारा भूमि दान की गई थी, जिसपर विश्वकर्मा वंशजों की सर्वसमति से मंदिर निर्माण की सहमति बनी। इस संबंध में यह भी उल्लेख किया गया कि मंदिर का निर्माण विश्वकर्मा वंशजों के साथ-साथ अन्य ग्रामीणों के सहयोग से कराया जाएगा। पांडू प्रखंड समेत अन्य क्षेत्रों के लोगों से भी सहयोग लिया जाएगा। कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई कि मंदिर में भविष्य में कलाकृतियों का उपयोग किया जाएगा। मौके पर लव कुमार विश्वकर्मा, झमन मिस्त्री, छोटन शर्मा, परीखा शर्मा, गणेश शर्मा, ललन शर्मा, श्रवण शर्मा, राजेन्द्र कुमार शर्मा, अनिल शर्मा विश्वकर्मा, प्रमोद शर्मा, नागेन्द्र शर्मा, रामजबीत प्रजापति, राजेश यादव, सुनेश्वर प्रजापति, निराला प्रजापति, निर्भय प्रजापति, सत्यम शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लेस्लीगंज में उर्स शांतिपूर्ण संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के पुराना बाजार स्थित हजरत अंजान शाहदाता रहमतुल्लाह अलैह का 90वां उर्स 6 फरवरी को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अंजुमन मिल्लते इस्लामिया उर्स कमेटी के सदर फिरोज अंसारी और सेक्रेटरी मुन्ना खान ने किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बुढ़वा बाबा के मजार पर चादरपोशी कर दुआ मांगी। भीड़ नियंत्रण के लिए उर्स कमेटी ने बैरिकेडिंग की थी। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ सुरक्षा में तैनात रहे। रातभर चले कव्वाली मुकाबले में प्रसिद्ध कव्वाल आतिश मुराद (बेलजियम, कर्नाटक) और इंतजार शाबरी (बिजनौर, नागपुर) ने प्रस्तुति दी। नमाज-ए-फजिर के बाद मजार का गुस्ल, छींटा, कुरआनख्वानी और मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंजुमन मिल्लते इस्लामिया कमेटी के सदर मो. हफीजुर्रहमान समेत चंगेज खान, मुजफ्फर खान, मुन्ना खान, अकबर खान, हेमू खान, हेमायु खान, अरमान खान, तनवीर आलम सहित कई लोग शामिल रहे।

# वाईएसएनएम महाविद्यालय में युवा महोत्सव का भव्य शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वाईएसएनएम महाविद्यालय में युवा महोत्सव के तहत खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत शुक्रवार को हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्या डॉ. शोभा रानी ने छात्राओं को खेल शपथ दिलाकर किया।

इस अवसर पर खेल प्रभारी ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, भाईचारे और आपसी सौहार्द की भावना विकसित होती है।

डॉ. शोभा रानी ने बताया कि महोत्सव में बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, दौड़, टेबल टेनिस और कबड्डी सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। वहीं, रंगोली, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, गायन, नृत्य और भाषण जैसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी होंगी।

कार्यक्रम में डॉ. मीना कुमारी, प्रो. सीमा कुमारी, डॉ. जेनिफर गुड़िया, डॉ. मशरीक जहां, डॉ. मिनी टुडू, डॉ. ललिता भगत, कल्पना सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुप्रिया सोनालिका ने किया।

# सभ्य समाज में हिंसा का कोई स्थान नहीं : डीडीसी

● बाल विवाह, महिला व बाल हिंसा की रोकथाम के लिए जिलास्तरीय कार्यशाला में जन भागीदारी पर जोर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा समाहणालय सभागार में आयोजित जिलास्तरीय कार्यशाला में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि सभ्य समाज में हिंसा, नशामुक्ति व कुप्रथा के खिलाफ कदम उठाना अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी व्यक्ति के अधिकार हनन या फिजिकल आघात की अनुमति नहीं हो सकती और प्रत्येक नागरिक को जीवन जीने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है।

कार्यशाला में आज बाल विवाह, महिला एवं बाल हिंसा रोकथाम, नशामुक्ति एवं किशोरी सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने बच्चों के अधिकार एवं संरक्षण सुनिश्चित करने हेतु जिला वार्षिक कार्य योजना के क्रियान्वयन पर बल दिया और संबंधित विभागों के समन्वयन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जन भागीदारी और जन-जागरूकता से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह ने नशामुक्ति के रोकथाम में सभी की सहभागिता की अपील की और स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी साझा की। जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने स्कूलों में चलाये जा रहे जागरूकता अभियानों पर चर्चा की, जबकि श्रम अधीक्षक ने बच्चों के बचाव एवं पुनर्वास से संबंधित पहलुओं को उजागर किया।

लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष पाण्डेय ने बाल विवाह, महिला एवं बाल हिंसा रोकथाम के कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समाज में अशिक्षा एक चुनौती है और आपसी सहयोग से कुप्रथा को मिटाया जा सकता है। उन्होंने पोक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम, लिंग परीक्षण संबंधी कानून एवं मुआवजा योजना समेत विभिन्न कानूनी प्रावधानों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी भी दी।

यूनिसेफ/एक्सआईएसएस के परियोजना निदेशक डॉ. तबरेज, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा एवं डीएमएसडी के प्रवीण कुमार, एनडीएफ के प्रतिनिधि सचिव हरेंद्र कुमार समेत अन्य हितधारकों ने भी अपनी-अपनी भूमिका एवं जागरूकता अभियानों की जानकारी साझा की। कार्यशाला का संचालन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने किया, जिन्होंने बताया कि यह आयोजन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर किया गया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव, एनडीसी विक्रम आनंद सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी एवं स्टेक होल्डर्स भी उपस्थित रहे।

# पलामू सांसद ने मंत्री किशन रेड्डी से राजहरा कोलियरी विस्थापितों की नौकरी पर विस्तृत चर्चा की

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राजहरा कोलियरी में उत्खनन शुरू करने और विस्थापितों को नौकरी देने के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

सांसद राम ने बताया कि राजहरा कोलियरी को पुनः चालू करने की सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं, और आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा चुकी हैं। केवल 20 विस्थापितों को नौकरी देने का कार्य शेष है, जिस पर अटॉर्नी जनरल की सहमति भी मिल चुकी है। इसके बावजूद, अनावश्यक विलंब हो रहा है।

मंत्री रेड्डी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड (सीसीएल), दरभंगा हाउस, रांची के प्रबंध निदेशक, पलामू के उपायुक्त और सांसद राम की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर आ रही अड़चनों को दूर करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन सभी मुद्दों को जल्द सुलझाकर कोयले का उत्खनन प्रारंभ किया जाएगा।

राजहरा कोलियरी, जो कभी एशिया में प्रसिद्ध थी, पिछले कई वर्षों से बंद है। इसके पुनः चालू होने से सैकड़ों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

## कैदी वार्ड से हत्या का आरोपी फरार, पुलिस की लापरवाही उजागर

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच अस्पताल के कैदी वार्ड से शुक्रवार सुबह हत्या का आरोपी ऋषिकेश दुबे पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। वह दिसंबर 2023 से हत्या के एक मामले में न्यायिक हिरासत में था। कैदी वार्ड में तैनात जवान दिनेश राम ने बताया कि सुबह 7बजे ऋषिकेश ने पानी मांगा। जब उसके लिए नल खोला गया, तो चेहरा धोने के बहाने उसने जवान को धक्का दिया और फरार हो गया। मेदिनीनगर सेंट्रल जेल के अधीक्षक भागीरथ करजी के अनुसार, ऋषिकेश को खांसी और सांस लेने में दिक्कत के कारण 30 जनवरी को अस्पताल में भर्ती किया गया था। घटना की सूचना संबंधित पदाधिकारियों को दे दी गई है। यह घटना अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। पिछले महीने ही यहां ओपी (आउट पोस्ट) का निर्माण किया गया था, जहां पुलिस पदाधिकारी और जवान तैनात रहते हैं। इसके बावजूद कैदी का फरार होना सुरक्षा में बड़ी चूक को दर्शाता है।

श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का तीसरा दिवस संपन्न

# कलयुग में सत्कर्म ही मोक्ष का मार्ग : अलका किशोरी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्थानीय सूदना तुलसी मानस मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के तीसरे दिन वृंदावन से आई हुई कथा वाचिका अलका किशोरी ने अपने प्रसंगों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शिव-पार्वती विवाह का भावपूर्ण चित्रण किया गया, साथ ही राजा परीक्षित चरित्र और कलयुग के आगमन की कथा का वर्णन किया गया।

कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह से संबंधित झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा में अलका किशोरी ने कहा कि कलयुग में मोक्ष प्राप्ति के लिए सत्कर्म ही एकमात्र मार्ग है। उन्होंने राजा परीक्षित की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि द्वापर युग में वे न्यायप्रिय और धर्मपरायण राजा थे।

### कलयुग की शुरूआत और राजा परीक्षित का श्राप

अलका किशोरी ने कथा में विस्तार से बताया कि एक बार राजा परीक्षित शिकार के दौरान जंगल में पहुंचे, जहां उन्होंने ध्यानमग्न शमीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि ध्यान में लीन थे, जिससे राजा को उत्तर नहीं मिला। कलयुग के प्रभाव से उन्होंने इसे अपना अपमान समझा और क्रोध में ऋषि के गले में मरा हुआ सांप डाल दिया।

जब ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि को इसका पता चला, तो उन्होंने क्रोध में आकर राजा परीक्षित को श्राप दे दिया कि सातवें दिन तक्षक नाग के डसने से उनकी मृत्यु हो जाएगी। इसी घटना से कलयुग के प्रभाव की शुरूआत मानी जाती है।

अलका किशोरी ने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि हमें कलयुग के प्रभाव से बचते हुए सत्कर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। सत्कर्म ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है और जीवन को सार्थक बनाता है।

### श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

कथा के दौरान देवी मंदिर ट्रस्ट के अभिमन्यु ओझा, मनीष उपाध्याय, प्रशांत सिंह, मिथिलेश मिश्रा समेत कई मौजूद थे।

# पदाधिकारियों की अनुपस्थिति से एनपीयू में हंगामा, एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) में कुलपति और प्रति कुलपति के पदों के लंबे समय से खाली रहने और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में शुक्रवार को एनएसयूआई छात्र संगठन ने जमकर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में छात्र संगठन विश्वविद्यालय पहुंचे, लेकिन कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, कुलानुशासक, सीसीडीसी सहित कोई भी वरिष्ठ अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं थे। इससे नाराज छात्रों ने नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

अमरनाथ तिवारी ने कहा कि परीक्षा विभाग द्वारा नियमित कोर्स के छात्रों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पीजी सत्र 2022-24 (द्वितीय सेमेस्टर) और पीजी सत्र 2021-23 (फाइनल सेमेस्टर) के परीक्षा परिणाम अब तक घोषित नहीं हुए हैं। स्नातक सत्र 2021-24 (पंचम सेमेस्टर) के नतीजे भी लटके हुए हैं। बीएड सत्र 2022-24 के फाइनल सेमेस्टर की परीक्षा तिथि घोषित कर दी गई है, जिससे छात्रों में भेदभाव का आक्रोश है।

**डिग्री और प्रमाणपत्र के लिए छात्रों को हो रही परेशानी :** छात्र नेता आशीष कुमार ठाकुर ने बताया कि विश्वविद्यालय में डिग्री, माइग्रेशन, प्रोविजनल और मार्कशीट प्राप्त करना बेहद कठिन हो गया है। छात्रों को महीनों तक चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। एनएसयूआई छात्र नेता ओमप्रकाश त्रिपाठी ने ऐलान किया कि यदि जल्द ही विश्वविद्यालय प्रशासन स्थिति नहीं सुधारता, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में अमरनाथ तिवारी, आशीष कुमार ठाकुर, ओमप्रकाश त्रिपाठी, हाशिम बिस्मिल, रिशु दुबे, कृष्णा कुमार यादव, नवीन दांगी, अगस्त, परमगंस, नीतीश, रितेश सहित कई छात्र मौजूद रहे।

# प्रवासी दुर्व्यवहार पर विरोध प्रदर्शन कांग्रेस ने सरकार से जवाब मांगा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में छःमूहान चौक पर अमेरिका में प्रवासी भारतीयों के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन भी किया गया।

प्रदर्शन में लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों के साथ मानवीय और सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। यदि सरकार द्वारा नागरिकों को विदेश से वापस लाने का प्रयास किया जाता है, तो उन्हें बिना किसी अनावश्यक रुकावट या प्रतिबंध के सम्मानपूर्वक लाया जाना चाहिए। उन्होंने इस मामले में देश की सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्पष्ट जवाब की मांग की। प्रदर्शन में प्रदेश के कई नेता भी उपस्थित रहे, जिनमें रामाशीष पांडे, शमीम अहमद, राइन मिथिलेश सिंह, ईश्वरी प्रचार सिंह, विद्या सिंह, चेरो सन्नू खान, अमरेश पांडे, सुरेंद्र तिवारी, शेरखान, सच्चिदानंद मिश्रा, जातरू उरांव, अजय साह, महानगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया, मिट्ठू खान, एमडी फैयाज, तुलसी पासवान, अनिल सिंह, विकास पांडे, सुधीर सिंह, मोहम्मद बादल, देवन शुक्ला, उमेश यादव, सुधीर सिन्हा, छोटू पाठक, छोटू चंद्रवंशी आदि शामिल थे।

# टाउन हॉल में लोन मेला और नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

▸▸ व्यवसायियों को ऑन स्पॉट लोन, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मुफ्त जांच



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्वर्णकार संघ द्वारा रविवार को टाउन हॉल में लोन मेला सह नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी संघ के जिला अध्यक्ष धनंजय सोनी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

**व्यवसायियों को मिलेगा ऑन स्पॉट लोन :** धनंजय सोनी ने बताया कि लोन मेले में विभिन्न व्यवसायियों को मौके पर ही लोन प्रदान किया जाएगा। इस दौरान कई बैंक भी मौजूद रहेंगे, जो उचित कागजात प्रस्तुत करने पर तत्काल लोन स्वीकृत करेंगे। इस कार्यक्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहर के विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहेंगे। मरीजों को जरूरी दवाएं भी मुफ्त दी जाएंगी।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मान :** झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने कहा कि इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश में अपनी तरह का पहला आयोजन होगा, जो अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायक बनेगा। इस अवसर पर संघ के जिला महासचिव अमित वर्मा, कोषाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष हिमांशु कौशल सोनी और मीडिया प्रभारी आनंद कश्यप समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# मिशन समृद्धि संस्था ने विद्यालय में किया भोजन का वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की पाठशाला की कचरवा शाखा में बच्चों को पूरी सब्जी और बुन्दिया का वितरण किया गया। बच्चों के अभिभावकों को भी भोजन के पैकेट प्रदान किए गए। पाठशाला में पढ़ रहे बच्चों के माता-पिता, जिनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि कम थी, अब अपने बच्चों में हो रहे बदलाव पर ध्यान दे रहे हैं। पाठशाला में उपस्थित अभिभावकों में माताएं शामिल होती हैं।

कचरवा शाखा में चना-गुड़ वितरण दूरी के कारण प्रतिदिन नहीं, बल्कि समय-समय पर किया जाता है। जबकि, जनकपुरी शाखा में बच्चों को नियमित रूप से चना-गुड़ दिया जाता है। खाद्य और पाठ्य सामग्री का वितरण स्थानीय नागरिकों के सहयोग से किया गया है। अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने बताया कि वितरण संस्था की टीम के प्रयास और योगदान के परिणामस्वरूप हुआ है। उन्होंने अहिल्या गिरि, बैजन्ती, गुप्ता, वीणा राज, आशा शर्मा, रंजीता शिल्पी, गोस्वामी, बेबी पाण्डेय, ममता, शालिनी श्रीवास्तव, संध्या शेखर एवं अन्य सहयोगियों के योगदान का उल्लेख किया। यह जानकारी विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा जारी की गई है।

## सुभाष चौक जीर्णोद्धार को लेकर एसडीओ की अध्यक्षता में बैठक



**गोलंबर और प्रतिमा की सुरक्षा पर गहन चर्चा**

**सिमरिया (चतरा)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोलंबर एवं प्रतिमा की सुरक्षा व जीर्णोद्धार को लेकर शुक्रवार को एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने किया। बैठक में अनुमंडल प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारी संघ, ट्रक और हाईवा एसोसिएशन के प्रतिनिधि, बस एजेंट और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में गोलंबर की मरम्मत और सुरक्षा के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई।

# मनरेगा सप्ताह : जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित, बेहतर काम करने वाले हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मनरेगा सप्ताह के अवसर पर जिला स्तर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मनरेगा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी का सहयोग प्राप्त करने की अपील की गई और उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

जिला परिषद की अध्यक्ष प्रतिमा देवी ने कहा कि मनरेगा योजना समाज के लोगों को उनके घर पर ही कार्य करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के कार्यों में सभी का सहयोग आवश्यक है।

कार्यक्रम समाहणालय के ब्लॉक-सी स्थित सभागार में आयोजित किया गया, जहाँ मनरेगा के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत स्तर के रोजगार सेवक एवं बागवानी सखी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस क्रम में महिला मेठ समेत 100 मानव दिवस सृजन करने वाले श्रमिकों का भी सम्मान किया गया।

उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि मनरेगा कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदलाव देखे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 100 दिनों का रोजगार, महिलाओं की भागीदारी एवं समय पर मजदूरी भुगतान के प्रावधानों का क्रियान्वयन हो रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहन-सहन में भी सुधार आया है।

निदेशक, जिला ग्रामीण विकास शाखा, पलामू, रतन कुमार ने मनरेगा सप्ताह के आयोजन एवं उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाने एवं लोगों में मनरेगा के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान करने से मनरेगा में और अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने बताया कि ग्राम-पंचायत स्तर पर मनरेगा के अंतर्गत अच्छे कार्य हो रहे हैं, जिससे गांवों में आर्थिक समृद्धि में वृद्धि हुई है। उन्होंने सजगता पूर्वक कार्य करने और कार्य में शिकायत मिलने पर उसका निराकरण करते हुए गुणात्मक कार्य पूर्ण कराने की दिशा में लगातार पहल जारी रखने की बात कही।

कार्यक्रम में जिला पंचायत राज पदाधिकारी पलामू श्री विनय कुमार श्रीवास्तव, परियोजना पदाधिकारी उपेन्द्र राम, कार्यालय प्रबंधक धनंजय कुमार, तकनीकी सहायक संजीत कुमार सिंह समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस आयोजन से मनरेगा योजना के प्रभाव, ग्रामीणों की भागीदारी एवं सामाजिक-आर्थिक बदलाव को उजागर करने का प्रयास स्पष्ट होता है, जिससे आगामी दिनों में योजना के और भी व्यापक क्रियान्वयन की संभावना जताई जा रही है।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पलामू की प्राचार्या अमृता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार तथा एडीपीओ संजय कापरी ने विजेताओं को मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया।

रजवाडीह मध्य विद्यालय के शिक्षक परशुराम तिवारी द्वारा प्रदर्शनी का संचालन किया गया, तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य डॉ धीरेन्द्र सिंह ने दिया। इस प्रदर्शनी में कक्षा-9 से 12 संवर्ग में विभिन्न विद्यालयों ने भाग लिया। जनता हाईस्कूल, विश्रामपुर ने स्मार्ट विलेज मॉडल के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया, +2 हाईस्कूल छतरपुर को इलेक्ट्रीसिटी फ्राम गार्बेज के लिए द्वितीय तथा +2 हाईस्कूल सर्वोदय, सतबरवा को आटोमेटिक वाटर डिस्पेंसर एवं +2 हाईस्कूल छतरपुर ने संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। साथ ही, कक्षा-6 से 8 संवर्ग में केजी स्कूल, मेदिनीनगर ने कैमिकल चेंज मॉडल के लिए प्रथम, हाईस्कूल पांती, हुसैनाबाद ने वाटर कंजर्वेशन के लिए द्वितीय एवं केजी स्कूल ने वाटर प्यूरिफिकेशन के लिए तृतीय पुरस्कार जीता। सभी प्रतिभागी विद्यालयों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

प्राचार्या अमृता सिंह ने निर्णायक डॉ राजीव कुमार सिंह, अमरेन्द्र नारायण, विजय प्रकाश एवं श्यामलाल उरांव तथा मंच संचालक परशुराम तिवारी को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा, 'आपके मॉडलों में नवाचार की स्पष्ट झलक है। इसे बेहतर बनाने की कोशिश करते रहना चाहिए।'

डीएसई संदीप कुमार ने नवाचार पर आधारित मॉडलों की चर्चा करते हुए बताया कि यह देखना सुखद है कि मॉडलों को दैनिक जीवन की कठिनाइयों को केन्द्र में रखकर तैयार किया गया है। प्राचार्या अमृता सिंह ने कहा कि उनका प्रयास है कि प्रदर्शनी में अधिक से अधिक विद्यालय भाग लें और उनकी सृजनशीलता सामने आए।

संकाय सदस्य मृत्युंजय कुमार, मो. हसन रजा, जितेन्द्र कुमार तिवारी, नूतन कुमारी एवं मो. शाहिद अनवर ने प्रदर्शनी की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई। निर्णायकों ने सफल आयोजन के लिए प्राचार्या अमृता सिंह का भी सम्मान किया।

# बिजली चोरी के खिलाफ धुरकी थाना में 10 लोगों पर प्राथमिकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी (गढ़वा)।** बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी अभियान चलाकर बिना कनेक्शन के अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों के विरुद्ध धुरकी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्युत कनीय अभियंता अम्ल राय ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार छापेमारी अभियान चलाकर बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस दौरान पड़वामोड़ निवासी कमालुद्दीन अंसारी पर 15,476, महबूब अंसारी पर 7,117, बरहसोती गांव की फुलमती देवी पर 30, 842, मानिकचंद सिंह पर 7,117, विक्रम सिंह पर 15,476, अजय कुमार सिंह पर 15,476, मंती देवी पर 15,476, लिखनीधौरा गांव के प्रेम शंकर गुप्ता पर 15,476, अरुण कुमार गुप्ता पर 28,470 और उमाशंकर गुप्ता पर ?28,470 का जुर्माना लगाया गया है। अम्ल राय ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए हर महीने तीन से चार बार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अपील की कि बिना कनेक्शन के बिजली का उपयोग करना गैरकानूनी है और पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गढ़वा में दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का सफल आयोजन

# रोजगार का मतलब सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2025 का आयोजन शुक्रवार को फॉरेस्ट कॉलोनी, गढ़वा में किया गया। जिला नियोजनालय गढ़वा द्वारा आयोजित इस मेले का उद्घाटन उपायुक्त शेखर जमुआर, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, भूमि संरक्षण पदाधिकारी चंद्र किशोर प्रसाद और जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

**2218 रिक्तियों के लिए हुआ चयन :** इस मेले में गढ़वा, पलामू, लातेहार, हजारीबाग, जमशेदपुर, कोलकाता, पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु के लिए कुल 2218 रिक्तियां उपलब्ध थीं, जिनमें से 600 पद गढ़वा और संपूर्ण झारखंड के लिए थे। उद्घाटन समारोह में उपायुक्त शेखर जमुआर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार का मतलब केवल सरकारी नौकरी नहीं होता। अब निजी क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं, और यह मेला युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने नियोजन पदाधिकारी को रोजगार के अवसरों के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया और युवाओं को किसी भी काम को छोटा या बड़ा न समझने की सलाह दी।

### 19 निजी कंपनियों ने दिया रोजगार का अवसर

जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस रोजगार मेले में 19 निजी कंपनियों ने भाग लिया। इनमें सोडेक्सो कॉर्पोरेट, एसआईएस लिमिटेड, एलआईसी, स्पंदना सफार्टी फाइनेंस, मिलेनियम स्किल जी4एस, शिवा प्रोटेक्शन फोर्स, किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी, डेल्हीवेरी लिमिटेड, यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति, क्वेस कॉर्प सहित अन्य कंपनियां शामिल थीं। इन कंपनियों ने मैनेजर, लोन ऑफिसर, ट्रेनी ऑपरेटर, क्लर्क, सिक्योरिटी गार्ड, अकाउंटेंट, बिलिंग इंचार्ज, नर्सिंग ट्यूटर, रिलेशनशिप ऑफिसर, सेल्समैन, डिलीवरी बॉय, शिक्षक, मशीन ऑपरेटर आदि पदों के लिए आवेदन लिए।

### 64 युवाओं का चयन, 222 को मिला अगला मौका

रोजगार मेले में 64 युवक-युवतियों का सीधा चयन किया गया, जबकि 222 उम्मीदवारों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने सांकेतिक रूप से 6 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।


## न्यूज बॉक्स

### आदिम जनजाति के लाभुकों को तीन महीने से नहीं मिला राशन, प्रखंड कार्यालय पहुंचे



**चिनियां।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को सैकड़ों आदिम जनजाति के महिला-पुरुष पहुंचे और तीन महीने से पीटीजी राशन न मिलने की शिकायत की। उन्होंने वीडियो सुबोध कुमार को लिखित आवेदन सौंपा। प्रभावित लाभुकों ने बताया कि दिसंबर, जनवरी और फरवरी का राशन अब तक नहीं मिला है, जबकि सरकार के निर्देशानुसार हर महीने की 5 तारीख से राशन वितरण होना चाहिए। लगातार शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला, जिससे वे खाने-पीने की समस्या झेल रहे हैं। वीडियो सुबोध कुमार ने आश्वासन दिया कि राशन वितरण एजेंसी को तलब कर मामले का समाधान निकाला जाएगा। प्रदर्शन में चंपा देवी, सीता देवी, सोनिया देवी, चिंता देवी, सरिता देवी, बसिया देवी, बरती देवी, अंकिया देवी, ललिता देवी, शांति देवी समेत सैकड़ों लाभुक शामिल रहे।

### बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, तार-पोल बदलने के काम में लापरवाही



रमना। प्रखंड मुख्यालय और आसपास के ग्रामीण इलाकों में जर्जर बिजली तार और पोल बदले जा रहे हैं, लेकिन इस काम में भारी लापरवाही देखने को मिल रही है। हैदराबाद की एनसीसी कंपनी को इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन कंपनी के कर्मचारियों और बिजली विभाग की उदासीनता के कारण उपभोक्ता परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली काटी जा रही है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। साथ ही, सुरक्षा संकेतों और उपकरणों के अभाव में काम हो रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय झामुमो कार्यकर्ता अनुज कुमार, रोहित वर्मा, मुन्ना प्रसाद, संदीप कुमार, मुन्ना पासवान, संतोष यादव, सुभान अंसारी, नरेश प्रसाद और विशेश्वर मेहता ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों से इस लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### खेल प्रतियोगिता का आयोजन, विजेताओं को किया गया सम्मानित

**डंडई।** प्रखंड के जरही पंचायत स्थित हरियारा खेल मैदान में विद्यालयों के बीच फाइनल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आठ विद्यालयों के छात्रों ने हिस्सा लिया, जिसमें 200 मीटर दौड़, रस्सी दौड़ और कबड्डी जैसे खेल शामिल रहे। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# बीआरसी खरौंधी में विज्ञान प्रदर्शनी, छात्रों ने दिखाया नवाचार



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीआरसी खरौंधी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने रचनात्मक मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल के रूप में बीपीएम नवीन प्रकाश, बीआरपी राजेंद्र गुप्ता, शिक्षक अमरेश कुमार राम, अरविंद साह और सुनील ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का अवलोकन किया और उनकी नवीन सोच की सराहना की। प्रतियोगिता में स्तरोत्तर उच्च विद्यालय अमरोरा के शशांक कुमार द्विवेदी और दिव्यांशु कुमार चंद्रवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीएम श्री मध्य विद्यालय अरंगी की रौशनी कुमारी और पूजा कुमारी को द्वितीय स्थान मिला, जबकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंदनी के शाहिल कुमार सेठ और सत्यम कुमार रजक तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर राजीव रंजन द्विवेदी, गोविंद उरांव, सरोज बैठा, अरविंद कुमार गुप्ता, कुश कुमार चौधरी, चंद्रकांत रंजन, सोनू कुमार चंद्रवंशी, अजित कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजकों ने इस तरह की प्रदर्शनी को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि अधिक से अधिक छात्र विज्ञान में रुचि लें।

# एमके इंटरनेशनल स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्रों का विदाई समारोह



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** एमके इंटरनेशनल स्कूल में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के अध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु कुमार सिंह के प्रेरणादायक भाषण से हुई। इसके बाद प्रिंसिपल डॉ. रे रोज, मैनेजर रवींद्र कुमार शर्मा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह, विजय कुमार गुप्ता, जितेंद्र प्रताप यादव, खुशबू प्रजापति, सौरभ यादव, सुनील कुमार यादव और अहश्या ने भी छात्रों को परीक्षा और जीवन के लिए मार्गदर्शन दिया। विदाई समारोह कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा भावुकता के साथ आयोजित किया गया, जिसमें दसवीं कक्षा के छात्रों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों और छात्रों की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत, परिजनों ने किया विरोध प्रदर्शन



**श्री बंशीधर नगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-75 पर पाल्हे कला गांव के पास जेसीबी लदे ट्रेलर की चपेट में आने से अखिलेश मेहता (55 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने सड़क जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर सीओ विकास कुमार और पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे एनएचआई अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना स्थल पर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी, मुक्तेश्वर पांडेय और श्रवण सिंह सहित कई नेता पहुंचे।

### सरकार किसानों के साथ कर रही शोषण और वादाखिलाफी: रामलाल दुबे

**कांडी।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाल दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार पर किसानों के शोषण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के दर्जनों किसानों का पिछले साल का धान खरीद भुगतान अब तक नहीं हुआ है। इस साल भी किसानों का सैकड़ों क्विंटल धान विभिन्न पैक्सों में पड़ा हुआ है, लेकिन सरकार ने तौल की प्रक्रिया तक शुरू नहीं की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों का बकाया भुगतान जल्द नहीं किया गया तो सरकार के खिलाफ आंदोलन होगा।

# मनरेगा दिवस पर सम्मान समारोह, 100 दिन का रोजगार पूरा करने वालों को मिला प्रशस्ति पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को मनरेगा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीओ शुभम कुमार सिंह, जेई उपेंद्र कुमार रवि, पंचायत सचिव मंगल उरांव, सचित उरांव और प्रखंड पंचायती राज समन्वयक मोनिका राज ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मनरेगा योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मजदूरों और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीपीओ शुभम कुमार सिंह ने कहा कि मनरेगा सिर्फ रोजगार का साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का जरिया भी है। इस अवसर पर बीटीएम जगरनाथ कुमार, रोजगार सेवक विजय कच्छप, कुंवर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कथा जीवन के पाप का हरण करता है: पुष्पांजलि

**कांडी।** प्रखंड के राणाडीह गांव में आयोजित हो रहे श्री राम चरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ महोत्सव में कानपुर से पधारी मानस मंजरी रामकथा वाचिका पुष्पांजलि शुक्ला ने कहा कि कथा समाज को नई दिशा देने व समाज को विकास के पथ पर अग्रसर करने वाला होता है। यज्ञ के तीसरे दिन प्रवचन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कथा वह होता है जो जीवन के पाप का हरण करता है। कथा से जीवन में सुख शांति व समृद्धि आती है व कथा सुनने से लोगों में आत्मविश्वास जागृत होती है। प्रवचन सत्र को वाराणसी से पधारे पंडित सच्चितानंद त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। यज्ञ के 35वां अधिवेशन में प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम तक वाराणसी से पधारे आचार्य अवधेश मिश्रा व सहयोगियों द्वारा वैदिक मंत्रों से आवाहित देवी व देवताओं का पूजन पाठ व आरती किया जा रहा है। वहीं विद्वान ब्राह्मणों की टोली द्वारा श्री रामचरित मानस का पाठ किया जा रहा है। मौके पर परिक्रमा करने वालों की भीड़ लग रही है।

यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष श्याम बिहारी दुबे, सचिव ब्रजमोहन मिश्रा, संरक्षक श्यामसुंदर शर्मा,कोषाध्यक्ष संजय चौबे, भंडारी उपेन्द्र चौबे, सत्यनारायण पाण्डेय, सत्येन्द्र चौबे, प्रवेश राम, शिवदेव चौबे, चिंतामणि चौबे, लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, उपाध्यक्ष विजय पाण्डेय, गोरखनाथ चौबे, चंद्रमणि चौबे, अरविंद शर्मा सहित अन्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यज्ञ 12 फरवरी तक चलेगा।

कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, लातेहार
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अंतर्गत संविदा/अनुबंध के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

विज्ञापन सं0–01/2025 (DMFT) आवेदन की अंतिम तिथि–22.02.2025

जिला लातेहार के अंतर्गत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के तहत जिले के निवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता हेतु सदर अस्पताल लातेहार के लिए अनुबंध/संविदा के आधार पर औपबंधिक एवं अस्थायी रूप से आवश्यकता आधारित नीचे अंकित विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु हांथो–हांथ/निबंधित डाक/स्पीडपोस्ट के माध्यम से इच्छुक उम्मिदवारों से निम्नवत् रूप से आवेदनपत्र आमंत्रित किया जाताहै :–

01.जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अधीन आवश्यकता आधारित (संविदा/अनुबंध) पदों का विवरण निम्नवत् है:–

पदों की विवरणी:–

| क्र0 | पदनाम | आवश्यकता आधारित कोटिवार कुल रिक्ति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | आ0क0व0 | अ0जा0 | अज0जा0 | कुल |
| 1 | Surgeon | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | Anesthetist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | Skin Specialist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | Nephrologists | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | Forensic Expert | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |

नोटः–रिक्तयों की संख्या में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है।

➢ उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्तें, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृ तवेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा जा सकताहै।

PR 345979 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D
सिविल सर्जन, लातेहार

कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना(AB-JAY) के तहत लातेहार जिला अंतर्गत Case wise Procedure के आधार पर Hire Basis पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों की सेवाएँ प्राप्त करने हेतु विज्ञापन।

विज्ञापन सं0–01/2025(AB-JAY) आवेदन की अंतिम तिथि–22.02.2025

राज्य की जनता को गुणवत्तापूर्ण उच्चतर स्वास्थ्य सुविधाएँ निःशुल्क प्रदान करनें हेतु केन्द्र प्रायोजित आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-JAY) संचालित है। इस योजना अन्तर्गत सूची बद्ध सरकारी अस्पतालों को भी निःशुल्क उपचार के विरूद्ध संबंधित रोग हेतु निर्धारित Package के अन्तर्गत Claim की राशि प्राप्त होती है। वर्तमान में राज्य के सरकारी चिकित्सा संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के दृष्टिगत विभागीय संकल्प संख्या–108(21) दिनांक–14.08.2024 की कण्डिका–05 में इस योजना से उपार्जित राशि से निजी चिकित्सकों को Hire Basis पर सेवाएँ प्राप्त किये जानें का प्रावधान निरूपित है।

उक्त आलोक में उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में पारित निर्णयानुसार लातेहार जिले के सदर अस्पताल में Case wise Procedure के आधार पर Hire Basis पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों की सेवाएँ प्राप्त की जानी है।

तत्आलोक में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-JAY) के तहत लातेहार जिलान्तर्गत सदर अस्पताल लातेहार में Case wise Procedure के आधार पर Hire Basis पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों की सवाएँ प्राप्त करनें हेतु हांथो–हांथ/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से इच्छुक उम्मिदवारों से निम्नवत् रूप से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। पदों का विवरण निम्नवत् है:–

पदों की विवरणी:–

| क्र0 | पदनाम | आवश्यकता आधारित कोटिवार कुल रिक्ति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | आ0क0व0 | अ0जा0 | अज0जा0 | कुल |
| 1 | General Surgeon | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | Anesthetist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | Oncologist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | Dermatologist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | Pediatrician | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | Diabetologist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | | | | | कुल– | 06 |

नोटः–रिक्तयों की संख्या में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है।

➢ उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्तें, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in परदेखा जा सकता है।

PR 345975 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)
सिविल सर्जन, लातेहार।

## कार्यक्रम

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं, त्वरित समाधान का दिया निर्देश

## 20 आवेदनों पर हुई सुनवाई, संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता से निपटाने का आदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ। इस दौरान लगभग 20 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

### जमीन विवाद, लोन और खाद्यान्न वितरण जैसे मुद्दे उठे

जनता दरबार में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई, जिनमें आवास योजना, बैंक से जुड़े मामले, स्वास्थ्य, वृद्धा पेंशन, जमीन विवाद, राशन और पानी की समस्याएं प्रमुख रहीं। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**प्रमुख मामलों पर हुई सुनवाई :** ग्राम पाचाडुमर के विरवल राम ने शिकायत की कि उनकी जमीन पर जबरन मकान निर्माण किया जा रहा है, और विरोध करने पर मारपीट की जा रही है। उपायुक्त ने इस पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। धुरकी ग्राम के दिनेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50,000 रुपये का लोन मंजूर होने के बावजूद उन्हें चेक नहीं दिया गया। उपायुक्त ने तत्काल संबंधित कार्यालय को निर्देश देकर समाधान कराने की बात कही। डंडई के मनीष कुमार ने शिकायत की कि उनके पिता की जन वितरण दुकान निलंबन से मुक्त होने के बाद भी, राशन लाभुकों को नहीं मिला। इस दौरान, कालाबाजारी का मामला उजागर हुआ, जिसमें सफीक अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। उपायुक्त ने लंबित खाद्यान्न के शीघ्र वितरण के निर्देश दिए। जनता दरबार में उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों को प्राथमिकता देकर जल्द निपटाया जाए, ताकि जनता का प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

# बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधरोपण पर कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** मनरेगा सप्ताह एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किए जाने वाले पौधरोपण को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उपप्रमुख निशा सहादेव और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी केतन गुप्ता ने किया। इस दौरान मनरेगा सप्ताह के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों और बिरसा हरित ग्राम योजना पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस), सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, प्रखंड समन्वयक (आवास), प्रखंड समन्वयक (पंचायती राज), पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक, आवास मित्र, पंचायत मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और मनरेगा मजदूर/लाभुक उपस्थित रहे।

**मनरेगा मजदूरों को मिला सम्मान :** इस मौके पर मनरेगा के तहत 100 दिन का कार्य पूरा करने वाले मजदूरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, पंचायत मुखिया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# फसल सुरक्षा योजना पर किसानों को प्रशिक्षण बीडीओ ने जैविक खेती अपनाने की दी सलाह

**▸▸ किसान अन्नदाता बनें, विषदाता नहीं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड के धनगड़ा पंचायत भवन में शुक्रवार को फसल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया अरविंद सिंह और संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने किया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ देवलाल उरांव, मुखिया अरविंद सिंह और पंसस उषा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

फसल सुरक्षा योजना 2024-25 के तहत तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय किसान प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। बीडीओ ने किसानों से रासायनिक खेती छोड़कर जैविक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षणिक लाभ के लिए कुछ किसान पोस्ते जैसी मादक पदार्थों की खेती कर रहे हैं, जो असंवैधानिक है और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे विषदाता नहीं, बल्कि अन्नदाता बनें।




कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ अभिजीत घोष ने रबी फसलों में लगने वाले प्रमुख रोगों और उनके समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान दानेदार यूरिया के बजाय नैनो यूरिया का प्रयोग करें। प्याज, आलू, लहसुन जैसी फसलों में पोटाश की मात्रा बढ़ाने पर जोर दिया गया ताकि फसल की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े। साथ ही, फसल चक्र अपनाने और खेतों की उर्वरता बढ़ाने के लिए चुना (लाइम) प्रयोग करने की सलाह दी गई।

इस अवसर पर जनसेवक गौतम केशरी, रोजगार सेवक सूरज पाठक, उपमुखिया सुषमा देवी, जीवन राम, जगदेव राम, सुगन साव, मो. मुस्तफा, अभिषेक पांडेय, पिंकी देवी, मथुरा गंझु, रफीक मियां, बिनोद साव, अशोक सिंह, मुकेश राणा समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

### फसल सुरक्षा प्रशिक्षण में भाग लेने वाले किसानों को मिला प्रमाण पत्र और पुरस्कार

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के बनहे पंचायत भवन में शुक्रवार को फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में भाग लेने वाले 30 किसानों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने किसानों को जैविक खाद अपनाने की सलाह दी और कहा कि रासायनिक खादों से मिट्टी की उर्वरता घटती है। इस प्रशिक्षण में पौधा संरक्षक उमाशंकर प्रसाद, बीटीएम राजेश कुमार, एटीएम सुधीर कुमार, कृषक मित्र और कई किसान शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### चंदवा में जंगली हाथी की मौत, कारणों की जांच जारी

**चंदवा (लातेहार)।** लाधुप पंचायत के दुधीमाटी गांव के पास जंगल में एक जंगली हाथी का शव बरामद हुआ। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथी की मौत के कारणों की जांच शुरू की। मेडिकल टीम ने हाथी का विसरा संरक्षित कर जांच के लिए भेजा है। वन विभाग ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चलेगा।

### महावीर मंदिर के गुंबद निर्माण का पूजन संपन्न

**चंदवा।** कंचन नगरी में निमार्णाधीन महावीर मंदिर के गुंबद निर्माण के लिए विधिवत पूजन किया गया। मंदिर समिति के सचिव चंद्रभूषण केसरी ने बताया कि मंदिर का गुंबद महाराष्ट्र के कारीगरों द्वारा बनाया जा रहा है और इसकी ऊंचाई 31 फीट होगी। पूजन समारोह में समिति के अध्यक्ष आनंद कनोडिया, उमेश कुमार साह, शंकर बैठा, विनोद कुमार समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

### कोल वाहन सूखे पेड़ से टकराया, चालक सुरक्षित

**गिद्धौर (चतरा)।** बघमरी मोड़ के पास एक अनियंत्रित कोल वाहन महुआ के सूखे पेड़ से टकरा गया, जिससे वाहन का अगला हिस्सा और बायां टायर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि पेड़ 50 फीट दूर जा गिरा। चालक सुरक्षित बच गया।

### पंचायत कार्यकारिणी बैठक में विद्यालय में भस्मक यंत्र लगाने का निर्णय

**गिद्धौर (चतरा)।** बारीसाखी पंचायत कार्यकारिणी की बैठक में विद्यालय में भस्मक यंत्र लगाने, जलमिनारों की मरम्मत कराने और मनरेगा के तहत आम बागवानी, कूप, डोभा, तालाब जैसी योजनाओं की स्वीकृति दी गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया सुमिरा कुमारी ने की।

### पैंथर इलेवन ने सिंदुआरी फाइटर को 68 रन से हराया

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर क्रिकेट प्रीमियर लीग में पैंथर इलेवन ने 143 रन बनाए और सिंदुआरी फाइटर को 68 रन से हराया। विश्वनाथ कुमार ने शानदार प्रदर्शन कर तीन विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच बने।

### 8414 छात्रों की छात्रवृत्ति स्वीकृत, जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जिला स्तरीय छात्रवृत्ति अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कक्षा 1 से 10 तक के कुल 8414 छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति योजना का शत-प्रतिशत लाभ मिले। बैठक में क्ळऊअ निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला कोषागार पदाधिकारी निहारिका वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 को लेकर बैठक

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि परीक्षा को स्वच्छ और कदाचार मुक्त बनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, पेयजल, रोशनी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस बार जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 48 और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 28 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा 11 फरवरी से 3 मार्च तक चलेगी, जिसमें माध्यमिक के 17,771 और इंटरमीडिएट के 11,838 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

# शहर थाना पुलिस ने चार चोरों को किया गिरफ्तार

**● चोरी की मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने वाहन और मोबाइल चोरी के मामलों में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो वाहन चोर और दो मोबाइल चोर शामिल हैं।




**वाहन चोरी के मामले में दो गिरफ्तार :** गुरुवार को धोबी मुहल्ला निवासी अभिषेक कुमार (पिताः गोविंद राम) की मोटरसाइकिल उनके घर के दरवाजे के पास से चोरी हो गई थी। मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद शहर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिससे चोरी में शामिल अभियुक्तों की पहचान हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फारूख अंसारी (उम्र 19) और जिशान खान (उम्र 29), दोनों निवासी साई मुहल्ला, मुस्लिम नगर, शहर थाना क्षेत्र के रूप में हुई। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल बरामद की। साथ ही, चोरी में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई, जिसे आरोपियों ने पहले रेलवे स्टेशन से चुराया था।

**मोबाइल छिनतई में दो आरोपी गिरफ्तार :** इसके अलावा, शहर थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में भी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें रोशन सिंह (आबादगंज) ने पंकज कुमार, तरहसी का मोबाइल छः मुहान से छीनकर भाग गया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रोशन सिंह और लकी कुमार को गिरफ्तार किया। रोशन सिंह के पास से पंकज का चोरी हुआ मोबाइल बरामद कर लिया गया। शहर थाना प्रभारी देवर देवव्रत पोद्दार ने बताया कि रोशन सिंह का आपराधिक इतिहास पहले भी रहा है। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जिप अध्यक्ष ने किया मछली बिक्री केंद्र का उद्घाटन

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के मलकपुर गांव में जिप अध्यक्ष ममता देवी, प्रखंड प्रमुख प्रिया कुमारी और जिप सदस्य सरिता देवी ने मछली बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान विधिवत पूजा-पाठ और फीता काटने की रस्म पूरी की गई। इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से लाभुकों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार का केंद्र खोलना चाहता है, तो उसे जिला मत्स्य विभाग से संपर्क करना चाहिए। इस मौके पर मुखिया रंजय भारती, संजय रजक, अशोक यादव, जुगेश्वर दांगी, राजकुमार रजक, पंचायत समिति सदस्य लखन गुप्ता, रूबी देवी सहित कई जनप्रतिनिधि व किसान उपस्थित थे।

# ठंड में अप्रत्याशित बढ़ोतरी तापमान आठ डिग्री नीचे गिरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय समेत पूरे क्षेत्र में ठंड ने एक बार फिर से अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। बीते 24 घंटे में विभिन्न स्थानों पर तापमान में आठ डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आया है।



गुरुवार को अधिकतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस था, जबकि शुक्रवार को यह 8.7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। इस अप्रत्याशित गिरावट के कारण लोगों ने एक बार फिर से गर्म कपड़ों, कंबलों और रजाइयों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। यहां तक कि दिन के समय भी लोग स्वेटर और जैकेट पहने नजर आ रहे हैं। तापमान में अचानक आई इस गिरावट के पीछे पश्चिमी विक्षोभ को मुख्य कारण माना जा रहा है। ठंडी हवाओं के चलते दिनभर कनकनी बनी रही, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। पिछले कुछ दिनों से तापमान में वृद्धि हो रही थी, जिससे लगने लगा था कि ठंड का असर कम हो रहा है, लेकिन इस बदलाव ने लोगों को फिर से सर्दी का अहसास करा दिया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा, जिसके बाद तापमान में फिर से वृद्धि होने की संभावना है।

### दुर्गा मंदिर का 17वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय

**महुआडांड़।** स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में माँ दुर्गा मंदिर के 17वें स्थापना दिवस को लेकर हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की बैठक देर शाम तक चली। बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष भी स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाया जाएगा। 3 मार्च को बड़े पैमाने पर जल यात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए सरना समाज के संरक्षक अजय उरांव को छेछारी घाटी के सनातनियों को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई। जल यात्रा के मुख्य अतिथि स्थानीय और झारखंड के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह होंगे। 4 मार्च को वैदिक पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जबकि 5 मार्च को पूजन और पूर्णाहुति संपन्न होगी। बैठक में विजय जायसवाल, अरुण जायसवाल, भानु प्रसाद, दिलीप प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता, हिरालाल प्रसाद, अजय उरांव, बिहारी जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भारतीय अप्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार निंदनीय : प्रमोद साहू




**चंदवा।** झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन की बैठक रामजतन भवन में हुई, जिसकी अध्यक्षता धनेश्वर तुरी ने की। यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने अमेरिका में 104 भारतीय अप्रवासियों के साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों को हथकड़ी और बेड़ियों में जकड़कर बिना भोजन-पानी के विमान से चंडीगढ़ भेजना मानवाधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर अमेरिका से कड़ा जवाब मांगने की अपील की। बैठक में कई मजदूर नेता उपस्थित थे।

### विद्यालयों की स्थिति दयनीय, जिला परिषद संतोषी शेखर ने किया निरीक्षण

**लातेहार।** जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने मोरवाई प्लस टू विद्यालय और मंडल मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां भवन और शिक्षकों की भारी कमी पाई गई। मोरवाई प्लस टू विद्यालय में 500 छात्रों के लिए सिर्फ 7 कमरे हैं, जिनमें से अधिकतर जर्जर हैं। शिक्षकों की भी भारी कमी है। मंडल मध्य विद्यालय में पेयजल और कमरों की समस्या सामने आई। संतोषी शेखर ने इन समस्याओं से जिला अधिकारी और विभागीय सचिव को अवगत कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान कई स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### बीडीओ ने किया आवास योजना निर्माण कार्य का निरीक्षण

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने शुक्रवार को कसारी पंचायत में आवास योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभुकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लाभुक आवास की राशि लेकर भी निर्माण कार्य नहीं कर रहे हैं, उनके घरों का डोर-टू-डोर निरीक्षण किया जाएगा। ऐसे लाभुकों को 12 घंटे के अंदर कार्य शुरू करने और अपूर्ण आवासों को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया गया। इस निरीक्षण के दौरान प्रखंड समन्वयक, मुखिया और पंचायत सचिव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# महुआडांड़-लोध फॉल मुख्य पथ की मरम्मत पर उठे सवाल

**▸▸ एक माह में ही उखड़ने लगी सड़क, स्थानीय लोगों में आक्रोश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ पथ निर्माण विभाग द्वारा कराए गए महुआडांड़-लोध फॉल मुख्य पथ की मरम्मत महज एक महीने के भीतर ही खराब होने लगी है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि मरम्मत कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है।



यह सड़क प्रखंड की एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिससे प्रतिदिन हजारों पर्यटक लोध फॉल जाते हैं। इसके लिए 30 लाख रुपये आवंटित किए गए थे, लेकिन कुछ ही हफ्तों में सड़क पर गड्ढे बनने लगे और डामर उखड़ने लगा। स्थानीय निवासी और लोध इको विकास समिति के सुशील नगेशिया ने कहा कि मरम्मत में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। जब इस बारे में पथ निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विजय बाखला से प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा कि वे जांच कर रहे हैं और यदि लापरवाही पाई गई तो ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रों को रोजगार की जानकारी दी गई

**लातेहार।** जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार द्वारा 6 और 7 फरवरी को सीएम एक्सीलेंस स्कूल और जिला खेल स्टेडियम में नियोजनालय जागरूकता कार्यशाला-सह-मोबिलाइजेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने छात्रों को सिविल सर्विस, बैंकिंग, नीट, एनडीए और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नियोजनालय से मिलने वाली सुविधाओं की भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला नियोजनालय के कर्मी, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षक भी उपस्थित रहे।

**जन शिकायत निवारण शिविर में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं**

# लोगों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्य मुद्दों में कृषि लोन माफी, मुआवजा, विकलांग वाहन जारी करने, पेंशन संबंधी शिकायतें शामिल थीं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों की जल्द जांच और समाधान के निर्देश दिए। 17 प्राप्त आवेदनों में से कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को आयोजित होने वाले जन शिकायत निवारण शिविरों में सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर समाधान सुनिश्चित करें।


## कार्यालय, कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज (पलामू)

### इच्छा की अभिव्यक्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज अंतर्गत मुख्य बाजार प्रांगण, बैरिया में पूर्व से निर्मित बैंक भवन को भारतीय स्टेट बैंक, कृषि बाजार प्रांगण, नरसंडा शाखा द्वारा खाली कर दिया गया है, जिसे समिति द्वारा पुनः अन्य बैंको/सरकारी संस्थाओं को समिति के राजस्व हित में आवंटित किया जाना है। बैंक भवन का कुल क्षेत्रफल 1715 वर्गफीट है तथा किराया 05.00 (पाँच) रू0 प्रति वर्गफीट की दर से प्रतिमाह निर्धारित है।

यदि कोई भी इच्छुक बैंक/सरकारी संस्थान उक्त बैंक भवन का उपयोग करने हेतु इच्छुक है, तो वैस बैंक/सरकारी संस्थानों से दिनांक – 20.02.2025 तक आवेदन आमंत्रित किए जातें है।

इच्छुक बैंक/सरकारी संस्थान अपना–अपना आवेदन दिनांक– 20.02.2025 तक बाजार समिति, डालटनगंज के कार्यालय में कार्यालय समयावधि में समर्पित कर सकते है।

प्राप्त आवेदन के अनुसार पर्षदीय निदेशानुसार निर्धारित नियम एवं शर्त्त के आलोक में उक्त गोदाम के आवंटन की प्रक्रिया अपनायी जाएगी तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत/रद्द करने का अधिकार समिति/पर्षद को सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु बाजार समिति, कार्यालय से कार्यालय समयावधि में संपर्क किया जा सकता है।

पणन सचिव
कृशि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू)

PR.NO.345963 District(24-25):D



## कार्यालय :– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

### अल्पकालीन निविदा, (NIT No. - 08/2024-25)

| | |
|---|---|
| 1. विज्ञापनदाता का नाम | प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। |
| 2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक 25.02.25 तथा 27.02.25, कार्यालय अवधि में न0पं0, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर |
| 3. निविदा जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक 28.02.25 के 11:00 बजे पूर्वा0 से 02.00 बजे अप0 तक न0पं0, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर |
| 4. निविदा खोलने का तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 28.02.25 को नगर पंचायत, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर में 3.00 बजे अप0 से। |

| क्र0 | कार्य का नाम | मद | वार्ड | प्रा0 राशि | परिमाण विपत्र मूल्य | अग्रधन राशि | कार्य पूर्णता अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of PCC Road from House of Manoj Dom to House of Dilip Dom | शहरी परिवहन | 07 | 994500.00 | 5000.00 | 19900.00 | 03 माह |
| 02 | Construction of PCC Road from House of Prasant Jaiswal to Bus Stand (Shanti Gali, Sabji Market) | शहरी परिवहन | 08 | 991067.00 | 5000.00 | 19830.00 | 03 माह |
| 03 | Construction of PCC Road from Bandh to House of Rajesh Baitha | शहरी परिवहन | 10 | 997400.00 | 5000.00 | 19950.00 | 03 माह |
| 04 | Construction of PCC Road from House of Vijay Singh Towards House of Dharmendra Vishwakarma to House of Ramjit Paswan (Part 01) | शहरी परिवहन | 13 | 994700.00 | 5000.00 | 19900.00 | 03 माह |
| 05 | Construction of PCC Road from House of Vijay Singh Towards House of Dharmendra Vishwakarma to House of Ramjit Paswan (Part 02) | शहरी परिवहन | 13 | 994700.00 | 5000.00 | 19900.00 | 03 माह |
| 06 | Construction of RCC Drainage with Slab from House of Prakash Oraon towards Nahar to House of Prameshwar Oraon (Part 01) | नागरिक सुविधा | 05 | 996100.00 | 5000.00 | 19930.00 | 03 माह |
| 07 | Construction of RCC Drainage with Slab from House of Prakash Oraon towards Nahar to House of Prameshwar Oraon (Part 02) | नागरिक सुविधा | 05 | 996100.00 | 5000.00 | 19930.00 | 03 माह |
| 08 | Construction of RCC Drainage with Slab in Police Station Campus, Nagar Untari | नागरिक सुविधा | 08 | 624900.00 | 5000.00 | 12500.00 | 03 माह |
| 09 | Construction of RCC Drainage with Slab from House of Rajendra Baitha to House of Somnath Prasad (Part 01) | नागरिक सुविधा | 10 | 996100.00 | 5000.00 | 19930.00 | 03 माह |
| 10 | Construction of RCC Drainage with Slab from House of Rajendra Baitha to House of Somnath Prasad (Part 02) | नागरिक सुविधा | 10 | 996100.00 | 5000.00 | 19930.00 | 03 माह |
| 11 | Construction of RCC Drainage with Slab from House of Jakir Ansari to River | नागरिक सुविधा | 14 | 996100.00 | 5000.00 | 19930.00 | 03 माह |

अधिक जानकारी के लिये के बेबसाईट www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 346026 Rural Development(24-25)#D

# घर-घर लोगों को खिलाई जाएंगी डीईसी व एल्बेंडाजोल की गोलियां : सीएस



सीएस ने फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में सजग होकर दवा खाने की अपील किया
लोहरदगा में 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा

**लोहरदगा।** सदर अस्पताल परिसर में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। सीएस डॉ शंभूनाथ चौधरी ने लोगो से फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में सजग होकर दवा खाने की अपील किया। कहा कि हाथी पांव के साथ जिंदगी जीने की विवशता को मात देने की जरूरत है। डीईसी व एल्बेंडाजोल की गोली पूरी तरह सुरक्षित है। कहा कि जिले को फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने की दिशा में कारगर साबित होगा. इस कार्य मे आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, एएनएम चिन्हित बूथ पर लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाएंगे. छूटे हुए लाभार्थियों को डोर टू डोर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी. सिविल सर्जन ने बताया कि 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा। पहले दो दिन बूथ स्तर पर एव डोर टू डोर कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग सजग है। इसके लिए विभिन्न कार्ययोजना तैयार किया गया है। सरकार के निदेर्शानुसार सभी लोगो को दो तरह की दवाएं खिलाई जाएगी। लोगो को डीईसी एक गोली 100 मिलीग्राम की एव एल्बेंडाजोल एक गोली 400 मिलीग्राम की गोली खिलाई जानी है। आयु वर्ग 1-2 के बच्चों को डीईसी नही देना है जबकि एल्बेंडाजोल की आधा गोली खिलाना है। 2-5 आयु वर्ग के बच्चों को एक गोली डीईसी व एक गोली एल्बेंडाजोल खिलाना है। 6-14 आयु वर्ग के बच्चों को 2 गोली डीईसी व एक एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी जबकि 15 साल से बड़े सभी लोगो को डीईसी की 3 गोली व एल्बेंडाजोल की 01 गोली खिलाई जाएगी। कहा कि एक साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से ग्रसित रोगों वाले व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगो को दो तरह की गोलियां खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि खाली पेट दवा नहीं लेना है, उम्र वार दवा लेना है, दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। सीएस ने कहा कि लोहरदगा में कुल 79 एचएससी, 353 गांव, 690 बूथ, 136 सुपरवाइजर है। जिले के सभी छह प्रखंडों में दवा खिलाने का लक्ष्य 563480 है।

## विश्व की समस्त वस्तुएं व प्रकृति नियमों से बंधी हैं : प्राचार्य जीपी झा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा के प्रांगण में प्राचार्य जी.पी. झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन करने से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा हर साल आयोजित किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी सड़क उपयोगकर्ताओं की साझा जिम्मेदारी पर जोर देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। हर साल होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की चौंका देने वाली संख्या के साथ, यह पहल ड्राइवरों और पैदल चलने वालों के बीच अनुशासन, जागरूकता और सावधानी पैदा करने का प्रयास करती है। किशोरावस्था में प्रवेश कर चुके विद्यार्थियों में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सावधानी के नियमों से उन्हें अवगत करवाने व जागरूक उत्पन्न करने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा छठी की छात्रा हर्षिता कुमारी द्वारा यातायात के नियमों पर भाषण प्रस्तुत कर किया गया। शिक्षिका आरती कुमारी ने यातायात के संदर्भ में कविता प्रस्तुत किया। शिक्षक शशिकांत पाठक और शिक्षक रुचिर मृगेंद्र द्वारा सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों को लेकर प्रश्नोत्तरी चर्चा तथा भाषण प्रस्तुत किया गया। शिक्षिका आरती कुमारी व अमित कुमार के निर्देशन में वेद प्रकाश व समूह द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

## नवनिर्मित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा शुरू



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुर्की तोड़ार पंचायत के तोड़ार ग्राम में नवनिर्मित राम मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा शुक्रवार से प्रारंभ हो गया.प्राण प्रतिष्ठा से 51 बालिकाओं द्वारा फुलझर नदी से कलश में जल उठाया गया। श्री राम जी का प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। वही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आचार्य श्यामबिहारी मिश्रा और वृजेन्द्रमनी मिश्रा की अगुवाई में पुजारी नरेंद्र महतो व कौशल्या देवी द्वारा नवनिर्मित मन्दिर में भगवान श्री राम का प्रण प्रतिष्ठा किया किया जा रहा है। अखण्ड हरि कृतन व भंडारा का आयोजन किया जायेगा। मौके पर सैकड़ो श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। मौके पर पूजा कुमारी,ममता देवी,अंजली कुमारी,रोशनी कुमारी,कौशल्या देवी,रीता कुमारी,रेशमा कुमारी,रानी साहु,पूजा यादव,प्रीति जायसवाल के अलावे रोहित यादव,नरेंद्र यादव,बजरंग यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## मत्स्य विभाग की योजनाओं के चयन के लिए समिति की बैठक हुई

**लोहरदगा।** उपायुक्त डा. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग के विभिन्न योजनाओं के लिए लाभकों/लाभुक समितियों का चयन हेतु आवश्यक बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत बायोफ्लॉक तालाब योजना, स्मॉल रीसकुर्लेटरी एक्वेक्ल्चर सिस्टम, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना, वेद व्यास आवास योजना, मोटर बोट योजना में प्राप्त आवेदन की समीक्षा उपरांत लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन सर्वसम्मति से किया गया।बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, कृषि विज्ञान केंद्र के सीनियर साइंटिस्ट डॉ हेमंत कुमार पांडेय समेत सभी माननीय सदस्य उपस्थित थे।



## घर से आभूषण की चोरी कर भाग रहा चोर धराया



**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बैमारी गांव में गुरुवार की शाम घर में रखे गोदरेज का लॉकर तोड़ आभूषण की चोरी कर भाग रहे एक युवक को स्वजनों ने रंगे हाथ धर दबोचा है। साथ ही चोरी करते पकड़े गए युवक को आभूषण के साथ भंडरा थाना को सुपुर्द कर दिया है। इधर अग्रतर कानूनी कार्रवाई करते हुए भंडरा थाना पुलिस ने आरोपित सदर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी सफीक अंसारी के पुत्र हबीब अंसारी (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपित हबीब अंसारी द्वारा गुरुवार की देर शाम भंडरा थाना क्षेत्र के बैमारी गांव निवासी विनीत उरांव के घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसकी भनक लगते ही घर के स्वजनों द्वारा आरोपित को पकड़ कर तलाशी लिया गया। जिसमें आरोपित के पास से एक जोड़ा चांदी का बाला, चांदी का एक अंगूठी, सोना का एक अंगूठी और नाक का बेसल बरामद किया गया। साथ ही इसकी सूचना स्वजनों ने भंडरा थाना पुलिस को दिया।

## नक्सल प्रभाव क्षेत्र में मानव चिकित्सीय शिविर का हुआ आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कुरुमगढ़ में शुक्रवार को 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट श्री राजेश सिंह के निर्देशन में ह्यडीह्न कंपनी कुरुमगढ़ द्वारा एक मानव चिकित्सीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर चांदगो गांव में आयोजित किया गया, जिसमें चांदगो और उसके आसपास के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इस चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य की देखभाल करना और उन्हें चिकित्सा सुविधा प्रदान करना था। शिविर में विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सा टीम ने चिकित्सा जांच के बाद आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया, जिससे ग्रामीणों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सकी।चिकित्सा शिविर में 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के मेडिकल ऑफिसर डा० हिमांशु गिरी, कुरुमगढ़ कंपनी कमांडर



ईशान्त राठी, और कुरुमगढ़ थाना प्रभारी श्री वी.के. चेतन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने शिविर के दौरान ग्रामीणों का हौसला बढ़ाया और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के महत्व पर जोर दिया।इस शिविर ने ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में एनसीसी प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में 46 झारखंड बटालियन गुमला द्वारा एनसीसी का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें भैया -बहनों के पारस्परिक कौशल के विकास को देखा गया। 46 झारखंड बटालियन गुमला से आए प्रशिक्षक हवलदार अमित कुमार ,हवलदार वी अमुचून सिंह ने भैया- बहनों को बताया कि एनसीसी भारतीय सशस्त्र बलों की भारतीय सैन्य कैडेट कोर शाखा है। जो छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करती है।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि 3 वर्ष का है। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा, विद्यालय विभाग प्रमुख एनसीसी कैडेट वीणा तिवारी, ऋषि रंजन और सुप्रिया घोषाल उपस्थित थे।

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** राज्य में संचालित सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोहरदगा जिला में भी जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिन्दू विद्यालय लोहरदगा, कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कुजरा लोहरदगा और कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय लोहरदगा नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। नामांकन के लिए टेस्ट 1 मार्च 2025 को होगा। पहली मेधा सूची 10 मार्च 2025 को जारी की जाएगी। नामांकन 11 से 22 मार्च 2025 तक चलेगा।सीबीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट शिक्षा दी जाती है। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए सीबीएससी बोर्ड के अनुसार पाठ्यक्रम, गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित होते है। उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आधुनिक प्रयोगशालाएं और पुस्तकालय भी है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से कराया जा सकता है। ऑफलाइन नामांकन फॉर्म स्कूल से प्राप्त किया जा सकता है जबकि ऑनलाइन आवेदन ई-विद्यावाहिनी पोर्टल/एप के माध्यम से किया जा सकता है। उक्त विद्यालयों में नामांकन की समीक्षा की गई। जिसमें सभी बीआरपी, सीआरपी को सीट से 5 गुना फॉर्म ऑनलाइन या ऑफलाइन भरवाने का निदेश दिया गया। बताया गया कि कस्तूरबा सीएम बालिका स्कूल में कुल सीट क्लास 6- 40, क्लास 7-17, क्लास 8- 06, क्लास 9- 86, क्लास 11- 125 है वही नदिया सीएम स्कूल में-क्लास -6-40, क्लास-7- 17, क्लास-8-06, क्लास-9 -86 , क्लास- 11-124 सीट है। वही केजीबीवी सीएम स्कूल में क्लास 6 में 25

## पार्क निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में आठ नामजद एवं 50 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** बक्सीडीपा जंगल में सरकारी फंड से वन विभाग के द्वारा पार्क निर्माण कराया जा रहा है.जिस पर पार्क निर्माण कार्य में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बाधा पहुंचाने के आरोप पर 8 नामजद एवं 50 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है.विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित बक्सीडीपा जंगल में वन विभाग के द्वारा एक करोड़ अड़तीस लाख की लागत से पार्क निर्माण कार्य आरम्भ किया गया है. परंतु निर्माण कार्य शुरू होने के दौरान बदला पंचायत के स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विरुद्ध कार्य बाधित करने,सरकारी संपति को नष्ट करने,सामग्री का चोरी एवं सरकारी कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार और गाली गलौज करने का आरोप है.जिस पर प्रभारी वन परिसर पदाधिकारी द्वारा लिखित आवेदन देते हुए. 8 नामजद और 50 अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया.वही प्रभारी वन परिसर पदाधिकारी ने आवेदन के माध्यम से सेन्हा पुलिस को अवगत कराया है. कि पार्क निर्माण कार्य चल रहा था.उसी दौरान 23 जनवरी 2025 को दोपहर करीब 2 बजे स्थानीय ग्रामीण करमचंद उराँव पिता बड़वा बुधवा उराँव,नंदलाल उराँव पिता सुधिया उराँव,गोंदा उराँव पिता स्व0 पलेया उराँव,राजेश उराँव पिता संतु उराँव,दीपक उराँव पिता फंगा उराँव,राजकुमार उराँव पिता फंगा उराँव,रामदास उराँव,पिता स्व0 नागों उराँव,माडु उराँव पिता





सुकरा उराँव तथा 50 अज्ञात लोग कार्य स्थल पहुंच कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और अनाधिकार प्रवेश कर निर्माणधीन रेस्ट हाउस में प्रयुक्त सरिया को जमीन से उखाड़ दिया इसके अलावे सरकारी संपति की चोरी भी किया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि पत्रांक 11 दिनांक 4 फरवरी 2025 के तहत प्राप्त आवेदन के आलोक में मामले को संज्ञान में लेते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 14/25 दर्ज कर बी एन एस के अंतर्गत धारा 329(3),191(2)191(3) 190/132/303(2)/352/351 (2) के तहत नामजद एवं अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है. सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्क निर्माण कार्य को रोकते हुए बदला पंचायत ग्राम के विभिन्न गांव टोला के स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जल जंगल जमीन आदिवासियों का धरोहर है.जिसे वन विभाग अपनी मनमानी करते हुए धरोहर को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रही है.जिससे हम सभी आदिवासी समाज को जीविकोपार्जन में बाधाएं उतपन्न होगी.जिसे देखते हुए पार्क निर्माण कार्य को रोकने के लिए गोलबंद हो आवाज उठा रहें है।

## धान अधिप्राप्ति केंद्र से धान का उठाव करें राइस मिल प्रबंधक : बीडीओ

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रभारी आपूर्ती पदाधिकारी धान अधिप्राप्ति केंद्र सेन्हा और कमला राइस मिल का भ्रमण कर कमला राइस मिल के प्रबंधक से मुलाकात किया वही राइस मिल प्रबंधक से मुलाकात कर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु ने राइस मिल संचालक को निर्देश देते हद कहा कि धान का उठाव धान अधिप्राप्ति केंद्र सेन्हा से करें जिसे और धान को को गोदाम में रखा जा सके। वही प्रखंड प्रभारी आपूर्ती पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र में किसानों से 4500 क्विंटल का धान की खरीदारी हुआ है। जिसे प्रखंड मुख्यालय स्थित गोदाम भरा हुआ है.जिसे धान का उठाव राइस मिल को करना है.जिस के लिये राइस मिल प्रबंधक को अवगत करा दिया गया है.साथ ही बीडीओ ने प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जो किसान धान विक्रय के लिये पंजीयन कराये हैं.और धान को धान अधिप्राप्ति केंद्र को नहीं दिये हैं.उन सभी सूचना देने के लिये कहा गया है. साथ ही धान की राशि कितने किसान को मिला है उसका उपयोगिता जमा करने का निर्देश दिया गया है।



## अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर और दो डाला जब्त

**गुमला।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड में प्रशासन ने अवैध बालू खनन के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। एसडीओ के निदेर्शानुसार सीओ अविनाश कुजूर के नेतृत्व में बीते शाम सिंगरौली नदी में छापेमारी अभियान चलाया गया।

इस दौरान भरनो थाना के सब-इंस्पेक्टर अभिनंदन कुमार एवं सशस्त्र बल की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से खनन व परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर डाला सहित दो डाला को जब्त किया।

## चैनपुर प्रखंड में मनरेगा योजनाओं का सफल क्रियान्वयन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उप प्रमुख प्रमोद खलखो एवं चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने किया। दीप प्रज्वलन के साथ इस प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ, जिसमें मास्टर ट्रेनर मुखिया रामप्रसाद बड़ाइक और रोशिला शांता समद ने योगदान दिया।इस प्रशिक्षण में चैनपुर एवं जारी प्रखंड के मुखिया, पंचायत सचिव और ग्राम पंचायतों के तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर विकास योजनाओं को



प्रभावी ढंग से लागू करना और स्थानीय प्रशासन को सशक्त बनाना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने इस अवसर पर कहा, सरकारी कार्यों का संचालन पंचायत भवन में होने से ग्रामीणों का समय बचेगा। इससे लाभुकों को रोजाना प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान तेजी से होगा। उप प्रमुख प्रमोद खलखो ने पलायन की समस्या पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमारे क्षेत्र में पलायन एक गंभीर मुद्दा रहा है। यदि सभी कार्य पंचायत भवन में होने लगेंगे, तो यह समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे लोग अपने गांव में रहकर काम कर सकेंगे।ऱ्यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को समापन होगा, जिसमें प्रतिभागियों को उनकी सीख और अनुभव साझा करने का मौका मिलेगा। इस पहल के माध्यम से आशा की जा रही है कि मनरेगा योजनाओं के अंतर्गत कार्यों की गति बढ़ेगी और ग्रामीण विकास में नया आयाम स्थापित होगा। इस कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण की सराहना की और इसे अपने कार्य क्षेत्र में लागू करने का संकल्प लिया। चैनपुर प्रखंड में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखने की योजना है।

## जनवरी माह का राशन वितरण समय पर पूरा होना चाहिए : बीडीओ यादव

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड स्थित सभागार में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री यादव बैठा ने की। इस बैठक में प्रखंड के सभी राशन डीलरों को एनएफएसए एवं ग्रीन कार्ड धारकों को शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आदेश दिया गया कि वे सभी लाभुकों का ई-केवाईसी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करें। इस प्रक्रिया को प्राथमिकता देने का उद्देश्य यह है कि राशन वितरण में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए। बीडीओ यादव बैठा ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनवरी माह का राशन वितरण समय पर पूरा होना चाहिए और इसमें किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में बीडीओ ने अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने सोना सोबरन धोती-साड़ी के वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने, मृत लाभुकों के नाम सूची से हटाने, स्टॉक रजिस्टर को सही तरीके से मेंटेन करने, और चीनी के गोदाम से उठाव कर वितरण करने के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई-पुर्ननिविदा संख्या 13/2024-25/EE/NREP/LATEHAR एवं PR 345423 Rural Development (24-25).D में प्रकाशित निविदा में निम्न संशोधन किये जाते हैं।


1. वेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –07.02.2025
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –13.02.2025
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 15.02.2025

शेष सभी शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 345996 (NREP)24-25*D

## चैनपुर प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) यादव बैठा और प्रखंड चिकित्सक प्रभारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने स्थानीय मुखिया और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर फायलेरिया उन्मूलन के तहत चलाए जा रहे सरकारी अभियान पर चर्चा की।बैठक में बीडीओ यादव बैठा ने उपस्थित मुखियाओं से कहा, फायलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसे समय रहते नहीं रोका गया तो यह भविष्य में और भी बढ़ सकती है। खासकर यह हाथी पैर से जाने जाती है। उन्होंने सभी मुखियाओं से अपील की कि वे न केवल स्वयं दवा का सेवन करें, बल्कि अपने ग्रामीणों को भी इसके लिए प्रेरित करें।डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने कहा, स्वास्थ्य विभाग की सहिया (कम्युनिटी हेल्थ वर्कर) घर-घर जाकर दवा वितरण करेंगी। जिन लोगों ने दवा नहीं खाई है, उन्हें जागरूक करें और प्रेरित करें। इससे आपके गांव और ग्राम पंचायत फायलेरिया मुक्त हो सकेगा। बैठक में उपस्थित मुखियाओं में शोभा देवी और मधुरा मिंज सहित चैनपुर प्रखंड के अन्य सभी मुखिया शामिल थे। सभी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग की प्रतिबद्धता जताई।यह अभियान न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा, बल्कि सामुदायिक सहयोग से फायलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे बेहतर जीवन जी सकेंगे।इस प्रकार की बैठकें और जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। सभी को मिलकर इस दिशा में कदम उठाना होगा ताकि फायलेरिया जैसी बीमारियों का समूल नाश किया जा सके।

# प्रधानाचार्य सम्मेलन के तीसरे दिन शिशु वाटिका योजना पर हुआ मंथन

## विद्यालय प्रबंधन व उत्कृष्ट प्रधानाचार्यों का हुआ सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

प्रधानाचार्य सम्मेलन 2025 के तीसरे दिन विद्या भारती की प्रमुख योजनाओं में शामिल शिशु वाटिका पर विशेष चर्चा हुई। शिशु वाटिका की क्षेत्र प्रमुख मंजू श्रीवास्तव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शिशु वाटिका बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक विकास की पहली प्रयोगशाला है। उन्होंने शिशु वाटिका की 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि शिक्षण क्रिया-आधारित हो, तो बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने बताया कि शिशुओं के समग्र विकास के लिए तरणताल, चिड़ियाघर, वास्तु संग्रह, पुस्तकालय, विज्ञान




प्रयोगशाला जैसे विभिन्न आयामों की प्रारंभिक जानकारी देना आवश्यक है। इससे शिशु अपने जीवन में उच्च शिखर की ओर अग्रसर होते हैं।

**विद्यालय प्रबंधन पर चर्चा व प्रधानाचार्यों का सम्मान**

प्रातः सत्र में विद्या विकास समिति के सचिव नकुल शर्मा ने प्रधानाचार्यों से विद्यालय प्रबंधन एवं व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान संस्कृति ज्ञान परीक्षा तथा प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। इस श्रेणी में स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा को सर्वाधिक अभिभावकों एवं अन्य विद्यालयों को अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जोड़ने के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

**देश की सांस्कृतिक विरासत पर रंगारंग प्रस्तुति**

दूसरे दिन संध्या सत्र में विद्यालय की बहनों ने देश की सांस्कृतिक विरासत को भव्य मंचन के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित प्रधानाचार्यों एवं अधिकारियों को भाव-विभोर कर दिया। सम्मेलन में विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल शर्मा, विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, प्रदेश सह मंत्री डॉ. पूजा, विभाग निरीक्षक, पूर्णकालिक सदस्य तथा स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास एवं समिति सदस्य राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## एनएच-23 पर ऑटो और ट्रक की भीषण टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र में एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर शुक्रवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ। दुम्बो गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप ऑटो और मालवाहक ट्रक की सीधी टक्कर में ऑटो सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ट्रक चालक को मामूली चोटें आई हैं।



घायलों में ऑटो चालक आकाश नायक (36) जोराक गांव, घुड़ों देवी (60) तीर्रा, और बिरसा उरांव (50) अमलिया पीपरटोली निवासी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुमला से रांची जा रहा मालवाहक ट्रक रॉन्ग साइड से आ रहे एक ऑटो से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक सड़क से नीचे उतर गया और ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही भरनो थाना के सब-इंस्पेक्टर अर्जुन यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। घायलों को ग्रामीणों की मदद से पुलिस वाहन से भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बिरसा उरांव और ऑटो चालक आकाश नायक को रिम्स, रांची रेफर कर दिया। जबकि घुड़ों देवी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो और ट्रक को जब्त कर लिया है। इस हादसे से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## उकौली पंचायत की झामुमो पंचायत स्तरीय समिति का किया गया गठन

**बानो।** उकौली पंचायत झामुमो पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया गया। प्रखंड के उकौली पंचायत में बानो जिला परिषद सदस्य सह संयोजक मंडली के सदस्य बिरजो कंडुलना और संयोजक मंडली सदस्य धर्मदास तोपनो की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उकौली पंचायत समिति का गठन किया गया साथ ही कार्यकताओं के द्वारा सदस्यता अभियान भी चलाया।बैठक में झामुमो पंचायत समिति के अध्यक्ष बसंत कंडुलना, उपाध्यक्ष ईमिल कंडुलना,सचिव राशन तोपनो,उप सचिव सुनिल तोपनो,कोषाध्यक्ष लुकास कंडुलना को बनाया गया।मौके पर बिरजो कंडुलना ने उपस्थित लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में वर्तमान झारखंड के अबुआ सरकार द्वारा गरीब किसानों और आम जनों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।


**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT**
**P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR**
**(An Autonomous Institution under School Education & Literacy Deptt. Govt of Jharkhand**

**NOTICE INVITING TENDER**

**Enquiry No- 41** **Dated- 06-02-2025**

Sealed tenders are invited from Netarhat Residential School, Netarhat from Manufacturers/Companies/OEMs/Authorized Distributors/ Dealers and Reputed firms having relevant experience under two bid system i.e. Technical Bid & Financial Bid for Supply & Installation 6 Set Colors LED TV 42" Samsung make for Ashrams at Netarhat Residential School situated at Netarhat, District- Latehar.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Supply & Installation of 6 set LED T.V 42" (Color) Samsung make for Ashrams at Netarhat Residential School at Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand |
| 2. | Scope of Work | Supply & Installation of LED T.V 42" (Color) Samsung make |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, District- Latehar |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 06.02.2025 at 1 P.M. |
| 5. | Last Date and Time for receipt of Bids | 20.02.2025 at 11.30 A.M |
| 6. | Date of Opening of the Tender | 21.02.2025 at 12.50 P.M (Technical Bid) 22.02.2025 at 12.50P.M (Financial bid will be opened only those firms who are found eligible in technical bids) |
| 7. | Contact Persons with Details | Principal Official Contact No-6201750198 Email id- principal.netarhat@gmail.com |

**Complete details can be seen on our school's website** www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School, Netarhat

PR.NO.346018 Human Resource Developement(24-25):D


## 40 लाख की लागत से चिकित्सकों के लिए बना विश्राम भवन हो रहा बेमानी साबित

**कुडू-लोहरदगा ।** कुडू सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में लंबे समय तक झड़ते प्लास्टर और टपकती छत के नीचे के रह रहे चिकित्सकों को एक ढंग का आवास मुहैया हुआ। जिसपर बड़े बड़े अक्षरों में लिखा हुआ है कि 'सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कुडू में चिकित्सकों के विश्राम करने के लिए बना भवन' लेकिन



दुर्भाग्यवश यह भी बेमानी साबित हो रहा है। विश्राम करने के लिए बने इस भवन में चारदीवारी नहीं रहने के कारण अस्पताल में तैनात चिकित्सको को हर समय विश्राम के वक़्त भी सावधान रहना पड़ता है। भारी व्यस्तम एनएच 75 के ठीक सटे इस भवन की चारदीवारी नही होने के कारण यहां कभी आवारे कुत्ते तो कभी सड़क पर आए दिन घूमते मानसिक रोगी से लेकर असामाजिक तत्व तक बड़ी आसानी से इधर से उधर होते रहते हैं। जिससे चिकित्सक व कर्मी भी सशंकित रहते हैं। फलस्वरूप ड्यूटी के बाद सुरक्षा के मद्देनजर चिकित्सक अपने कमरे में ही सीमित रहने को विवश हैं। यहां तैनात चंद चिकित्सक अपने आवासीय परिसर में चंद मिनट बैठने तक से लाचार हैं। कुल मिलाकर 40 लाख की लागत से बना यह भवन चालीस हजार कि चारदिवारी के बिना बेमानी साबित हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कई बार चारदीवारी निर्माण की बाते हुई लेकिन यह फाइलों में ही सिमट कर रह गई। अब इस परिस्थिति में अस्पताल कर्मियों खासकर महिलाओं की सुरक्षा पर भी सवालिया निशान लग गया है।

## गुमला में साइबर क्राइम और उच्च शिक्षा पर कार्यशाला, छात्राओं को किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

मयूरी ट्रस्ट और चैताली कॉलेज, गुमला की ओर से महिला कॉलेज, गुमला में साइबर क्राइम एवं उच्च शिक्षा विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्राओं को साइबर अपराध से बचने और उच्च शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुमारी कुजूर ने कहा कि साइबर क्राइम आधुनिक युग का सबसे बड़ा अपराध बन चुका है, जिससे बचाव के लिए जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने और अपने परिवार को भी जागरूक करने की अपील की। साथ ही, उन्होंने कहा कि सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है, जिसका लाभ उठाकर छात्राएं अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकती हैं।

**कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी अहम जानकारियां**

महिला कॉलेज गुमला की प्राचार्या नीलिमा जायसवाल ने कहा कि आधुनिक तकनीक ने जहाँ सुविधाएँ बढ़ाई हैं, वहीं इसके दुरुपयोग से साइबर अपराध भी बढ़ा है। सावधानी ही एकमात्र बचाव है।

मयूरी ट्रस्ट और चैताली कॉलेज के अधिवक्ता प्रो. राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि साइबर क्राइम से निपटने के लिए पुलिस, कोर्ट और साइबर क्राइम सेल सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। यदि कोई साइबर अपराध का शिकार होता है, तो उसे तुरंत पुलिस को सूचना देनी चाहिए।

समाजसेवी नंदलाल महतो ने साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्कता बरतने की अपील की। वहीं, मयूरी ट्रस्ट की सचिव चैताली सेनगुप्ता ने ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और उच्च शिक्षा के लिए चैताली कॉलेज में नामांकन करने की अपील की।

**कार्यक्रम के अन्य प्रमुख वक्ता:**

अधिवक्ता एवं शिक्षाविद जयराम साहू झ साइबर क्राइम से बचाव के उपायों पर चर्चा की।

डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता : कार्यशाला का संचालन करते हुए उच्च शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया।

**छात्राओं में दिखा उत्साह**

कार्यक्रम में प्रो. निक्की सहाय, प्रो. हरिशंकर त्रिपाठी, प्रो. सुषमा सिंह, प्रो. स्मिता कुमारी, किरण कुमारी, अमिता कुमारी, सपना कुमारी, प्रियंका कुमारी, खुशबू कुमारी, रजनी कुमारी, संजू उरांव सहित अनेक छात्राएं मौजूद रहीं। छात्राओं ने साइबर सुरक्षा और उच्च शिक्षा को लेकर गहरी रुचि दिखाई।

## भाजपा के पंचायत संगठन चुनाव अधिकारी मनोनीत



**कैरो/लोहरदगा।** शुक्रवार को कैरो प्रखंड भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में संगठन के महापर्व को संपन्न किये जाने,एप डाऊन लोड कर अधिक-से-अधिक सक्रीय सद्स्य प्रखंड से बनाये जाने एवं सांगठनिक अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। वही पंचायत संगठन चुनाव अधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। जिसमें गुड़ि बजरंग उराँव, कुलदीप सिंह,कैरो गोविंद महतो, नसीर आलम,सढ़ाबे कैलाश महतो, लाखो उराँव,हनहट लखन उराँव, श्रवण मुंडा,गजनी फलिंद्र रविदास, विदेशी राम,नरौली शिवचरण तुरी, मणिन्द्र शाह पंचायत चुनाव अधिकारी के रुप में मनोनयन किया गया है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल उराँव समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**
**Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /**

**-:निविदा शुद्धि पत्र:-**

एत्द द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना-26/2024-25 जन सम्पर्क विभाग के **PR 345715 Building (24-25).D** से प्रकाशित जिसकी परिमान बिपत्र बिक्री की तिथि:-17.02.2025 एवं निविदा प्राप्ति की तिथि:-17.02.2025 था के स्थान पर निविदा प्राप्ति की तिथि:-19.02.2025 पढ़ा जाये, समय 03:00 अपराह्न तक।

अन्य निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

**कार्यपालक अभियंता,**
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 345982 (Building) 24-25 (D)


### गुमला में गुरु गोष्ठी आयोजित

## शिक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुजूर की अध्यक्षता में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में मैंडेटरी फील्ड, अपार आईडी जेनरेशन, ई-कल्याण में 100% एंट्री और वेरिफिकेशन, दिव्यांग बच्चों एवं आउट ऑफ स्कूल बच्चों की सूची के अद्यतन पर जोर दिया गया।

**शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए उठाए गए कदम**

बैठक में चैंपियनशिप, जन चेतना केंद्र, शिशु पंजी त्रुटि निराकरण, तथा केजीबीवी (कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय) नामांकन के लिए फॉर्म वितरण किया गया। इसके अलावा, कम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई।



**पंख पत्रिका और विद्या वाहिनी के तहत पुस्तक वितरण**

गोष्ठी में पंख पत्रिका का वितरण किया गया, जिससे छात्रों को अतिरिक्त शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही, विद्या वाहिनी कार्यक्रम के तहत पुस्तक वितरण के ऑपरेशन पर चर्चा की गई और विद्यालय प्रबंधन समिति की 100% एंट्री सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

**बैठक में मौजूद अधिकारी एवं शिक्षक**

इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश दास, टक्र दीपक कुमार, लेखपाल सुजीत कुमार झा, इफ्ढ संदीप कुमार और विकास रानू पांडे उपस्थित रहे। इसके साथ ही, गुमला-1 और गुमला-2 के 190 स्कूलों के प्रभारी प्रधानाध्यापक भी बैठक में शामिल हुए।

## डुमरी, बसिया, घाघरा और भरनो में खुलेंगे नि:शुल्क कुपोषण उपचार केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले में कुपोषण उन्मूलन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए गुमला स्वास्थ्य विभाग और द हंस फाउंडेशन के बीच निःशुल्क कुपोषण उपचार केंद्रों की स्थापना को लेकर एकरारनामा हुआ। अब डुमरी, बसिया, घाघरा और भरनो में नव स्थापित कुपोषण उपचार केंद्र गरीब और कुपोषित बच्चों के लिए वरदान साबित होंगे।

**स्वास्थ्य सुविधाओं में नया अध्याय**

स्वास्थ्य विभाग, उपायुक्त के नेतृत्व में गुमला जिले में बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में जुटा है। इसी क्रम में बुधवार को सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में द हंस फाउंडेशन के साथ औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। सिविल सर्जन ने बताया कि यह केंद्र कुपोषित बच्चों के समुचित देखभाल, इलाज और पोषण के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।

**कैसे होगा इलाज?**

कुपोषित बच्चों की पहचान एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका या अभिभावकों द्वारा की जाएगी।

उन्हें कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती कर आधुनिक तरीकों से इलाज किया जाएगा।

सुधार के बाद बच्चों को घर भेजा जाएगा, लेकिन स्वास्थ्यकर्मी लगातार उनकी निगरानी करते रहेंगे।

केंद्र में गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार, मुफ्त दवा, अत्याधुनिक जांच, चिकित्सकीय सेवाएं और मनोरंजन की सुविधाएं भी दी जाएंगी।

प्रशासन की यह पहल कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी उपलब्धि है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि कुपोषित बच्चों को जल्द से जल्द इन केंद्रों तक पहुंचाएं ताकि वे बेहतर इलाज और पोषण प्राप्त कर स्वस्थ जीवन जी सकें।


**Office of the Dupety Commissioner, Garhwa**

**Very short Tender Notice (EOI) FOR**
**SELECTION OF AN EVENT MANAGEMENT AGENCY FOR MANAGEMENT OF "SHRI BANSHIDHAR MAHOTSAV 2025" IN GARHWA ON 01st & 02nd March (Tentative) or on the 02 dates as finalized by the district administration.**

Deputy Commissioner, Garhwa invites Tender form eligible bidders for selection from empanelled agency by Tourism Department of Jharkhand for organising an event on the occasion of **"Shri Banshidhar Mahotsav- 2025" (Tentative Dates- 01 and 02 March 2025 or on 2 dates as finalized by Dist Administration)** therefore invites agencies (fulfilling the eligiblity criteria as in clause 1.0 of EOI document) to submit their bids.

Interested empanelled agencies Tourism Department may praticipate for this tender and submit their proposal the bid due date is on dated- 18 .02.2025 at 03:00 PM hours

EOI can be downloaded from the website http://Garhwa.nic.in

EOI document complete in all respect shall be submited at the address mentioned in EOI on - 18 .02.2025 at 03:00 PM hours

Any & all coorigendum addendum or any furhter communication related to this EOI shall be uploaded in the above stated webistes and will be published in the newspapers.

Deputy Commissioner, Garhwa reserves the right to reject any or all proposals and annul the bid process at any time without assinging any reason whatsoever.

ह0/-
उपायुक्त,गढ़वा

PR 346010 (District)24-25*D


## नाबालिग के साथ दो लड़कों ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ दो लड़कों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर नाबालिग ने सदर थाना पहुँच कर लिखित आवेदन देते हुए दोनो आरोपी लड़कों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही कारवाई की मांग की है। इधर आवेदन मिलने के बाद सदर थाना की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी लड़कों की गिरफ्तारी में जुट गई है। आरोपी लड़कों के उम्र का खुलासा नही हो सका है। इसलिए उनके नाम को गुप्त रखा गया है। घटना को लेकर बताया जाता है की 4 फरवरी को देर शाम में पीड़िता गांव में आयोजित सरस्वती पूजा विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी।तभी रास्ते मे आरोपी दोनो लड़कों से उसकी भेंट हो गई। इस दौरान जान पहचान होने के कारण वह आरोपी लड़कों के साथ बातचीत करने लगी। फिर बातचीत के क्रम में आरोपी दोनो लड़के उसे एक नवनिर्मित मकान के पास ले गए। फिर दोनो ने उसका हाथ को पकड़ लिया। साथ ही जबरन मकान के अंदर ले गए।इस दौरान वह चीखती चिल्लाते रही।काफी बिरोध की।तब दोनो आरोपियों ने उसके मुंह को बंद कर दिया। साथ ही चीखने चिल्लाने पर जान से मार देने की धमकी दी। इसके बाद एक आरोपी उसे चूमने लगा। जबकि एक आरोपी उसका कपड़ा उतार दिया। इस दौरान भी वह विरोध करते हुए वहां से भागने का प्रयास करने लगी। तभी भागने के क्रम में उसके सिर में चोट लग गया। फिर दोनो आरोपी ने उसे जमीन पर पटक दिया। इसके बाद दोनो आरोपियों ने तीन घंटे तक कब्जे में रखकर जबरन बारी बारी से दुष्कर्म किया। साथ ही जान से मार देने की धमकी दी।भय से वह खामोश रही। फिर तीन घंटे बाद उसे चंगुल से मुक्त किया। जिसके बाद वह घर लौटी। इसके बाद भय और लोक लाज से वह चुप रही। वही हिम्मत कर गुरुवार की शाम 5:00 बजे सदर थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## गुमला में मिर्गी रोगियों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिले में मिर्गी रोगियों के समुचित उपचार हेतु 11 और 12 फरवरी को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थि के निदेर्शानुसार इस कार्यक्रम की शुरूआत 10 फरवरी को नगर भवन, गुमला में उद्घाटन समारोह के साथ होगी, जहां जिले के चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**शिविर आयोजन की रूपरेखा:**

11 फरवरी: गुमला सदर अस्पताल
12 फरवरी: कामडारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी)

इस शिविर में एम्स दिल्ली की डीएम न्यूरोलॉजी, प्रोफेसर डॉ. ममता भूषण सिंह अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ मौजूद रहेंगी और मिर्गी रोगियों का निःशुल्क उपचार करेंगी।

**मिर्गी को लेकर जागरूकता और प्रोजेक्ट आशा**

मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल विकार है, जिसमें मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं की असामान्य गतिविधि के कारण मरीज को दौरे पड़ सकते हैं। यह व्यक्ति के व्यवहार, शारीरिक क्रियाओं और चेतना को प्रभावित करता है। समाज में मिर्गी को लेकर व्याप्त अंधविश्वास को दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट आशा फाइटिंग एपिलेप्सी एंड सुपरस्टिशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत डॉक्टर ममता भूषण सिंह द्वारा समय-समय पर जिले के चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) और सहिया कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे मिर्गी की पहचान और सही उपचार में सहायता कर सकें।



**जिलेवासियों से अपील**

**जिला प्रशासन ने मिर्गी रोगियों और उनके परिजनों से इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। यह शिविर समाज में मिर्गी को लेकर जागरूकता फैलाने और वैज्ञानिक उपचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।**


**कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा**
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा
दूरभाष: (06526) 222932, फैक्स: 224599
ई-मेल: ssaloh@rediffmail.com lohardagassa@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु लोहरदगा जिलान्तर्गत अवस्थित 05-कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, 02-झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01-नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में आवश्यक खाद्य/अखाद्य सामग्री आदि के क्रय हेतु निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। विद्यालयवार पैकेज निम्नवत है:-

| क्र0 | विद्यालय का नाम | पैकेज का नाम |
|---|---|---|
| 01 | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, भण्डरा | (क), (ख), (ग), (घ), |
| 02 | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को | (क), (ख), (ग), (घ), |
| 03 | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुडू | (क), (ख), (ग), (घ), |
| 04 | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, लोहरदगा | (क), (ख), (ग), (घ), |
| 05 | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा | (क), (ख), (ग), (घ), |
| 06 | झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो | (क), (ख), (ग), (घ), |
| 07 | झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, पेषरार | (क), (ख), (ग), (घ), |
| 08 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही | (क), (ख), (ग), (घ), |

इच्छुक निविदादाता दिनांक 10.02.2025 से दिनांक 20.02.2025 तक पूर्वाह्न 10:00 बजे से निविदा प्रपत्र एवं अन्य विस्तृत जानकारी "झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा" से प्राप्त कर सकते है। निविदा डालने की अंतिम तिथि दिनांक . 20.02.2025 को 04:00 बजे अपराह्न तक होगी। निविदा से संबंधित जानकारी जिले के वेबसाईट http://lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी -सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

PR 345989 Lohardaga (24-25)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रेमचंद हमेशा मानते थे कि समाज में सभी व्यक्तियों को समान अधिकार मिलने चाहिए। उनका उद्देश्य था कि समाज में हर वर्ग के लोगों को न्याय मिल सके, खासकर गरीब, दलित और शोषित वर्ग को। - **मुंशी प्रेमचंद**

## संपादकीय

### बेटिकट रेल यात्री सिरदर्द भी और कमाई भी

भारतीय रेलवे पैसेंजर्स की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है। प्रतिदिन लाखों-करोड़ों की संख्या में लोग ट्रेन से सफर करते हैं। लेकिन ऐसे यात्रियों की संख्या में भी कोई कमी नहीं हुई जो बेटिकट यात्रा करते हैं। ऐसे यात्रियों के पकड़े जाने पर उनपर जुर्माना लगाया जाता है। रेलवे ने 2022-23 में गलत टिकट या बिना टिकट यात्रा कर रहे 3.6 करोड़ यात्रियों को पकड़ा, जो पिछले साल की तुलना में करीब एक करोड़ अधिक है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत मिले जवाब में यह जानकारी सामने आई। आरटीआई जवाब के मुताबिक, वर्ष 2019-2020 में 1.10 करोड़ लोग बिना टिकट या गलत टिकट के साथ यात्रा करते पकड़े गए थे, जबकि 2021-22 में यह संख्या बढ़कर 2.7 करोड़ और 2022-23 में 3.6 करोड़ हो गई।जबकि 2020-21 में, जिस साल कोविड-19 महामारी फैली, यह आंकड़ा 32.56 लाख था। मध्य प्रदेश के सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ को आरटीआई के जवाब में रेलवे ने पिछले तीन वर्षों में ऐसे यात्रियों से वसूली गई राशि के आंकड़े भी दिए। आंकड़ों के मुताबिक, रेलवे ने ऐसे यात्रियों से वित्त वर्ष 2020-21 में 152 करोड़ रुपये, 2021-22 में 1,574.73 करोड़ रुपए और 2022-23 में 2,260.05 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला। गत वर्ष एक अप्रैल से 14 मई तक अनियमित यात्रा के कुल 4 लाख 87 हजार 600 मामले सामने आए, जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 31 करोड़ 55 लाख वसूला गया। इसके लिए पांचों मंडलों में अधिकारियों की अलग-अलग टीम बनाकर स्टेशन एवं ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के फलस्वरूप रेलवे ने यह उपलब्धि हासिल की। पूरे भारत में यह बेटिकट यात्रियों से यह सर्वाधिक वसूली थी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार दानापुर मंडल, सोनपुर मंडल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल, समस्तीपुर मंडल और धनबाद मंडल में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। करीब डेढ़ माह में रेलवे ने चार लाख से ज्यादा बेटिकट यात्रियों से लगभग 31 करोड़ 55 लाख रुपए वसूले गए। इससे रेलवे को राजस्व का कितना घाटा पड़ा होगा इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। इसी को देखते हुए भारतीय रेलवे ने यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने के लिए प्रेरित करने तथा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को पकड़ कर उनसे जुर्माना वसूल करने के लिए अभियान चला रखा है। इसी सिलसिले में पंजाब में रेलवे के फिरोजपुर मंडल के टिकट चैकिंग स्टाफ ने बेटिकट यात्रियों को पकडऩे के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान दिसम्बर, 2024 के महीने दौरान 27,834 यात्रियों से 2.72 करोड़ रुपए जुर्माना वसूल किया है। रेलवे में 70 मंडल हैं और यह एक मंडल से वसूल किया गया जुर्माना है। यदि सभी मंडलों से बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से सख्ती से जुर्माना वसूल किया जाए तो रेलवे का सारा आर्थिक संकट दूर हो सकता है।

*गत वर्ष एक अप्रैल से 14 मई तक अनियमित यात्रा के कुल 4 लाख 87 हजार 600 मामले सामने आए, जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 31 करोड़ 55 लाख वसूला गया।*

## केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26

# वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा

आज की बात



**गिरिराज सिंह**
केंद्रीय वस्त्र मंत्री

भारतीय परिधान और वस्त्र उद्योग लगभग 176 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2 प्रतिशत का योगदान देता है। यह विनिर्माण उत्पादन का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा है। वस्त्र उद्योग देश में रोजगार सृजन के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है, यह प्रत्यक्ष रूप से 45 मिलियन से अधिक वस्त्र श्रमिकों को रोजगार देता है। भारत वस्त्र और परिधानों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है। देश के कुल व्यापारिक निर्यात में हस्तशिल्प सहित वस्त्र और परिधान (टी एंड ए) की हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 8 प्रतिशत है। यह क्षेत्र मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण युवा रोजगार जैसी सरकार की प्रमुख पहलों के साथ पूरी तरह से संरेखित है।


बजट में वर्ष 2025-26 के लिए वस्त्र मंत्रालय के लिए 5,272 करोड़ रुपये के परिव्यय की घोषणा की गई। यह वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों (4417.03 करोड़ रुपये) की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि थी, और हाल के वर्षों में यह सबसे अधिक है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी निवेश योजना का बजट वर्ष 2024-25 में 45 करोड़ रुपये (बीई) से बढ़ाकर इस वर्ष 1148 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना देश की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और पांच वर्ष की अवधि में 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत वित्तीय परिव्यय के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। यह मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ), एमएमएफ परिधान और तकनीकी वस्त्र क्षेत्र जैसे उभरते क्षेत्रों को कवर करता है, ताकि इन क्षेत्रों को आकार और पैमाने हासिल करने में सक्षम बनाया जा सके, ताकि वे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26 में 'कपास उत्पादकता के लिए मिशन' की घोषणा की गई है। यह 5 वर्षीय मिशन कपास की खेती की उत्पादकता और स्थिरता में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा। यह अतिरिक्त लंबे स्टेपल वाली कपास की किस्मों को बढ़ावा देगा। इस मिशन को कृषि एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा। वस्त्र मंत्रालय का राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (i) अनुसंधान, नवाचार और विकास, (ii) संवर्धन और बाजार विकास (iii) शिक्षा और कौशल तथा (iv) तकनीकी वस्त्रों में निर्यात संवर्धन पर केंद्रित है। बजट में दो और प्रकार के शटल-लेस लूम को पूरी तरह से छूट प्राप्त वस्त्र मशीनरी की सूची में जोड़ा गया है। वस्त्र उद्योग में उपयोग के लिए शटल-लेस लूम रैपियर लूम (650 मीटर प्रति मिनट से कम) और शटल-लेस लूम एयर जेट लूम (1000 मीटर प्रति मिनट से कम) पर शुल्क मौजूदा 7.5 प्रतिशत से शून्य कर दिया गया है। नौ टैरिफ लाइनों के अंतर्गत आने वाले बुने हुए कपड़ों पर बुनियादी सीमा-शुल्क दर को "10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत" से बढ़ाकर "20 प्रतिशत या 115 रुपये प्रति किलोग्राम, जो भी अधिक हो" करने की बजट घोषणा से बुने हुए कपड़ों के सस्ते आयात पर अंकुश लगाकर घरेलू वस्त्र उद्योग को मजबूती मिलेगी। यह उपाय घरेलू स्तर पर उत्पादित कपड़ों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा, क्षमता उपयोग को बढ़ावा देगा और स्थानीय विनिर्माण में निवेश को प्रोत्साहित करेगा।

बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी सुधार लाने के लिए एक स्रोत के रूप में पहचाना गया है। यह वस्त्र क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत की वस्त्र और परिधान उत्पादन क्षमता का अधिकांश हिस्सा एमएसएमई द्वारा किया जाता है, जो इस क्षेत्र का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। एमएसएमई के लिए वर्गीकरण मानदंडों में संशोधन जैसे प्रावधान गारंटी कवर के साथ ऋण उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ उन्हें पैमाने की उच्च दक्षता, तकनीकी उन्नयन और पूंजी तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करेंगे। संशोधित वर्गीकरण के साथ, अब अधिक इकाइयाँ एमएसएमई के अंतर्गत आएंगी। उपरोक्त एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारतीय वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, एक मेगा इवेंट - भारत टेक्स 2025, 11 प्रमुख वस्त्र उद्योग निकायों द्वारा आयोजित किया जा रहा है और वस्त्र मंत्रालय द्वारा समर्थित है। भारत टेक्स 2025 विस्तार और लक्ष्य दोनों के लिहाज से दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन होगा, क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों और सहायक उपकरणों सहित पूरे वस्त्र उद्योग मूल्य श्रृंखला को एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा।

अनुकूल वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं और वस्त्र स्थिरता के दोहरे विषयों के आसपास निर्मित - यह कार्यक्रम स्थिरता, नवाचार और वैश्विक सहयोग पर केंद्रित है। मुख्य कार्यक्रम 14-17 फरवरी, 2025 को भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इसमें कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक वस्त्रों की पूरी मूल्य श्रृंखला को सक्षम नीति समर्थन के साथ कवर किया जाएगा, जबकि सहायक उपकरण, परिधान मशीनरी, रंग और रसायन तथा हस्तशिल्प जैसी संबंधित प्रदर्शनियां 12 से 15 फरवरी, 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जाएंगी।

संपूर्ण कच्चे माल मूल्य श्रृंखला में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, अधिक निवेश प्राप्त करने, अपने घरेलू बाजार के आकार और निर्यात को बढ़ाने और बड़े पैमाने पर आजीविका के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए अपनी क्षमता को बनाए रखने एवं बढ़ाने के प्रयासों को सक्षम नीति समर्थन के साथ और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता होगी।



### कोटा से मिटाने होंगे आत्महत्याओं के दाग

अलग बात



**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान का कोटा शहर जितना शैक्षणिक संस्थाओं के लिए प्रसिद्ध है, उतना ही अब यहां के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्या के कारण देशभर में बदनाम हो रहा है। हालांकि कोटा में छात्र आत्महत्याओं के मामले यहां पर कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या की तुलना में बहुत कम है। मगर यहां पढ़ने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। पिछले जनवरी माह में ही कोटा में 6 विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इसी साल 8 जनवरी को हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी छात्र नीरज, 9 जनवरी को गुना मध्य प्रदेश के अभिषेक लोधा, 15 जनवरी को उड़ीसा के अभिजीत गिरी, 18 जनवरी को बूंदी जिले के मनन जैन, 22 जनवरी को अहमदाबाद गुजरात की अफ्शा शेख और 22 जनवरी को ही नौगांव असम के छात्र पराग ने आत्महत्या कर ली थी। इनमें से पांच छात्र इंजीनियरिंग की व एक छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। कोटा में 2015 से लेकर अब तक 138 छात्रों ने आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। यहां 2015 में 18, 2016 में 17, 2017 में 7, 2018 में 20, 2019 में 18, 2020 में 4, 2021 में एक, 2022 में 15, 2023 में 26, 2024 में 16 व 2025 में अब तक छह छात्र आत्महत्या कर अपनी जान गंवा चुके हैं। 2020 व 2021 में कोविड के चलते यहां के कोचिंग संस्थाओं के बंद रहने के कारण आत्महत्याओं के आंकड़ों में गिरावट रही थी। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रुक पा रही है। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था मगर श्रमिक आंदोलनों के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**

लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष, दोनों ही महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं। सत्ता पक्ष का कार्य नीतियों को लागू करना और प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाना होता है, जबकि विपक्ष का दायित्व सत्ता पक्ष की नीतियों की समीक्षा करना, उनकी आलोचना करना और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना होता है। लेकिन भारतीय राजनीति में यह प्रवृत्ति आम हो गई है कि विपक्ष सत्ता पक्ष की आलोचना को ही अपनी प्रमुख भूमिका मान लेता है, भले ही सरकार अच्छा काम कर रही हो। यह प्रवृत्ति केवल भारत में ही नहीं, बल्कि कई अन्य लोकतांत्रिक देशों में भी देखी जा सकती है। इस आलेख में हम विपक्ष की आदर्श भूमिका पर विचार करेंगे और इसे अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी समझने का प्रयास करेंगे। विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध न करे, बल्कि सरकार की नीतियों का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करे। विपक्ष का मूल सिद्धांत यह होनी चाहिए कि वह संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हो। वहीं विपक्ष को जनता के अधिकारों की सुरक्षा करनी चाहिए और सरकार के किसी भी अलोकतांत्रिक कदम के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करना विपक्ष की जवाबदेही होनी चाहिए जबकि विपक्ष को सरकार से कठिन सवाल पूछने चाहिए, जिससे प्रशासन पारदर्शी और उत्तरदायी बना रहे। विपक्ष को सकारात्मक आलोचना करनी चाहिए। आलोचना का उद्देश्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव देना होना चाहिए। साथ ही साथ विपक्ष को विकल्प प्रस्तुत करना चाहिए ना की केवल खामियां गिनाने के बजाय अपने वैकल्पिक नीतिगत प्रस्ताव प्रस्तुत करने चाहिए। राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए विपक्ष को यह देखना चाहिए कि वह राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर राजनीतिक स्वार्थ को हावी न होने दे। भारत में विपक्ष अक्सर सरकार की हर नीति की आलोचना करता है, चाहे वह कितनी भी जनहितैषी क्यों न हो। कई बार ऐसा देखा गया है कि विपक्ष सरकार की योजनाओं और परियोजनाओं में केवल खामियां ढूंढता है, जबकि उसी तरह की नीतियों का समर्थन तब करता है जब वह सत्ता में होता है। उदाहरण के लिए, आधार कार्ड, जीएसटी, कृषि सुधार, डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना जैसी कई योजनाओं पर विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, लेकिन बाद में कई विपक्षी दलों ने इन्हें स्वीकार भी किया। इसी तरह, संसद में कई बार विपक्ष बिना तर्कपूर्ण बहस किए ही हंगामा करके विधेयकों को रोकने का प्रयास करता है, जिससे लोकतांत्रिक संवाद बाधित होता है। वहीं अन्य विभिन्न लोकतांत्रिक देशों में विपक्ष की भूमिका अलग-अलग होती है। ब्रिटेन में "हेर मेजेस्टीज़ लॉयल अपोजिशन" (Her Majesty's Loyal Opposition) की परंपरा है जिसमें विपक्ष सरकार का विरोध करते हुए भी राष्ट्र के प्रति वफादार रहता है। वहाँ विपक्ष सरकार की आलोचना करता है, लेकिन वह सहयोग करने से भी नहीं कतराता। अमेरिका में जहां द्विदलीय प्रणाली है, लेकिन कई बार रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स राष्ट्रीय मुद्दों पर एकमत हो जाते हैं। विपक्ष सरकार की कड़ी आलोचना करता है, लेकिन जहाँ जरूरी हो, वहाँ द्विदलीय सहयोग भी देखने को मिलता है। जर्मनी जैसे देश में विपक्ष सरकार की आलोचना के साथ-साथ अपनी नीतियाँ भी प्रस्तुत करता है, जिससे जनता के पास एक स्पष्ट विकल्प रहता है। फ्रांस और कनाडा, इन देशों में भी विपक्ष सरकार पर नज़र रखती है, लेकिन जब भी आवश्यक हो, वह सकारात्मक रूप से समर्थन देने में संकोच नहीं करता। वहीं एक ओर भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल आलोचना तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसे सरकार की सकारात्मक नीतियों की सराहना भी करनी चाहिए और वैकल्पिक नीतियाँ प्रस्तुत करनी चाहिए। आलोचना लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन व्यक्तिगत नहीं होनी चाहिए। विपक्ष का उद्देश्य सरकार को गिराना नहीं, बल्कि उसे सुधारने में मदद करना होना चाहिए। यदि विपक्ष सकारात्मक और जिम्मेदार भूमिका निभाए, तो लोकतंत्र अधिक मजबूत और जनता के लिए अधिक लाभकारी बन सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

पूनी ले इतिहास की, काता सूत महीन।
चालाकी से सत्य की, तोडी गयी जमीन।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## भारतीय सेना: युवा से पुरुष और पुरुष से योद्धा बनने का रोमांच


देश की बात



**ले कर्नल अभिषेक कुमार**
आयुध अधिकारी
भारतीय सेना

चेन्नई में अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, मैं 2004 में जम्मू आया। मैं 1999 अपने माता-पिता के साथ पहले वैष्णों देवी की यात्रा के लिए जम्मू और कश्मीर गया तब एक छात्र था। लेकिन जब मैं भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट (अधिकारी) के रूप में दोबारा जम्मू गया तो मेरी भावना और व्यवहार अलग था । मुझे पहनने को बुलेटप्रूफ जैकेट और एक के-47 राइफल दी गई, तो मैं रोमांचित हो गया, लेकिन साथ ही मैं डर भी गया क्योंकि इससे मुझे झटका लगा कि यह वास्तविक कार्रवाई के लिए है, प्रशिक्षण के लिए नहीं। मुझे अपने प्रशिक्षण गुरुओं के शब्द याद आ गए कि भारतीय सेना के सैनिक (अधिकारी) हमेशा उदाहरण पेश करते हैं। मैं उन लोगों के प्रति जिनसे मैं अभी तक नहीं मिला था और अपने देश के प्रति जिम्मेदार महसूस करने लगा था। मुझे अपना पहला ऑपरेशन याद है जहां मुझे रात के अंधेरे में, अज्ञात क्षेत्र में विद्रोहियों को रोकने के लिए घेराबंदी करने और घात लगाने के लिए कहा गया था। ऐसे कार्य आपकी गवाही हैं जहां आपकी योजना, प्रबंधन कौशल, नेतृत्व और साहस की परीक्षा होती है। जिन सैनिकों को आप कमांड करते हैं,वे आपकी परीक्षा लेते हैं कि आप भरोसेमंद हैं या नहीं और यदि उन्हें आप सही लगते हैं तो वे आपके कहने पर सर्वोच्च बलिदान तक को तैयार हो जाते हैं। ऐसी अग्नि परीक्षा एक बार नही होती है,वे आपको आपके सेवाकाल के दौरान बार-बार खुद को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।अपने अंदर इतनी भावनाओं और उथल-पुथल के साथ आप व्यवहार करना और जिम्मेदार होना सीखते हैं। आप मजबूत और आत्मविश्वासी चेहरा दिखाना सीखते हैं। यदि आप स्वयं के अचेतन आत्म-सुधार और अनुशासन में चले गए । आपकी व्यक्तिगत समस्याएं,प्यार और मुद्दे पीछे छूट गए तो आप भारतीय सेना के दिशानिर्देश सिद्धांत में बिल्कुल फिट बैठने लगे हैं।आपके देश की सुरक्षा,सम्मान और कल्याण हमेशा और हर समय पहले आता है। जिन सैनिकों को आप कमांड करते हैं उनका सम्मान, कल्याण और आराम इसके बाद आते हैं। आपकी अपनी सहजता, आराम और सुरक्षा हमेशा और हर समय सबसे अंत में आती है। यही कारण है कि लोगों को एनसीसी के माध्यम से इस तरह के प्रशिक्षण का अनुभव प्राप्त करने की आवश्यकता है।जो लोग एनसीसी या सेना में शामिल नहीं हुए हैं और विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, उन्हें क्षेत्रीय सेना के माध्यम से इससे जुड़ने का अवसर मिलता है। भारतीय सेना आपको नैतिक मूल्यों और नैतिकता के सही अर्थ का एहसास कराती है। ऐसी कई चरम स्थितियाँ और परिस्थितियाँ होती हैं जहां आप अपनी सभी सुख-सुविधाओं और उलझनों के ऊपर सर्वोच्च बलिदान देने का निर्णय लेते हैं।भारतीय सेना आपको और आपके परिवार को कभी नहीं भूलती और जीवन भर आपका और आपके परिवार का ख्याल रखती है। मेरे पास ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां मैं पहली बार सेना के किसी भी जवान से बात करता हूं तो वे हमेशा पूरे दिल से बातचीत करते हैं जैसे कि आप उनके परिवार से हों। यह सौहार्द्र भारतीय सेना में ही है। सेना में एक अधिकारी और सैनिक के रूप में प्रवेश करने के कई तरीके हैं, जिनकी चर्चा अगले लेखों में की जाएगी। भारतीय सेना केवल वेतन कमाने के लिए नहीं है बल्कि यह जीवन जीने का एक तरीका है। यही कारण है कि आपको "क्या आपके अंदर यह है का मूल्यांकन करने की चुनौती दी गई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 7209453444, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने भी लगाई संगम में डुबकी, बोले-

## त्रिवेणी संगम में स्नान सौभाग्य की बात...



**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ रहे आस्था के जनसमुद्र के बीच शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी श्रद्धा की डुबकी लगाने पहुंचे। संगम त्रिवेणी में स्नान करने के बाद उन्होंने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। त्रिवेणी संगम में स्नान मेरे लिए सौभाग्य की बात है।मुख्यमंत्री ने संगम स्नान से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर सेक्टर-7 स्थित गुजरात पवेलियन का भी अवलोकन किया। त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं अद्भुत हैं। स्वच्छता से लेकर हर सुविधा तक, सब कुछ बहुत ही अच्छा है। हमें पवित्र स्नान करने का अवसर मिला, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। त्रिवेणी संगम, जो भारत की आस्था का केंद्र है, वहां स्नान करने के बाद हर व्यक्ति स्वयं को भाग्यशाली मानता है।

मोटरबोट से पूरी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल त्रिवेणी संगम पहुंचे और यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने भगवान सूर्य को अर्घ्य भी दिया। उनके साथ औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी पावन डुबकी लगाई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गंगा पूजन और गंगा आरती भी की। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शुक्रवार सुबह 9 बजे स्टेट एयरक्राफ्ट से प्रयागराज पहुंचे। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उनका स्वागत किया। यहां से वह सीधे बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन-अर्चन किया और आरती उतारी।



# महाकुंभ में उमड़ा 'आस्था का महासागर'

## स्नानार्थियों की संख्या 40 करोड़ के पार

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब एक नए शिखर पर पहुंच गया है। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह तक महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या ने 40 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है।

शुक्रवार को सुबह 10 बजे तक 42.07 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा ली है। इसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की कुल संख्या 40 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुंभ 19 दिन और रहेगा। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50 करोड़ के पार जा सकती है। प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर्व के बाद भी करोड़ों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए प हुंच रहे हैं। शुक्रवार, 7 फरवरी को सुबह 10 बजे तक 42.07 लाख लोगों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद कुल स्नानार्थियों की संख्या 40 करोड़ के ऊपर पहुंच गई है। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (मंत्रिमंडल समेत) संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, श्रीपद नाइक, भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति, असम विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, हेमा मालिनी, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री, अनुपम खेर, मिलिंद सोमण, ओलम्पिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल, एक्ट्रेस से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनीं ममता कुलकर्णी, प्रख्यात कवि कुमार विश्वास, क्रिकेटर सुरेश रैना, अन्तरराष्ट्रीय रेसलर खली, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा, बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद भी संगम में स्नान कर चुके हैं। आगामी 10 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी संगम में पावन डुबकी लगाने आएंगी।

## महाकुंभ नगर में शॉर्ट सर्किट से शिविर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने तत्काल पाया काबू

**4,300** फायर हाइड्रेंट तैनात किए गए हैं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए

**30** जनवरी को भी संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लग गई थी।

**महाकुंभ नगर ।** महाकुंभ के लिए योगी सरकार द्वारा पहले से ही व्यापक स्तर पर जो तैयारी की गई थी, उसकी मदद से शुक्रवार को बड़ा हादसा टल गया। खास तौर पर मेला क्षेत्र में अग्निशमन को लेकर जो तैयारियां की गई थीं, उन्होंने अहम भूमिका निभाई। ओल्ड जीटी रोड स्थित महाकुंभ नगर में शुक्रवार को स्वामी हरिहरानंद और सुखदेवानंद के शिविर में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल महाकुंभ के फायर ब्रिगेड की एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। चीफ फायर ऑफिसर प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग इस्कॉन क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे 20 से 22 टेंट जल गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दमकलकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई कर आग को फैलने से रोक लिया। घटना की जानकारी मिलते ही उत्तरी झूसी के जोनल पुलिस ऑफिसर, एडिशनल एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा, स्थानीय पुलिस और मेला मजिस्ट्रेट भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अधिकारियों को सूचित करें। इससे पहले 30 जनवरी को भी संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लग गई थी। यह आग मेला क्षेत्र के झूंसी छतनाग घाट नागेश्वर घाट सेक्टर-22 के पास लगी थी, उस दौरान भी कोई जनहानि नहीं हुई थी। बता दें, महाकुंभ में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए योगी सरकार ने व्यापक इंतजाम किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र में 50 फायर स्टेशन और 20 फायर पोस्ट बनाए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 4,300 फायर हाइड्रेंट तैनात किए गए हैं।

## चायपत्ती लदे कंटेनर की चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ।** ग्रेटर नोएडा की जेवर थाना पुलिस ने चाय पत्ती से भरे एक कंटेनर की चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से करीब 17 टन चाय पत्ती से भरा कंटेनर बरामद किया है, जिसकी कीमत लगभग 32 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, 6 फरवरी को पीड़ित ने लिखित सूचना दी थी कि 30 जनवरी को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से ट्रक में टाटा कंपनी की चाय लोडकर लगभग 17 टन चाय पत्ती सापला, हरियाणा के लिए रवाना हुई थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची एसीबी 15 करोड़ रुपए के दावे की करेगी जांच

**एजेंसी । नई दिल्ली**



दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सियासत गरमा गई है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के प्रत्याशियों के खरीदने के दावे के बाद अब मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एंट्री हो गई है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर शुक्रवार को एसीबी की टीम पहुंची है। बताया जा रहा है कि एसीबी की तीन सदस्यीय टीम केजरीवाल के घर पर मौजूद है और वह उनसे 15 करोड़ के दावे को लेकर पूछताछ करेगी। दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को आरोप लगाया था क‍ि उनके 16 उम्मीदवारों को अन्य पार्टी में शामिल होने के लिए फोन आया है और प्रत्येक को 15-15 करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया गया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "कुछ एजेंसियां दिखा रही हैं कि एक पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रही हैं। पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फोन आ गए हैं कि 'आप' छोड़कर उनकी पार्टी में आ जाओ, मंत्री बना देंगे और हरेक को 15-15 करोड़ देंगे। अगर इनकी पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रहीं हैं तो हमारे उम्मीदवारों को फोन करने की क्या जरूरत है?"एसीबी के एक अधिकारी ने पुष्टि करते हुए बताया था कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और मुकेश अहलावत के आवासों पर टीमें भेजी है। इससे पहले शुक्रवार सुबह आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सभी प्रत्याशियों को अपने घर चाय पर चर्चा के लिए बुलाया था। बैठक खत्म होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संदीप पाठक ने बताया कि सभी प्रत्याशियों के साथ एक बैठक की गई और लगातार भाजपा की तरफ से प्रत्याशियों को फोन आ रहे हैं।

## मप्र के महू में बाइक को टक्कर मारकर टैंकर से भिड़ी श्रद्धालुओं की ट्रैवलर, छह की मौत व 16 घायल

**इंदौर (हि.स.)**

मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में महू तहसील के मानपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में महाकाल दर्शन कर वापस लौट रहे कर्नाटक के चार श्रद्धालुओं समेत छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 16 तीर्थयात्री घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मानपुर थाना पुलिस के अनुसार कर्नाटक के बेलगाम जिले के रहने वाले तीर्थयात्री गुरुवार देर शाम महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे थे। वहां से दर्शन करने के बाद सभी यात्री अपने गांव लौट रहे थे। शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे मानपुर के पास तीर्थयात्रियों से भरी ट्रैवलर पहले एक बाइक से टकरा गई, इसके बाद वह अनियंत्रित होकर टैंकर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैवलर की पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चपेट में आई बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## आपराधिक गतिविधियों से खरीदी गई थार जब्त

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेस 2 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत आपराधिक गतिविधियों द्वारा अर्जित धन से खरीदी गई थार गाड़ी को जब्त किया है। इस गाड़ी की अनुमानित कीमत 12,84,999 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की और आरोपी योगेश शर्मा की थार गाड़ी को जब्त कर लिया। योगेश शर्मा वह गैंग लीडर है, जिसने एक दफ्तर खोलकर लोगों को एयरलाइंस में नौकरी दिलाने और मुद्रा लोन के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी की थी।

## एनसीबी ने नवी मुंबई में 200 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किए, चार गिरफ्तार



**मुंबई (हि.स.)**

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने नवी मुंबई में शुक्रवार को तड़के छापा मारकर 200 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। नवी मुंबई में यह ड्रग रैकेट अमेरिका से कूरियर के माध्यम से चलाया जा रहा था। एनसीबी ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, मामले की गहन छानबीन जारी है।

एनसीबी मुंबई सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि कुछ दिन पहले नवी मुंबई में 200 ग्राम कोकीन की जब्ती के बाद इस मामले की छानबीन की जा रही थी। इसी आधार पर एनसीबी ने 31 जनवरी को महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक छापे के दौरान उच्च श्रेणी की कोकीन, हाइड्रोपोनिक खरपतवार, भांग की गमियां समेत 1,60,000 की नकदी बरामद की थी। छानबीन में यहां बरामद ड्रग अंतरराष्ट्रीय कूरियर एजेंसी के जरिये विदेशों में भेजे जाने की जानकारी मिली। इसके बाद मामले की छानबीन के आज तड़के नवी मुंबई में 11.540 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन, हाइड्रोपोनिक वीड, 4.9 किलोग्राम हाइब्रिड स्ट्रेन हाइड्रोपोनिक वीड/गांजा और 200 पैकेट (5.5 किलोग्राम) कैनबिस गमियां बरामद की गई है।

### एसएसबी और पुलिस ने 1.7 किलो अफीम, 40 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया ।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56 वीं बटालियन के जी कंपनी घुरना और घुरना थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार को तस्करी के एक किलो 700 ग्राम अफीम,40 ग्राम ब्राउन शुगर,एक हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल,एक मोबाइल और 4 हजार 170 भारतीय करेंसी के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। एसएसबी और घुरना थाना पुलिस की यह संयुक्त कार्रवाई घुरना से बसमतिया बॉर्डर रोड में घुरना वार्ड संख्या नौ में कार्रवाई की।यह कार्रवाई भारत नेपाल सीमा से 600 मीटर की दूरी पर भारतीय क्षेत्र में की गई।

### फुलकाहा में एसएसबी और पुलिस ने 40 किलो गांजा और एक मोटरसाइकिल किया जब्त

**अररिया ।** जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र में भारत नेपाल सीमा के पास से एसएसबी और पुलिस ने गुरुवार की देर रात गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए 40 किलो गांजा के साथ एक मोटरसाइकिल जब्त किया,जबकि अंधेरे का लाभ उठाते हुए तस्कर मोटरसाइकिल और बोरा में भरे गांजा का पैकेट छोड़कर मौके से फरार हो गया। फुलकाहा थानाध्यक्ष को नेपाल से गांजा के खेप के भारतीय सीमा में तस्करी के माध्यम से आने की मिली गुप्त सूचना पर एसएसबी और पुलिस ने ज्वाइंट अभियान के तहत इसे बरामद किया।

## 'परीक्षा पे चर्चा' होगी और भी खास

# इस बार पीएम करेंगे सुंदर नर्सरी में छात्रों से संवाद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) करते दिखाई देंगे। इस बार की चर्चा और भी खास होने वाली है, क्योंकि ये चर्चा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सुंदर नर्सरी में होगी। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से पहले इससे जुड़ी कुछ झलकियां सामने आई हैं, जिसमें प्रधानमंत्री छात्रों के साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं। 1 मिनट 49 सेकंड के वीडियो की शुरुआत एक छात्रा की आवाज से होती है, वह बताती है कि इस बार एक खुली सी जगह- सुंदर नर्सरी में यह प्रोग्राम होना है। इसके बाद पीएम मोदी वीडियो में दिखाई देते हैं और वह छात्रों से पूछते हैं कि मकर संक्रांति में क्या खाते हैं? इस पर छात्र जवाब देते हैं कि वे तिल-गुड़ खाते हैं। वीडियो में दिखाई देता है कि पीएम मोदी के हाथ में तिल-गुड़ से भरी थाली होती है और वह छात्रों से हंसते हुए कहते हैं कि एक ही लेना ऐसा कोई नियम नहीं है। अगर ज्यादा पसंद है तो और भी खा सकते हैं। इसके बाद पीएम मोदी वहां मौजूद छात्रों से उनके निवास स्थान के बारे में भी पूछते हैं। प्रधानमंत्री, छात्रों के साथ संवाद करते हुए अपने स्कूली दिनों के बारे में बताते हैं। वह कहते हैं कि मुझे याद है कि मेरे टीचर, मेरी हैंडराइटिंग को ठीक करने के लिए काफी मेहनत करते थे।

मुझे लगता है कि उनकी हैंडराइटिंग अच्छी हो गई होगी, लेकिन मेरी नहीं हुई। पीएम मोदी बातचीत के दौरान छात्रों की हौसला अफजाई भी करते दिखाई देते हैं। वह क्रिकेट का जिक्र करते हुए कहते हैं कि बैट्समैन प्रेशर की परवाह नहीं करता है बल्कि उनका पूरा ध्यान बॉल पर होता है। बता दें कि परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) का एपिसोड 10 फरवरी सुबह 11 बजे पीएम मोदी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट और अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर टेलीकास्ट होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी), परीक्षा से जुड़े तनाव को सीखने के उत्सव में बदलने की पहल है। इसके 8वें संस्करण में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। वर्ष 2018 में परीक्षा पे चर्चा एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है, जिसने वर्ष 2025 में अपने 8वें संस्करण के लिए 3.56 करोड़ पंजीकरण प्राप्त किए हैं।

## एक नजर

### अबू धाबी टी10 लीग का सातवां संस्करण 18 नवंबर से



**अबू धाबी(हि.स.)।** अबू धाबी टी10 लीग के सातवें संस्करण का आयोजन 18 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक अबू धाबी के प्रतिष्ठित शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। अबू धाबी क्रिकेट एंड स्पोर्ट्स हब के सीईओ मैट बाउचर ने टूर्नामेंट की तारीखों की पुष्टि करते हुए कहा, हम अबू धाबी टी10 के 2025 संस्करण की घोषणा करके उत्साहित हैं। अबू धाबी स्पोर्ट्स काउंसिल और संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी के तहत, हमने 2019 में इस टूर्नामेंट को विकसित करने और अबू धाबी को वैश्विक खेल मानचित्र पर और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई थी। 2024 संस्करण में अब तक का सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी समूह और दर्शकों की शानदार भागीदारी देखने को मिली। उन्होंने आगे कहा कि टूर्नामेंट में लगातार नवाचार लाने और अबू धाबी को एक विश्व स्तरीय खेल गंतव्य के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया जाएगा। टी10 ग्लोबल के चेयरमैन शाजी उल मुल्क ने भी 2025 संस्करण को लेकर उत्साह जताते हुए कहा, हअबू धाबी टी10 क्रिकेट और मनोरंजन का अनूठा मिश्रण है।

### मैथियस बो ने किया विश्व पैडल लीग का दौरा

**मुंबई(हि.स.)।** मुंबई के नेस्को सेंटर में विश्व पैडल लीग के भारत में पदार्पण के साथ ही खेल प्रेमियों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में गुरुवार को पूर्व विश्व नंबर 1, लंदन ओलंपिक 2012 बैडमिंटन में रजत पदक विजेता और भारत की शीर्ष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी के पूर्व कोच मैथियस बो ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। मैथियस बो ने भारत में पैडल खेल के विकास पर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, देश में और भी अधिक पैडल कोर्ट बनाए जा रहे हैं और कई क्लब अपने अन्य कोर्ट को पैडल कोर्ट में बदलने पर विचार कर रहे हैं। यह स्थिति मुझे डेनमार्क में देखी गई प्रगति की याद दिलाती है, जहां यह खेल मात्र 6-7 वर्षों में शून्य से उभरकर एक लोकप्रिय खेल बन गया। एक नियमित पैडल खिलाड़ी, बो ने कहा, हमैं भले ही शीर्ष पैडल खिलाड़ियों में शामिल नहीं हूं, लेकिन मैंने रैकेट के साथ जन्म लिया है। यह खेल शुरुआती लोगों के लिए अपेक्षाकृत आसान है और यही कारण है कि यह इतनी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

### भारतीय एथलीटों ने मोटापे के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी की मुहिम को दिया समर्थन

**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारतीय एथलीट और फिटनेस इन्फ्लुएंसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम का समर्थन करने के लिए आगे आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह आह्वान देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों 2025 के उद्घाटन समारोह में किया था, जिसमें उन्होंने फिटनेस और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की बात कही थी। भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने फिटनेस को लेकर जागरूकता फैलाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अच्छा खाना स्वस्थ और खुशहाल जीवन की ओर पहला कदम है। आइए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की फिटनेस के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर फिट फूड इंडिया को अपनी जीवनशैली बनाएं। टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने भी संतुलित आहार के महत्व को रेखांकित करते हुए लिखा, हम जो खाना खाते हैं, वह हमारे स्वास्थ्य को आकार देता है। आइए, पौष्टिक विकल्पों के लिए प्रतिबद्ध हों और फिट फूड इंडिया को अपनी जीवनशैली में शामिल करें, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के फिटर इंडिया मिशन में योगदान दिया जा सके। फिट इंडिया आइकन और एमएमए चैंपियन संग्राम सिंह ने भी इस अभियान का समर्थन करते हुए एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा, मानव शरीर के लिए सबसे जरूरी चीज है अच्छा खाना और फिट रहना।

### आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आधिकारिक गीत किया लांच

**दुबई (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आधिकारिक गीत जीतो बाजी खेल के के रिलीज की घोषणा की। इस गीत को प्रसिद्ध गायक आतिफ असलम ने गाया है और यह आगामी टूनार्मेंट को लेकर रोमांच को और बढ़ा देगा। आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और यूएई में होगा, जिसमें कुल 15 मैच खेले जाएंगे।

# दूसरे वनडे मैच में कोहली की होगी वापसी : शुभमन

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय टीम के उप कप्तान शुभमन गिल ने विराट कोहली की फिटनेस को लेकर चल रही आशंका को खारिज करते हुए कहा कि यह स्टार बल्लेबाज इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले दूसरे वनडे मैच में वापसी करेगा। कोहली अपने दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे जिससे भारतीय टीम की चिंता बढ़ गई क्योंकि पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी को देखते हुए यह सीरीज काफी महत्वपूर्ण है।




### विराट कोहली खेलने को तैयार

नागपुर में पहले वनडे में 87 रन बनाकर भारत की 4 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले गिल ने कहा, 'उनकी (कोहली) चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने बुधवार को अच्छा अभ्यास किया था लेकिन गुरुवार की सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन थी। वह निश्चित रूप से दूसरे वनडे में वापसी करेंगे।' गिल ने कहा कि वह पहले वनडे में शतक को ध्यान में रखकर नहीं खेल रहे थे। उन्होंने कहा, 'नहीं मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं फील्डिंग की सजावट पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और उसी के अनुरूप अपने शॉट खेल रहा था। मैं गेंदबाज पर हावी होने की कोशिश कर रहा था।'

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अय्यर की भारतीय टीम में वापसी से पोंटिंग खुश

**दुबई(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने गुरुवार को नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में भारत की वनडे टीम में श्रेयस अय्यर की बहुप्रतीक्षित वापसी पर खुशी जताई। अय्यर ने न केवल मौके का पूरा फायदा उठाया, बल्कि अपने आक्रामक खेल और निडर दृष्टिकोण से सभी को याद दिलाया। लगभग पांच महीने बाद भारत की ओर से खेलते हुए अय्यर ने वहीं से शुरुआत की, जहां से उन्होंने छोड़ा था और 36 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। उन्होंने 163.88 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और इंग्लिश गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं, जिससे भारत ने मैच चार विकेट से जीतकर तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। चैंपियंस ट्रॉफी के करीब आने के साथ ही अय्यर मध्यक्रम में खुद के लिए मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। अय्यर 2023 में घरेलू धरती पर होने वाले वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत के पहुंचने में अहम भूमिका निभा चुके हैं, इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने टूर्नामेंट के दौरान 530 रन बनाए थे। अय्यर के बारे में पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, "उनके पास ऐसा खेल है जो सफेद गेंद के प्रारूपों में टिक सकता है, खास तौर पर दुनिया के उस हिस्से में।" "उन विकेटों पर - धीमी, निचली विकेटों पर - वह गतिशील है। हम जानते हैं कि वह स्पिन गेंदबाजी को

## मेरे नियंत्रण में केवल मेरी तैयारी है : शेफाली



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2025 सीजन के शुरू होने में बस एक सप्ताह बाकी है, दिल्ली कैपिटल्स की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि वह अच्छे प्रदर्शन के साथ राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि उनके नियंत्रण में केवल तैयारी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद, शेफाली को ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए 50 ओवर के सेट-अप से बाहर कर दिया गया था। उन्हें नवी मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 के लिए भी शामिल नहीं किया गया था। सका मतलब यह हुआ कि शेफाली घरेलू क्रिकेट में वापस आ गई और सीनियर महिला वन-डे चैलेंजर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी। उसने पांच मैचों में 82.80 की औसत और 145.26 की स्ट्राइक रेट से 414 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। ईमानदारी से कहूं तो पिछले कुछ महीने मेरे लिए मुश्किल भरे रहे हैं। मेरे पिता को दिल का दौरा पड़ा और कुछ ही दिनों बाद मुझे वनडे टीम से बाहर कर दिया गया।

## हम अपनी गलतियों से सीखेंगे और मजबूत होकर लौटेंगे: कप्तान हार्दिक

एजेंसी

**लखनऊ (आईएएनएस)।** हॉकी इंडिया लीग की लखनऊ स्थित फ्रेंचाइजी यूपी रुद्र ने तमिलनाडु ड्रैगन्स पर जीत के साथ अपने अभियान का समापन किया, लेकिन सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई, शीर्ष 4 से सिर्फ एक अंक पीछे रह गई। फिर भी, यह सीजन कई मायनों में फ्रेंचाइजी के लिए खास रहा। 10 मैचों के दौरान, यूपी रुद्र ने पांच जीते, चार हारे और 1 ड्रॉ खेला। पूरे टूनार्मेंट में खेल भावना और अनुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए यूपी रुद्र ने फेयर प्ले अवार्ड जीता। जेम्स मजारेलो के बेहतरीन रिफ्लेक्स और महत्वपूर्ण बचावों की बदौलत, टीम ने पूरे टूनार्मेंट में सबसे कम गोल (22) खाकर अपना टूनार्मेंट समाप्त किया। जेम्स के बेहतरीन प्रदर्शन ने यूपी रुद्र के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे विपक्षी टीम को जीत के लिए जूझना पड़ा।

सीजन पर विचार करते हुए, टीम के कप्तान हार्दिक सिंह ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया। टीम संतुलित थी, जिसमें केन रसेल, ललित कुमार उपाध्याय और टैंगुई कोसिन्स जैसे वरिष्ठ खिलाड़ी शामिल थे, साथ ही टैलेम प्रियोबार्टा, सुदीप चिरमाको और जेम्स मजारेलो जैसे होनहार युवा खिलाड़ी भी शामिल थे। अपनी निडर खेल शैली के लिए जानी जाने वाली टीम ने असफलता के बावजूद उल्लेखनीय दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया। ्लहालांकि यह सीजन का वह अंत नहीं था जिसकी हमें उम्मीद थी, लेकिन मुझे टीम पर बहुत गर्व है। जब भी हम मैदान पर उतरे, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और यही सबसे ज्यादा मायने रखता है।

## छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने दिल्ली रॉयल्स पर जीत के साथ किया लीग का आगाज

**रायपुर (छत्तीसगढ़) (आईएएनएस)।** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में आज से शुरू हुई लीजेंड 90 लीग के पहले मुकाबले में घरेलू टीम छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने एक कांटेदार मुकाबले में दिल्ली रॉयल्स को 5 विकेट से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में सुरेश रैना की अनुपस्थिति में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की कमान संभाल रहे गुरकीरत सिंह मान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।. बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली रॉयल्स की शुरूआत कुछ खास नहीं रही और अभिमन्यु मिथुन की पहली ही गेंद पर शरद लूंबा अपना विकेट गंवा बैठे। दूसरे छोर पर मौजूद दिल्ली के कप्तान शिखर धवन भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 6 रन पर सिद्धार्थ कौल का शिकार बने। जिसके बाद श्रीलंकाई बल्लेबाज दानुश्का गुणातिलका और एंजेलो परेरा की जोड़ी ने 28 गेंदों में 61 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी



निभाकर टीम को संभाला। हालांकि परेरा 27 रनों पर रन आउट हो गए, लेकिन गुणातिलका ने एक छोर मजबूती से संभाले रखा और 33 गेंदों में 9 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 73 रनों की धमाकेदार पारी खेली। जिसके बाद न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज रॉस टेलर की 24 गेंदों में 39 रनों की पारी ने टीम के स्कोर को निर्धारित 15 ओवरों में 7 विकेट खोकर 172 रनों के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को भी तीसरे ही ओवर में विशाल कुशवाहा के रूप में पहला झटका लगा।

### स्टीव स्मिथ का 36वां टेस्ट शतक

**गाले।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने शुक्रवार को गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन अपना 36वां टेस्ट शतक बनाया। इस शतक के साथ, स्मिथ अब सबसे ज्यादा टेस्ट शतक बनाने वालों की सूची में दिग्गज राहुल द्रविड़ और इंग्लैंड के जो रूट की बराबरी कर चुके हैं, जिससे वह टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले संयुक्त पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की अगुआई कर रहे स्मिथ ने कप्तान की पारी खेली और मेहमान टीम को शुरुआती झटके लगने के बाद पारी को संभाला।

## मुझे खेलने की उम्मीद भी नहीं थी : सोनम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** महज 19 साल की उम्र में सोनम ने महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में बेहतरीन प्रदर्शन करके सुर्खियां बटोरीं, क्योंकि उनके महत्वपूर्ण गोलों ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को पहले सीजन में फाइनल में पहुंचने में मदद की। हरियाणा की रहने वाली यह फॉरवर्ड टूनार्मेंट की दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर थी और भारतीयों के बीच चार्ट में सबसे ऊपर थी। अपने ब्रेकआउट सीजन के बारे में बात करते हुए, सोनम ने कहा, ूनार्मेंट शुरू होने से पहले, मुझे कोई मैच खेलने की उम्मीद भी नहीं थी क्योंकि मैं बहुत छोटी थी और मेरी टीम में कहीं ज्यादा अनुभवी हमलावर थे। उन्होंने कहा, ब मुझे दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ पहले मैच में खेलने का मौका मिला, तो मुझे पता था कि मुझे खेलने वाली टीम में बने रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। अपने लगातार गोल और मौके बनाने की बदौलत, सोनम विरोधी टीमों के लिए एक बड़ा खतरा बन गई। जब उनसे उनकी सफलता के राज के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, हहमारी टीम ने हॉकी की बेहद आक्रामक शैली खेली, जिससे स्ट्राइकर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। मुझे पता था कि टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, इसलिए मैंने यथासंभव अधिक से

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### सेंसेक्स 197 अंक गिरकर हुआ बंद मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 197.97 अंक या 0.25 प्रतिशत गिरकर 77,860.19 और निफ्टी 43.40 अंक या 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,559.95 पर था। व्यापक बाजार में रुझान नकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,520 शेयर हरे निशान में, 2,402 शेयर लाल निशान में और 142 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मिलाजुला कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 108.30 अंक या 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,609 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 49.90 अंक या 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,006.85 पर बंद हुआ। निफ्टी ऑटो, फार्मा, मेटल, रियल्टी, प्राइवेट बैंक और कमोडिटी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। आईटी, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, मीडिया, एनर्जी और इन्फ्रा इंडेक्स दबाव के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, भारती एयरटेल, जोमैटो, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, टाइटन और एशियन पेंट्स टॉप गेनर्स थे। आईटीसी, एसबीआई, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावर ग्रिड, नेस्ले इंडिया और एचडीएफसी बैंक टॉप लूजर्स थे।

### आरबीआई ने घटाया रेपो रेट अर्थशास्त्री बोले- ये एक अच्छा कदम

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को रेपो रेट में 25 आधार अंक या 0.25 प्रतिशत की कमी करने का ऐलान किया है। आरबीआई के इस निर्णय को विशेषज्ञों ने एक अच्छा कदम बताया है। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ पंकज जायसवाल ने कहा कि आज मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कमी की गई है और यह पहले से ही तय माना जा रहा था। उन्होंने कहा, "जिस तरह से बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मिडिल क्लास का ध्यान रखा था और उसके एक दिन पहले पीएम मोदी ने अपील की थी कि इस बार का बजट गरीबों, मिडिल क्लास और महिलाओं के लिए होगा, तो यह संकेत बजट में ही मिल गए थे कि अबकी बार रेपो रेट में कमी आएगी, जिसमें आम आदमी के हाथ में कैश फ्लो आएगा।" अर्थशास्त्री पंकज जायसवाल ने कहा, "रेपो रेट की कमी होने से बैंक की ईएमआई प्रतिमाह कम होगी, क्योंकि मिडिल क्लास होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन लेता है। आशा है कि 0.25 का रेपो रेट कट होने से मिडिल क्लास की ईएमआई में करीब पांच से 10 प्रतिशत की कमी हो जाएगी। इसके बाद उनके हाथ में अच्छा खासा पैसा आएगा, जो वह खर्च कर सकेगा।

## टोल टैक्स से लोगों को मिलेगी जल्द राहत सरकार लाएगी नई स्कीम : नितिन गडकरी




**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले वाहनों पर लगने वाले टोल पर यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर यूजर्स को लाभ पहुंचाने के लिए एक यूनिफॉर्म टोल नीति पर काम कर रही है। गडकरी ने एनडीटीवी से कहा, "हमारी रिसर्च पूरी हो चुकी है और स्कीम की जल्द घोषणा की जाएगी।"केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम शुरू करने पर काम कर रही है। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात का प्रवाह सुगम होगा। गडकरी ने स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर टोल कलेक्शन को लेकर उन पर मीम्स बन रहे हैं। इंटरव्यू में गडकरी ने कहा, "सोशल मीडिया पर कई लोग ट्रोल कर रहे हैं। कुछ लोग टोल को लेकर गुस्सा भी हैं। मैं बस यह कहना चाहता हूं कि टोल को लेकर ये गुस्सा कुछ दिनों में समाप्त हो जाएगा।

भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 1,46,195 किमी है। देश का टोल कलेक्शन 2023-24 में 64,809 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय मंत्री गडकरी का बयान ऐसे समय पर आया है, जब करीब एक हफ्ते पहले आए आम बजट 2025-26 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स छूट की सीमा को बढ़ाकर 12.75 लाख रुपये तक कर दिया गया है। इससे सरकार की आय एक लाख करोड़ रुपये कम होगी। वहीं, दूसरी तरफ आम आदमी के हाथ में अधिक पैसा बचेगा और लोग पहले के मुकाबले अधिक खर्च कर पाएंगे। गडकरी ने आगे कहा कि यमुना को साफ किया जाएगा और नदी के दिल्ली हिस्से को सीप्लेन के लिए लैंडिंग स्ट्रिप के रूप में भी इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुजरात में साबरमती पर यह पहले ही सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

भारत ने किया हासिल

## 100 गीगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता: प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने 100 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता हासिल किया है, जो एक मील का पत्थर है। जोश ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के देश के लक्ष्य को भी रेखांकित किया।



जोशी ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने 100 गीगावाट सौर क्षमता हासिल किया है। ये उपलब्धि स्वच्छ, हरित भविष्य के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता से प्रेरित है। इससे अक्षय ऊर्जा में वैश्विक नेता के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि स्वच्छ, हरित भविष्य के लिए देश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भारती एयरटेल का मुनाफा तीसरी तिमाही में 121 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई (आईएएनएस)।** देश की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने गुरुवार को तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। अक्टूबर-दिसंबर अवधि में कंपनी को 14,781 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। इसकी वजह इंडस टावर के कंसोलिडेशन के कारण वनटाइम विशिष्ट लाभ है। अगर वनटाइम विशिष्ट लाभ को समायोजित कर लिया जाए तो कंपनी को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 5,514 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 2,442 करोड़ रुपये था। कंपनी की ऑपरेशनंस से आय सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 45,129 करोड़ रुपये हो गई है। इसकी वजह भारत और अफ्रीका के कारोबार में मजबूत वृद्धि होना है।

गोपाल विट्टल, वाइस चेयरमैन और एमडी ने कहा, "हमने लगातार एक और तिमाही मजबूत प्रदर्शन किया। इसकी वजह इंडस टावर्स का कंसोलिडेशन तीसरी तिमाही से प्रभावी होना रहा।"उन्होंने कहा कि कंपनी की बैलेंस शीट मजबूत बनी हुई है, जिसे मजबूत नकदी सृजन, विवेकपूर्ण पूंजी आवंटन और निरंतर डीलीवरेजिंग से सपोर्ट मिल रहा है। विट्टल ने कहा, "हमारा मानना है कि उद्योग निरंतर निवेश और दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करने के लिए टैरिफ में और सुधार करेगा।"

एयटेल की औसत आय प्रति यूजर (एआरपीयू) में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है और वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 245 रुपये हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 208 रुपये था। एयरटेल ने तीसरी तिमाही में 6 लाख नए ग्राहक जोड़कर पोस्टपेड सेगमेंट में अपनी लीडरशिप को मजबूत किया, जिससे इसका कुल पोस्टपेड यूजर बेस 2.5 करोड़ हो गया। एयरटेल ने अपने कारोबार में मजबूत प्रदर्शन जारी रखा। कंपनी की आय में सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। ंपनी के घरेलू ब्रॉडबैंड सेगमेंट में मजबूत वृद्धि हुई है और इस सेगमेंट की आय में वित्त वर्ष 25 की तीसरी

### एनडीए के कार्यकाल में पैदा हुई 17.9 करोड़ नौकरियां

नई दिल्ली, 7 फरवरी (आईएएनएस)। बीजेपी ने कांग्रेस के उन दावों का खंडन किया है, जिसमें ये दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा नहीं हुए हैं। बीजेपी ने आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के कार्यकाल में एक दशक में केवल 2.9 करोड़ नौकरियां पैदा हुई थी। वहीं, एनडीए के शासनकाल में 17.9 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, जिसमें से 4.6 करोड़ नौकरियां अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में पैदा हुई हैं। बीजेपी ने राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि यूपीए के शासनकाल में बेरोजगारी 4.7 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। वहीं, मोदी सरकार में बेरोजगारी की दर 2017-18 में 5.3 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3.2 प्रतिशत हो गई है। वहीं, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आधार पर बताया गया कि मोदी सरकार में ग्रामीण बेरोजगारी दर में भी कमी आई है। बीजेपी ने कहा कि महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई है।

# भारत की समृद्धि सांस्कृतिक समरसता से भी तय होती है : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राजभवन में अंतरराज्य छात्र जीवन दर्शन (स्टूडेंट्स एक्सपीरिएंस इन इंटर स्टेट लिविंग-सील) के तहत झारखंड आए राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2025 के प्रतिभागियों से संवाद किया।


उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की समृद्धि केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता और आपसी सहयोग से भी तय होती है। राज्यपाल ने कहा कि यह यात्रा युवाओं को देश के विभिन्न राज्यों की यात्रा कर वहां की संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक संरचना को समझने का अद्भुत अवसर प्रदान करेगी। यह हर्ष का विषय है कि सील 1966 से राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ कर रहा है। सीमावर्ती एवं सुदूर क्षेत्रों के छात्रों को भारत के अन्य भागों के लोगों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक जन-एक संस्कृति केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और भावनात्मक एकता का वास्तविक प्रतिबिंब है।



### झारखंड की अनूठी सांस्कृतिक विरासत को समझने का अवसर

राज्यपाल ने झारखंड की समृद्ध जनजातीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि सील के माध्यम से देशभर के युवाओं को झारखंड की अनूठी सांस्कृतिक विरासत को जानने और समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और झारखंड में राज्यपाल के रूप में छह माह का अनुभव अच्छा रहा है। उन्होंने इस प्रदेश की संभावनाओं, लोक संस्कृति और परंपराओं को अत्यंत समृद्ध बताया। उल्लेख किया कि पांच वर्ष पूर्व, नई दिल्ली में भी सील के लगभग 100 प्रतिभागियों से संवाद हुआ था। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस यात्रा के दौरान बने आपसी संबंधों को बनाए रखें। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के रुस्तम और असम की अनुमति राधा ने राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2025 के अपने अनुभव साझा किए और इसे एक अविस्मरणीय और शिक्षाप्रद यात्रा बतायी। राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### राज्यपाल से मिले विधानसभा अध्यक्ष

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को झारखंड विधानसभा द्वारा प्रकाशित डायरी एवं कैलेंडर भेंट किया।





मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को अपने शादी की सालगिरह पर असम में विश्व प्रसिद्ध प्राचीन मां कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही सोशल मीडिया पर लिखा, मां कामाख्या सभी को सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

## मंत्री चमरा लिंडा ने खूंटी में संचालित विद्यालयों और छात्रावासों का किया निरीक्षण



**छात्रावास में भोजन की होगी व्यवस्था**

इस दौरान मंत्री ने छात्राओं से कहा कि जल्द ही छात्रावास में खाने की व्यवस्था करायी जाएगी। किसी भी छात्रा को अपने घर से चावल-दाल और सब्जी लेकर आने की जरूरत नहीं है।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सूबे के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने शुक्रवार को खूंटी में कल्याण विभाग द्वारा संचालित सरकारी विद्यालयों और जनजातीय बालक एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने खूंटी के बिरसा मुंडा जनजातीय बालिका छात्रावास में रह रही छात्राओं से सीधा संवाद किया और छात्राओं की प्रतिभा और रुचि के आधार पर करियर बनाने की सलाह दी।

**■ छात्रों के साथ मंत्री ने किया संवाद**

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा बिरसा कॉलेज की छात्राओं से सीधा संवाद कर उनके रहने और खाने के इंतजाम के बारे में जानकारी ली। इस दौरान छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं ने छात्रावास की समस्याओं से संबंधी एक ज्ञापन भी मंत्री को सौंपा। छात्रों ने छात्रावास में पेयजल, लाइब्रेरी, रसोइया और अन्य समस्याओं से अवगत कराया।

# सनातन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संवाहक रहे कामेश्वर चौपाल : बाबूलाल

### श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से मंदिर निर्माण तक के साक्षी रहे कामेश्वर चौपाल : रविंद्र कुमार राय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्व कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। श्री मरांडी ने कहा कि स्व कामेश्वर चौपाल सहज सरल व्यक्तित्व के धनी थे। कुशल संगठन कर्ता के साथ साथ वे कुशल वक्ता भी थे। उनका संपूर्ण जीवन राम काज केलिए समर्पित और संवाहक रहे। कहा कि राम को वे आराध्य ही नहीं बल्कि राष्ट्र पुरुष मानते थे। राम के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती इस भाव को उन्होंने गांव गांव तक पहुंचाया। सनातन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद केलिए उनका जीवन समर्पित रहा। कहा कि उनके साथ विहिप में संगठन कार्य साथ साथ करने का सुअवसर मिला जो स्मृतियों में शामिल है। भाजपा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने आज कामेश्वर चौपाल जी के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। कहा कि प्रभु श्रीराम दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

डॉक्टर राय ने कहा कि स्व चौपाल विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। पैर हाथ मिलकर उनकी 24 उंगलियां थी। कहा कि प्रभु श्रीराम ने उन्हें अपनी सेवा का विशेष अवसर प्रदान किया। वे रामजन्मभूमि आंदोलन को गति प्रदान किया साथ ही मंदिर निर्माण के भी साक्षी बने। भव्य मंदिर की नींव में पहला ईंट रखने की बात युगों युगों तक याद रहेगी। स्व चौपाल श्री राम मंदिर के ट्रस्ट में भी शामिल थे। डॉ राय ने कहा कि एक कुशल संगठन कर्ता के रूप में एकात्मता यात्रा और रामशिला पूजन कार्यक्रम में झारखंड के गांव गांव तक उनका प्रवास हुआ। डॉक्टर राय ने कहा कि उनका जब समाज जीवन केलिए अपूरणीय क्षति है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश भाजपा के नेताओं ने स्व चौपाल की आत्मा की शांति केलिए प्रार्थना की है।

**संयुक्त बिहार में झारखंड रहा उनका कार्य क्षेत्र, 24 उंगली के धनी व्यक्तित्व को मिला राममंदिर में पहली ईंट रखने का सौभाग्य**



## झारखंड में पहली बार अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का होगा आयोजन

**1228 लोग लेंगे हिस्सा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में पहली बार रांची के मरांग गोमके, जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया जा रहा। आयोजन डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देशन में किया जा रहा। 10 से 15 फरवरी तक रांची में 68 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 10 फरवरी को राज्यपाल करेंगे और 15 फरवरी को मुख्यमंत्री समारोह का समापन करेंगे।

आयोजन की जानकारी आईजी असीम विक्रांत मिंज द्वारा सीआईडी मुख्यालय में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई। अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन सबसे पहले वर्ष 1953 में राइफल, रिवॉल्वर शूटिंग प्रतियोगिता के रूप में प्रारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य व्यावसायिक प्रदर्शन के मानकों को सभी पुलिस संगठनों के कर्मियों के बीच सर्वश्रेष्ठीकरण को प्रोत्साहित करना था। जैसे-जैसे इस आयोजन की सफलता और लोकप्रियता बढ़ी, इस पुलिस ड्यूटी मीट में और भी प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। उदाहरण के लिए 1954 में फर्स्ट एंड एम्बुलेंस ड्रिल को शामिल किया गया था। वर्ष 2010 में कमांडो प्रतियोगिता को शामिल किया गया। आईजी असीम विक्रांत मिंज ने बताया की प्रतिभागियों और इवेंट्स की संख्या बढ़ने के कारण वर्ष 1999 में अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट को मुख्य तीन भागों में बांटा गया।



### प्रो बीपी सिन्हा ने रेडियो खांची के निदेशक पद से इस्तीफा दिया

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खांची, 90.4 एफएम के निदेशक डॉ बीपी सिन्हा ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। डॉ सिन्हा पूर्व में रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के निदेशक भी थे, लेकिन नए निदेशक की नियुक्ति के बाद वह रेडियो खांची के निदेशक पद पर बने हुए थे। उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस पद से इस्तीफा दे दिया।

Radio Khanchi 90.4 FM Hum Sabka Radio
A Community Radio Station of Ranchi University, Ranchi

## आदिवासियों को नौकरी से वंचित करने के विरोध में किया राजभवन मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्र द्वारा आदिवासियों को नौकरियों से वंचित रखने के विरोध में शुक्रवार को आदिवासी अधिकार मंच ने ने राजभवन मार्च किया। इसका नेतृत्व मंच के अध्यक्ष प्रफुल्ल लिंडा और राष्ट्रीय संयोजक पूर्व सांसद डॉ पुलिन बिहारी बास्के ने किया। मार्च शहीद चौक से कचहरी चौक होते हुए राजभवन तक किया गया। राजभवन जाकर 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर बास्के बोले, केंद्र सरकार निजीकरण की नीति अपनाकर आदिवासियों को नौकरी से वंचित कर रही है। निजीकरण कर बैकलॉग के तहत लोगों को नौकरी न मिले, ऐसी नीतियां लाई जा रही हैं। इसमें आदिवासियों को उनके अनुपात के अनुसार आरक्षण देने, केंद्रीय अस्थाई नौकरियों में भी आरक्षित कोटा लागू करने, निजी क्षेत्र में भी आरक्षण लागू करने, एसटी बैकलाग के तहत रिक्तियां को भरने, निजीकरण नीति को रद्द करने आदि की मांग की गई।



मौके पर सुखनाथ लोहरा, प्रकाश टोप्पो, बुधराम उरांव, कीर्ति सिंह मुंडा, बीणा लिंडा, मनसाराम लोहरा, देवी सिंह पहाड़िया, जरमन देहरी, सनातन देहरी, कृपा एक्का, पुष्पा तिर्की सहित अन्य शामिल थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड का बकाया 1.36 लाख...**

झारखंड राज्य के समुचित विकास के लिए केंद्र के जरिए आर्थिक सहयोग आवश्यक है। वित्त मंत्री ने दोनों केंद्रीय मंत्रियों से झारखंड का बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने कोयला मंत्रालय के अपर सचिव स्मिता प्रधान को बुलाकर निर्देश दिया कि यथाशीघ्र भारत सरकार के कोयला मंत्रालय तथा झारखंड सरकार के खनन मंत्रालय के अधिकारियों की टीम गठित कर सौहार्दपूर्ण बैठक कर वास्तविक बकाए की राशि की गणना करें, ताकि कोयला खनन के शीर्ष में झारखंड को बकाया राशि का भुगतान किया जा सके। इधर, मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री से वर्ष 2024-25 में झारखंड राज्य के लिए सहायता अनुदान अनुमानित निर्धारित लक्ष्य 16961.35 करोड़ रुपए की शेष राशि 12152.46 करोड़ रुपए उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

**अपने बेटे की शादी पर गौतम...**

दोपहर, अहमदाबाद के बेल्वेडियर क्लब, अदाणी शांतिग्राम टाउनशिप में संपन्न हुई, जहां जीत अदाणी और हीरा कारोबारी जैमिन शाह की बेटी दिवा शादी के बंधन में बंध गए। शादी पूरी तरह से पारंपरिक रूप से संपन्न हुई। सामान्य धार्मिक अनुष्ठानों और पारंपरिक गुजराती समारोह में केवल करीबी रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए। शादी में राजनेता, बड़े कारोबारी, फिल्मी सितारे, नौकरशाह और अन्य कोई प्रमुख हस्तियां शामिल नहीं हुईं। जीत अदाणी इस समय अदाणी एयरपोर्ट्स के निदेशक हैं और छह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का प्रबंधन देख रहे हैं। साथ ही, नवी मुंबई में बन रहे सातवें हवाई अड्डे की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंसेज से पढ़ाई की है।

**लोन होगा सस्ता, ईएमआई में...**

विकास की रफ्तार तेज होगी। संजय मल्होत्रा ने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद लिए गए फैसले की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि छह सदस्यीय समिति ने आम सहमति से रेपो रेट को 0.25 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी करने का निर्णय किया है। रेपो रेट (अल्पकालिक उधार दर) में 0.25 फीसदी की कटौती किए जाने का मध्यम वर्ग को लाभ मिलेगा। इससे मासिक किस्तों (ईएमआई) पर पड़ेगा। रेपो रेट में कटौती की घोषणा के बाद आम आदमी को होम लोन, वाहन लोन, पसर्नल लोन की ईएमआई में राहत मिल सकती है। ज्ञात हो कि रेपो रेट में यह कटौती पांच साल के बाद की गई है। पिछली कटौती मई, 2020 में हुई थी। इधर, आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार, आयकर की सीमा 12 लाख रुपए तक करने के बाद रेपो रेट में कटौती किए जाने से मध्यम वर्ग को और लाभ मिलेगा।

गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। जबकि चालू वित्त वर्ष आर्थिक वृद्धि दर 6.4 फीसदी पर रहने के अनुमान को बरकरार रखा है। संयज मल्होत्रा ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति अगले वित्त वर्ष 2025-26 में 4.2 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 4.8 फीसदी रहने की संभावना है। गौरतलब है कि आरबीआई ने फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा था। 31 जनवरी, 2025 तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 630.6 अरब यूएस डॉलर था। मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक सात-नौ अप्रैल, 2025 को होगी।

**क्या है रेपो रेट :** रेपो रेट उस दर को कहते हैं, जिस पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) अन्य बैंकों को पैसा उधार या कर्ज देता है। आरबीआई बढ़ी मुद्रास्फीति के समय रेपो दर को बढ़ा देता है, जिससे बैंकों द्वारा धन उधार लेने की प्रवृति को रोका जाता है। साथ ही, इससे अर्थव्यवस्था में धन की आपूर्ति कम नहीं हो, उसमें मदद मिलती है। रेपो रेट का सीधा असर बैंक से ऋण लेने वाले लोगों की जेब पर पड़ता है। क्योंकि, रेपो रेट बढ़ने से ईएमआई (इक्वेटेड मंथली इंस्टॉलमेंट) बढ़ जाती है। बढ़े रेपो रेट का असर इस तरह होता है कि जब रेपो रेट में वृद्धि होती है, तो बैंकों को आरबीआई से महंगी दर पर कर्ज मिलता है। जब बैंकों को महंगी दर पर कर्ज मिलता है, तो बैंक होम लोन, ऑटो लोन और पर्सनल लोन पर ईएमआई बढ़ा देता है। वहीं, जब रेपो रेट घटता है, तो बैंकों को आरबीआई से सस्ती दर पर कर्ज मिलता है। और, जब सस्ती दर पर कर्ज मिलता है, तो होम लोन, ऑटो लोन और पर्सनल लोन पर ईएमआई घट जाती है।

**टिजीटल भुगतान होगा सुरक्षित...**

शुरू कर रहा है। साथ ही, आगे गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाइयों के लिए 'फिन डॉट इन' शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य साइबर सुरक्षा खतरों और 'फिशिंग' जैसी दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों को नियंत्रित करने के साथ सुरक्षित वित्तीय सेवाओं को सुव्यवस्थित बनाना है, जिससे कि डिजिटल बैंकिंग और भुगतान सेवाओं में विश्वास बढ़े। कहा कि इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (आईडीआरबीटी) विशेष रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करेगा। वास्तविक पंजीकरण अप्रैल 2025 से शुरू होंगे। आरबीआई के गवर्नर ने कहा कि बैंकों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। कहा कि गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए अलग से 'फिन डॉट इन' की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक ने इसके साथ सीमा पार बिना कार्ड प्रस्तुत किए (कार्ड नॉट प्रेजेंट) लेन-देन में सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत शुरू करने का भी निर्णय किया है।

**वर्ष 2025-26 में...**

रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.7 फीसदी रहने का अनुमान है। पहली तिमाही में 6.7 फीसदी, दूसरी तिमाही में 7.0 फीसदी और तीसरी तथा चौथी तिमाही में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की संभावना है। संसद में पिछले हफ्ते पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान लगाया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025-26 में 6.3-6.8 फीसदी की दर से बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 फीसदी पर आने का अनुमान है। इसके बाद ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025-26 में उपभोग को बढ़ावा देने के लिए मध्यम वर्ग को अब तक की सबसे बड़ी आयकर छूट प्रदान करने की घोषणा की है।

**नहीं रहे श्रीराम मंदिर की पहली ईंट रखने...**

कुशल राजनेता और समाजसेवी खो दिया। बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य कामेश्वर चौपाल के निधन पर बिहार प्रदेश भाजपा ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट कर श्रद्धांजलि दी। इसमें कहा गया, राम मंदिर की पहली ईंट रखने वाले, पूर्व विधान पार्षद, दलित नेता, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के स्थायी सदस्य और विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रहे कामेश्वर चौपाल जी के निधन की खबर समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने अपने पूरे जीवन को धार्मिक और सामाजिक कार्यों में समर्पित किया और वे मां भारती के सच्चे लाल थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौपाल के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में लिखा, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य एवं 9 नवम्बर 1989 को आयोजित ऐतिहासिक शिलान्यास समारोह में पूज्य संतगण की उपस्थिति में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की प्रथम शिला रखने वाले परम रामभक्त श्री कामेश्वर चौपाल जी का निधन अत्यंत दुःखद है। उनका पूरा जीवन धार्मिक और सामाजिक कार्यों में समर्पित रहा। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

**पत्रकारों को निजी डाटा रिलीज करने के...**

को ही फटकार लगाई है। उनकी तरफ से कहा गया है कि अभी तक यह जानने की कोशिश तक नहीं हुई कि एफआईआर अपलोड किसने की थी। सीधे-सीधे पत्रकारों से सवाल-जवाब किए गए, उन्हें कोई समन भी नहीं भेजा गया।

### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रोटेक किसान मेला आज से

**रांची।** किसानों, कृषक महिलाओं एवं युवा उद्यमियों को उन्नत कृषि, पशुपालन, वानिकी, डेयरी, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि यंत्रीकरण, खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्द्धन तथा घरेलू एवं अन्य कुटीर उद्योगों से संबंधित आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 8 से 10 फरवरी तक एग्रोटेक किसान मेला 2025 का आयोजन किया जा रहा है क मेला का केन्द्रीय विषय वस्तु कृषि उत्पादकता, सुरक्षित खाद्य एवं पर्यावरण संरक्षण है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुनील चन्द्र दुबे ने बताया कि मेला में लगभग 120 स्टाल लगाये गए हैं जिनमे बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग, संकाय, 11 महाविद्यालय, इकईयां, तीन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र एवं 24 कृषि विज्ञान केन्द्रों के अलावा झारखण्ड में कार्यरत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शोध संस्थान, कृषि से संबंधित विभाग, बीज, कृषि यंत्र एवं उर्वरकों के निमार्ता एवं बिक्रेता, बैंक एवं वित्तीय संस्थान तथा स्वयंसेवी संगठन अपनी तकनीक, सेवाएँ एवं उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। मेला का उदघाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूर्वाहन 11 बजे करेंग। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा तथा भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, नामकुम के निदेशक डॉ सुजय रक्षित उद्घाटन समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। समापन समारोह 10 फरवरी को अपरहण 2.30 बजे होगा जिसके मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे। समापन समारोह में विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की तथा कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीख भी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंग। मेला के दूसरे दिन 9 फरवरी को महिला कृषक गोष्ठी में कृषि मंत्री तथा विधायक कल्पना सोरेन भी अतिथि के रूप में भाग लेंगी।

## न्यूज | बॉक्स

### एक मार्च को अपना पक्ष हाईकोर्ट में रखेंगे सिंदरी विधायक

रांची। विधानसभा चुनाव में सिंदरी विधानसभा से सीपीआई माले के प्रत्याशी चंद्रदेव महतो ने जीत दर्ज की। इस चुनाव में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक से प्रत्याशी हीरालाल शंखवार थे। हीरालाल शंखवार ने व्यक्तिगत रूप से हाईकोर्ट में उपस्थित होकर चंद्रदेव महतो पर आरोप लगाते हुए चुनाव याचिका दायर की। उन्होंने कहा कि चंद्रदेव महतो गलत तरीके से चुनाव जीते हैं। हीरालाल शंखवार ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन क्षेत्र संख्या 38 सिंदरी विधान सभा के विधायक चंद्रदेव महतो ने चुनाव में नामांकन पत्र सही नहीं भरा है। तथ्यों को छिपाया है, अपाराधिक पृष्ठभूमि की जानाकरी नहीं दी है, सजा होने का कोई जिक्र नहीं किया है। दूसरे चुनाव प्रचार में सीपीआई माले पार्टी के नाम में हेरफेर किए हैं, पम्पलेट भी गलत छपा है। इसलिए इनका नामांकन पत्र स्वीकृत भी नहीं किया जाना चाहिए था। चंद्रदेव महतो के नामंकान खारिज करने की चुनाव याचिका दायर की। शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की आदालत में सुनवाई हुई। वहीं हीरालाल संखवार के अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने बताया है कि 21 मार्च 2025 को न्ययालय ने दूसरे पक्ष सीपीआई माले से सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो को अपना पक्ष रखने का नोटिस जारी किया है।

### झामुमो से सर्वाधिक जोड़नेवाले मंडली सदस्य को पार्टी 10 हजार रुपए पुरस्कार देगी : मुश्ताक

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली की बैठक गुरुवार को संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में अनगड़ा डाक बंगला में हुई। मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक अमित महतो की उपस्थिति झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली द्वारा प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली गठित की गई। संयोजक मंडली द्वारा सर्वसम्मति से अनगड़ा प्रखंड के लिए 25 सदस्यीय संयोजक मंडली और नामकुम प्रखंड के लिए 20 सदस्यीय संयोजक मंडली गठित की गई। झामुमो अनगड़ा प्रखंड संयोजक प्रमुख जगेश्वर महतो और नामकुम प्रखंड संयोजक प्रमुख मोजाहिद हुसैन बनाए गए हैं। मुश्ताक आलम ने पार्टी को पंचायत स्तर तक मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक सदस्य जोड़ने वाले पंचायत पदाधिकारी को 10 हजार रुपये देकर पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ हेमलाल मेहता ने किया। मौके पर मधुसूदन मुंडा, रिझुआ मुंडा, अमानुल्लाह अंसारी, मायाराम बेदिया, पूरन बेदिया, गणेश बेदिया, सीताराम पातर, अमित सिंह मुंडा, दिनेश प्रजापति, धनेश्वर मुंडा, कृष्णा शंकर महतो, सज्जाद अंसारी, बाबूलाल मुंडा, राजू प्रमाणिक, खेदा महली, राजकिशोर महतो, वनमाली महतो आदि को अनगड़ा प्रखंड संयोजक सदस्य बनाया गया है। मौके पर पवन जेडिया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, संध्या गुड़िया और सोनू मुंडा आदि मौजूद थे।

### उत्तरी हवाओं से रांची में गिरा चार डिग्री पारा

**रांची।** राज्य भर में चल रही उत्तरी पश्चिमी हवाओं के कारण ठंड में फिर से बढोत्तरी हो गई है। यही वजह है कि एक ही दिन में तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को जहां रांची में अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री था वह शुक्रवार को बढ़कर 30 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री के मुकाबले शुक्रवार को 16.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि देश के उत्तरी हिस्से में हुई बर्फबारी की वजह से आनेवाली ठंडी हवाएं रूक गईं थी, लेकिन अब ये हवाएं देश के मध्य वर्ती और पूर्वी हिस्सों में आ रही हैं, जिससे ठंड में बढोत्तरी हुई है। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी से फिर से तापमान में बढोत्तरी होगी। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 35.4 डिग्री और सबसे कम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं शुक्रवार को जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 16.5, बोकारो में 33.1 और 17.1, चाईबासा में 33.4 और 17.6 तथा देवघर में अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गर्मजोशी और आतिथ्य ने मेरे राष्ट्रपति भवन दौरे को खास बना दिया: सचिन तेंदुलकर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने राष्ट्रपति भवन की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के "गर्मजोशी और आतिथ्य" के लिए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि हर पल बेहद निजी लगा। तेंदुलकर ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति और तेंदुलकर ने अमृत उद्यान का भी दौरा किया। "राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक अतिथि विंग में अपने परिवार के साथ रहना एक सम्मान की बात है, जिसे हम हमेशा याद रखेंगे। माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा दी गई गर्मजोशी और आतिथ्य ने इस यात्रा को खास बना दिया। सचिन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, "डिनर पर दिल से की गई बातचीत से लेकर



इतिहास से जुड़े गलियारों में घूमने तक, हर पल बेहद निजी लगा।

तेंदुलकर ने राष्ट्रपति भवन की पहल 'राष्ट्रपति भवन विमर्श सम्मेलन' के तहत एक संवादात्मक सत्र में हिस्सा लिया और एक क्रिकेटर के रूप में अपनी यात्रा के किस्सों के माध्यम से प्रेरणा के सिद्धांतों को साझा किया। "विमर्श सम्मेलन का हिस्सा बनकर आभारी हूं, यह एक खूबसूरत पहल है जो सार्थक बातचीत को बढ़ावा देती है और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा, "कुछ अनुभव हमेशा आपके साथ रहते हैं और यह उनमें से एक था।

## हर किसी को राष्ट्रपति भवन की भव्यता और विरासत को देखने के लिए वहां जाना चाहिए

इस सत्र में महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों और विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया, उन्होंने टीम वर्क, दूसरों का ख्याल रखने, दूसरों की सफलता का जश्न मनाने, कड़ी मेहनत, मानसिक और शारीरिक मजबूती विकसित करने और जीवन निर्माण के कई अन्य पहलुओं के महत्व पर प्रकाश डाला। पोस्ट के अंत में लिखा गया, "हर किसी को राष्ट्रपति भवन की भव्यता और विरासत को देखने के लिए वहां जाना चाहिए।" हाल ही में सचिन को बीसीसीआई के लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिसमें क्रिकेट के दिग्गज के असाधारण 24 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को मान्यता दी गई, जहां व्यक्तिगत उपलब्धियों और राष्ट्रीय जीत, चुनौतियों और जीत के माध्यम से उन्होंने न केवल अपने बल्ले बल्कि पूरे देश की उम्मीदों को आगे बढ़ाया। इसने न केवल एक क्रिकेटर को बल्कि एक ऐसी घटना को मान्यता दी, जिसने भारतीय क्रिकेट को एक वैश्विक महाशक्ति में बदल दिया।

## नाइजीरिया के स्कूल में लगी भीषण आग 17 बच्चों की मौत



**अबुजा (आईएएनएस)**। नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी इलाके में स्थित एक इस्लामिक स्कूल में लगी आग में कम से कम 17 बच्चों की मौत हो गई। देश की आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसी ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि बुधवार को जम्फारा राज्य के कौरा नमोदा जिले में यह भीषण हादसा हुआ। जब आग लगी, तब स्कूल में करीब 100 बच्चे मौजूद थे। एजेंसी के मुताबिक सत्रह बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। आग किस वजह से लगी यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि एजेंसी का कहना है कि अधिकारियों ने गुरुवार को आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## रूस की सेना में शामिल श्रीलंका के 59 नागरिकों की युद्ध में मौत

**कोलंबो (हि.स.)**। रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग में श्रीलंका के 59 नागरिकों की मौत हो चुकी है। यह सभी रूस की तरफ से लड़ाई लड़ते हुए मारे गए। श्रीलंका के विदेशमंत्री विजेता हेराथ ने आज संसद को यह जानकारी दी। डेली मिरर समाचार पत्र की खबर के अनुसार विपक्षी सदस्य एस श्रीधरन के एक प्रश्न के उत्तर में हेराथ ने कहा कि रूस की सेना में भर्ती श्रीलंका के 554 नागरिकों में से 59 की मौत 20 जनवरी तक हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस युद्ध में रूस और यूक्रेन के हजारों सैनिक मारे गए हैं। मॉस्को अपनी सेना में श्रीलंका ही नहीं, भारत और नेपाल के लोगों को भर्ती कर चुका है।

## अनियंत्रित भीड़ ने शेख हसीना की पार्टी के नेता के घर में लगाई आग



ढाका (हि.स.)। बांग्लादेश में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के परिवार और उनके सहयोगियों के खिलाफ भड़के शोले अंतरिम सरकार की चेतावनी के बावजूद ठंडे पड़ते नहीं दिख रहे। हसीना के पिता बंगबंधु और पति के आवास पर बुलडोजर चलाने के बाद अब उनकी पार्टी अवामी लीग के नेताओं के घरों पर आग लगाई जा रही है। अनियंत्रित भीड़ ने रात डेढ़ बजे राजधानी ढाका के बनानी में अवामी लीग सभापति मंडल के सदस्य शेख सेलिम के घर में आग लगा दी। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, पुलिस सुरक्षा की कमी के कारण दमकल विभाग के कर्मचारी रात 2:45 बजे तक मौके पर नहीं पहुंचे। इस दौरान घर आग की लपटों से घिरा रहा। इससे पहले बुधवार रात हजारों छात्रों और प्रदर्शनकारियों ने धानमंडी-32 स्थित बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के आवास में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। हमलावरों ने इमारत पर बुलडोजर चला दिया।

## फिलीपींस में अमेरिकी सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त चार लोगों की हुई मौत

**मनीला (फिलीपींस)**। अमेरिकी रक्षा विभाग का एक छोटा विमान गुरुवार को दक्षिणी फिलीपींस में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने दी। दुर्घटना दक्षिणी फिलीपींस के मगुइंडानाओ डेल सुर में हुई। विमान खेत में गिरा। दुर्घटना स्थल से आई तस्वीरों में बीचक्राफ्ट किंग एयर 350 का मलबा दिखाई दे रहा है, जिसकी पुष्टि अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने की है। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में अमेरिकी मरीन का एक सदस्य समेत तीन रक्षा कॉन्ट्रैक्टर (ठेकेदार) की मौत हो गई। अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने कहा कि छोटा विमान फिलीपींस के सहयोगियों के अनुरोध पर खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही सहायता प्रदान करते हुए एक नियमित मिशन पर था।

## भोपाल में हिंदू युवती से शादी रचाने पहुंचे मुस्लिम युवक की पिटाई

**भोपाल**। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हिंदूवादी संगठन से जुड़े कुछ लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। कहा जा रहा है कि युवक मुस्लिम है और वह हिंदू लड़की से शादी करने जा रहा था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दो युवक अन्य की पिटाई कर रहे हैं। युवक को पहले थप्पड़ मारते हैं और जब वह जमीन पर गिर जाता है तो उसके चेहरे पर पैरों से भी प्रहार करते नजर आ रहे हैं। पिटाई करने वाले युवक हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं तो वहीं जिसकी पिटाई हो रही है, वह नरसिंहपुर का निवासी मुस्लिम युवक है। मिली जानकारी के अनुसार, नरसिंहपुर का निवासी मुस्लिम युवक एक हिंदू लड़की से शादी करने भोपाल न्यायालय पहुंचा था।

# 10 से 19 वर्ष के हर 7 बच्चों में से 1 बच्चा किसी न किसी मानसिक समस्या से जूझ रहा है

## दुनिया में 30 करोड़ से ज्यादा लोग चिंता व तनाव से जूझ रहे हैं, 28 करोड़ लोग अवसाद का सामना कर रहे हैं

**ब्यूरो**

- परीक्षा नजदीक आने पर दबाव में आ जाते हैं बच्चे
- कोल्ड ड्रिंक भी बन रहा अवसाद का कारण
- सोशल मीडिया पर प्रतिदिन कोई एक घंटे बिताता है, तो उसमें अवसाद के लक्षण प्रतिवर्ष 40 फीसदी तक बढ़ जाते हैं

**नई दिल्ली**। विश्व स्वास्थ्य संगठन व संयुक्त राष्ट्र बाल कोष की 'मेंटल हेल्थ आफ चिल्ड्रन एंड यंग पीपल' नामक ताजा रपट के मुताबिक दुनिया में दस से उन्नीस वर्ष का प्रायः प्रत्येक सातवां बच्चा किसी न किसी मानसिक समस्या से जूझ रहा है। इन समस्याओं में अवसाद, बेचैनी और व्यवहार से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं। एक अनुमान के मुताबिक मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी लगभग एक तिहाई समस्याएं 14 साल की उम्र से पहले शुरू हो जाती हैं, जबकि इनमें से आधी समस्याएं 18 वर्ष से पहले सामने आने लगती हैं। जब मासूम बाल्यावस्था से किशोरावस्था की ओर कदम बढ़ाना आरंभ करते हैं, सामान्यतया उसी दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अलग-अलग समस्याएं उन्हें अपना शिकार बनाना शुरू कर देती हैं। यूनिसेफ की एक रपट के अनुसार भारत में सात में से एक बच्चा अवसाद का शिकार है। आंकड़ों की बात करें, तो देश के 14 फीसद बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य खराब है। इसी प्रकार, 'इंडियन जर्नल आफ साइकिएट्री' में वर्ष 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार भारत में पांच करोड़ से अधिक बच्चे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे थे। इनमें से ज्यादातर बच्चे तनाव, चिंता और अवसाद का सामना कर रहे थे। यूनिसेफ के एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के बाद



ये आंकड़े पहले की तुलना में कई गुना तक बढ़ गए हैं। डब्लूएचओ के आंकड़े बताते हैं कि पूरी दुनिया में 30 करोड़ से भी अधिक लोग चिंता व तनाव से जूझ रहे हैं, लगभग 28 करोड़ लोग अवसाद का सामना कर रहे हैं। विज्ञान पत्रिका 'द लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार आस्ट्रेलिया में 75 फीसद किशोर तनाव-चिंता और बेतहाशा अवसाद से जूझ रहे हैं। वहीं, दस से 18 वर्ष की आयु के 64 फीसद वयस्कों को तीन से अधिक बार खराब मानसिक स्वास्थ्य का दंश झेलना पड़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार किशोरावस्था के दौरान लड़के-लड़कियों में कई प्रकार के हार्मोन में और शारीरिक बदलाव होने के कारण उनकी सोच और व्यवहार में बदलाव आता है। इनके अतिरिक्त, उसी दौरान लड़के-लड़कियों को बोर्ड परीक्षाओं और करिअर को लेकर विषय चुनने जैसे दबावों और ऊहापोह वाली परिस्थितियों से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में, अगर उन्हें घर और विद्यालय में सहयोगी परिवेश नहीं मिले तो ये दबावों और ऊहापोह वाली परिस्थितियां प्रायः तनाव-चिंता और अवसाद का रूप ले लेती हैं। इसी प्रकार, जो बच्चे नियमित पढ़ाई-लिखाई नहीं करते, वे परीक्षाएं नजदीक आने पर अक्सर दबाव में आ जाते हैं।

वहीं, मनोचिकित्सकों का मानना है कि आजकल बच्चों में विफलताओं से निपटने की क्षमता कम होती जा रही है। कभी-कभी यह आनुवंशिक भी हो सकता है। इतना ही नहीं, हमारी प्रतिदिन की आदतों में शामिल हो चुके फास्ट फूड, शीतल पेय और सोशल मीडिया जैसे तत्त्व भी अवसाद का कारण बन रहे हैं। वर्ष 2024 में नेशनल लाइब्रेरी आफ मेडिसिन (एनएलएम) में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई थी कि 'अल्ट्रा प्रोसेस्ड और फास्ट फूड' खाने से व्यक्ति में तनाव और अवसाद का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है, जिसका सबसे अधिक खतरा वयस्कों को होता है, क्योंकि फास्ट और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के सबसे बड़े उपभोक्ता भी वही हैं। ऐसे ही, एनएलएम में 2022 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार चीनी से बने पदार्थ या 'ड्रिंक्स' का सेवन भी किशोरों के खराब मानसिक स्वास्थ्य की बड़ी वजह बन रहा है। जाहिर है कि 'एनर्जी ड्रिंक' या कोल्ड ड्रिंक के नाम पर मिल रहे इस प्रकार के पेय अवसाद का कारण बन सकते हैं। विज्ञान पत्रिका 'फ्रंटियर्स' में 2023 में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक जो किशोर प्रतिदिन सात घंटे से अधिक समय 'स्क्रीन' पर बिताते हैं, उन्हें अवसाद का शिकार बनने की आशंका अन्य की तुलना में दोगुने से भी अधिक होती है। इस अध्ययन के मुताबिक, अगर कोई सोशल मीडिया पर प्रतिदिन एक घंटे बिताता है, तो उस व्यक्ति में अवसाद के लक्षण प्रतिवर्ष 40 फीसद तक बढ़ जाते हैं। बीएमसी मेडिसिन में 2010 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार जो लड़के-लड़कियां किसी तरह के खेल, शारीरिक व्यायाम में भाग नहीं लेते, उनके अवसाद का शिकार बनने की आशंका अधिक होती है। उक्त अध्ययन में यह भी पता चला था कि प्रतिदिन एक घंटे शारीरिक व्यायाम से अवसाद एवं तनाव का जोखिम 95 फीसद तक कम हो जाता है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि बच्चों का खेल का समय बढ़ाने और 'स्क्रीन टाइम' घटाने का हर संभव प्रयास किया जाए, लेकिन जो बच्चे पहले ही तनाव और अवसाद का शिकार बन चुके हैं, उन्हें ठीक करने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है।

बच्चों को व्यावहारिक बनाने, उन्हें जीवन की वास्तविकताओं से अवगत कराने और जीवन के उतार-चढ़ाव को साझा करने की भी आवश्यकता है, क्योंकि मस्तिष्क का विकास जीवन और अनुभव के साथ होता जाता है। इसके अलावा, प्रतिदिन कम से कम एक बार पूरे परिवार को एक साथ भोजन अवश्य करना चाहिए। इस दौरान मोबाइल, टीवी आदि इलेक्ट्रानिक उपकरणों से दूरी बनी रहे, क्योंकि इससे परिवार में सामंजस्य बढ़ता है। बच्चों से संबंधित शोध एवं अध्ययन करने वाला प्रसिद्ध शोध संस्थान 'मरडोक चिल्ड्रन रिसर्च इंस्टीट्यूट' के तत्वावधान में किए गए इस अध्ययन में यह बताया गया है कि इन मामलों में चिकित्सीय देखभाल से अधिक जरूरत बच्चों को इन मानसिक बीमारियों से बचाने को लेकर रणनीति बनाने की है। वहीं, डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ की 'मेंटल हेल्थ ऑफ चिल्ड्रेन एंड यंग पीपल' नामक रपट में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए समुदाय आधारित मॉडल तैयार करने की बात कही गई है।

## बिना नोटिस व सुनवाई के तोड़-फोड़ मामले में पहले संबंधित हाईकोर्ट जाइए

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। सर्वोच्च न्यायालय ने संभल के अधिकारियों के विरुद्ध अवमानना कार्यवाही की मांग करने वाली याचिका




पर विचार करने से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता को पहले संबंधित उच्च न्यायालय में जाने को कहा। याचिका में दावा किया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने बीते साल दिए अपने आदेश में बिना पूर्व नोटिस व सुनवाई का मौका दिए बिना बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था। याचिका में आरोप लगाया गया है कि संभल में प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अदालत के आदेश की अवमानना की गई। याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा है कि 13 नवंबर 2024 को सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे देश में बुलडोजर से तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। अदालत के आदेश के बावजूद 10-11 जनवरी 2025 को संभल स्थित उसकी संपत्ति में बिना किसी पूर्व सूचना और उसका पक्ष सुने बगैर तोड़फोड़ की गई। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह अदालत के बीते साल नवंबर में दिए गए आदेश की अवमानना है। याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने को कहा। अदालत ने कहा कि 13 नवंबर, 2024 के अपने फैसले में उसने स्वतंत्रता दी थी कि यदि कोई उल्लंघन हुआ है, तो क्षेत्राधिकार वाला उच्च न्यायालय शिकायत पर विचार करने का हकदार होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता मोहम्मद गयूर की तरफ से पेश हुए वकील चांद कुरैशी से कहा कि 'वे याचिका उच्च न्यायालय में दायर करें। यह मामला उच्च न्यायालय द्वारा बेहतर तरीके से निपटाया जा सकता है।' याचिका में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे देश में एकतरफा बुलडोजर से तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगाई थी और 15 दिन पहले नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन नहीं किया गया और संभल में स्थित उसकी संपत्ति में बिना किसी पूर्व नोटिस के तोड़फोड़ की गई। उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत ने अपने नवंबर 2024 के फैसले में स्पष्ट किया कि वे सार्वजनिक स्थानों जैसे कि सड़कों, गलियों, फुटपाथों, रेलवे लाइनों या नदी या जल निकायों में अनधिकृत संरचनाओं को छोड़कर किसी की संपत्ति में तोड़फोड़ से पूर्व नोटिस देने का आदेश दिया था।

## सऊदी अरब में जमीन की कमी नहीं, बन सकता है एक फिलिस्तीनी राज्य : इजरायली पीएम

**तेल अवीव (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि सऊदी अरब के पास फिलिस्तीनियों को एक




राज्य प्रदान करने के लिए पर्याप्त भूमि है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'गाजा प्लान' पर बहस जारी है। इजरायली मीडिया के मुताबिक वाशिंगटन दौरे पर गए नेतन्याहू ने एक चैनल से इंटरव्यू के दौरान कहा, "सऊदी अरब में एक फिलिस्तीनी राज्य बन सकता है; उनके पास वहां बहुत जमीन है। इस बीच वाशिंगटन के होटल में फिल्माए गए वीडियो संदेश में इजरायली पीएम ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पर सुझाव को ध्यान से सुना जाना चाहिए क्योंकि यह सालों में सामने आया एक मौलिक विचार है।

नेतन्याहू पहले ही ट्रंप के गाजा प्लान का समर्थन कर चुके हैं जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार (4 जनवरी) को एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने अपने गाजा प्लान पेश किया था। ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका युद्ध से तबाह गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा और फिलिस्तीनियों को कहीं और बसाए जाने के बाद इसे आर्थिक रूप से विकसित करेगा। उन्होंने गाजा का विकास करने का प्रस्ताव रखते वक्त यह स्पष्ट कहा था कि फिलिस्तीनियों का विस्थापन स्थायी होगा। हालांकि बाद में व्हाइट हाउस में इस पर सफाई दी थी कि गाजा से कोई भी विस्थापन अस्थायी होगा।

### ट्रंप ने दोहराया गाजा प्लान, कहा- लड़ाई के अंत में इजरायल अमेरिका को सौंप देगा क्षेत्र

**वाशिंगटन**। डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा



पर अमेरिका के 'क जा' की अपनी विचार को दोहराया। ट्रंप ने अपनी योजना की घोषणा मगलवार रात को की थी। बुधवार को फिलिस्तीनियों और दुनिया भर के नेताओं ने इसे अस्वीकार कर दिया लेकिन ऐसा लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। ट्रंप ने गुरुवार को ट्रूथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, "लड़ाई के अंत में इजरायल गाजा पट्टी को संयुक्त राज्य अमेरिका को सौंप दिया देगा।

## पूर्व सरकारी बलों और ड्रग तस्करों के खिलाफ सीरियाई सेना का अभियान जारी



**दमिश्क (आईएएनएस)**

सीरिया के अंतरिम रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीरिया-लेबनानी सीमा पर पूर्व बशर अल-असद सरकार के बचे हुए बलों और ड्रग्स तस्करों के खिलाफ अभियान जारी है। युद्ध पर नजर रखने वाली संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार,सेना ने गुरुवार को भारी हथियार और ड्रोन भी तैनाती किए हैं। यह कदम लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह और एक ड्रग कार्टेल से जुड़े लड़ाकों को खत्म करने के लिए उठाया गया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि सेना ने होम्स के मध्य प्रांत के हाविक गांव में आतंकवादियों के ठिकानों को तोपखाने से निशाना बनाया। इसके परिणामस्वरूप कथित तौर पर दोनों पक्षों के लड़ाके हताहत हुए और पकड़े गए। ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि हमला कई सीमावर्ती गांवों और बीहड़ इलाकों तक फैला हुआ था, जिसके कारण कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई।

इस बीच होम्स प्रांत में मीडिया कार्यालय ने पुष्टि की कि सुरक्षा बलों ने अवैध हथियारों और तस्करी के मार्गों को बंद करने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया। इससे सीरियाई और लेबनानी स्थिरता दोनों के लिए खतरा पैदा करने वाली अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सकेगी।

